जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-256 ▶ मुंबई, सोमवार, 14 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य

गौहर ने रैम्प पर छिपाया बेबी बंप
पेज 11





मुर्शिदाबाद से भागे सैकड़ों लोग

▶▶ नदी पार मालदा में ली शरण
▶▶ प्रशासन कर रहा पूरी मदद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में फैली हिंसा से डरकर सैकड़ों लोग भागकर पास के मालदा जिले में पहुंच गए हैं। ये सभी लोग भागीरथी नदी पार कर नावों के जरिए मालदा पहुंचे हैं। जहां प्रशासन ने इन पीड़ित लोगों के लिए स्कूलों में अस्थायी ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की है। मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों जैसे सूती, धूलियन, जंगीपुर और समसेरगंज में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी। यह क्षेत्र मुस्लिम-बहुल है और प्रदर्शन धीरे-धीरे सांप्रदायिक तनाव में बदल गया। मालदा में एक स्वयंसेवी संगठन के सदस्य ने बताया कि अब तक 40 से 50 नावों में लोग धूलियन, सुईटी और जंगीपुर जैसे इलाकों से आए हैं। इन सभी को कालीचक तीन ब्लॉक के पल्लरपुर गांव में सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है।

400 हिन्दू नागरिक भागे : अधिकारी

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुसार 'धूलियन से करीब 400 हिंदू नागरिक डर के मारे भागकर भागीरथी नदी पार कर मालदा जिले के बैष्णवनगर इलाके में पहुंचे हैं। उन्हें पर लालपुर हाई स्कूल में ठहराया गया है।' उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति से कट्टरपंथी ताकतों का हौसला बढ़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि पीड़ितों को सुरक्षित वापस लाने की व्यवस्था की जाए।

पीड़ितों ने बताई हिंसा की दास्तां

धूलियन के मंदिरपाड़ा इलाके से भागी एक महिला ने बताया, 'हमारे घर जला दिए गए। कुछ बाहरी और स्थानीय लोगों ने मिलकर महिलाओं और लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया, पुरुषों को पीटा गया। हमें कहा गया कि हम इलाके को छोड़ दें। हमारी जान को खतरा था, इसलिए हमने केंद्रीय बलों की मदद से घर छोड़ा।' एक बुजुर्ग महिला ने रोते हुए कहा, 'हमने हाथ जोड़कर हमलावरों से माफी मांगी, जबकि हमने कुछ गलत नहीं किया था। वे हथियार लहराकर हमारे घरों में घुसे और हमें मारते-पीटते रहे। हम जैसे-तैसे कुछ सामान लेकर नदी पार कर भाग निकले। वरना हम मारे जाते।'

मालदा प्रशासन ने कीं व्यवस्थाएं

मालदा प्रशासन की ओर से पीड़ितों के लिए स्कूलों में ठहरने की व्यवस्था, खाने-पीने की सुविधा, नदी किनारे 20 युवकों की तैनाती, जो नावों से आने वालों की मदद कर रहे हैं। कालीचक तीन के बीडीओ सुकांत सिकदर ने बताया कि शनिवार दोपहर तक धीरे-धीरे लोग आ रहे थे, लेकिन बाद में संख्या बढ़ी है। बाइस्नबनगर की टीएमसी विधायक चंदना सरकार ने कहा कि प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर हर संभव मदद कर रहे हैं।

शेख हसीना के नाम गिरफ्तारी वारंट

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भ्रष्टाचार के एक और मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और भतीजी व ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी समेत 50 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर विचार करने के बाद राजनीतिक शक्ति का दुरुपयोग करके अवैध भूमि अधिग्रहण करने पर यह आदेश जारी किया। एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम ने कहा कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी आदेशों के निष्पादन पर रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है।

भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट का आदेश

हाल ही में एसीसी ने भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र जमा किए हैं। 10 अप्रैल को इसी अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन से संबंधित एक अलग भ्रष्टाचार मामले में हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इससे पहले 13 जनवरी को एसीसी ने रेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पुर्बाचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 प्लॉट हासिल करने का मामला दर्ज किया। इस मामले में भी पूर्व पीएम हसीना और रेहाना की बेटी ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक सहित 15 आरोपियों के नाम शामिल किए गए थे। मामले की जांच के बाद एसीसी ने 10 मार्च को 17 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

नायडू का मोदी को भूमि पूजन का न्योता

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती शहर को तैयार करने की परियोजना पर एक बार फिर तेज रफ्तार से काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 65,000 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाला है। इस परियोजना के भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता भेजा गया है। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी तैयार होगी। आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया है कि इस परियोजना का मकसद 'लोगों की राजधानी' बनाना है, जो दुनियाभर से कुशल प्रवासियों, उद्योगों, पेशेवरों और व्यवसायों को आकर्षित करे। इसे टोक्यो, सिंगापुर, एम्स्टर्डम की तर्ज पर बनाया जाएगा। पांच साल तक ये परियोजना ठंडे बस्ते में रही।

▶▶ अमरावती शहर तैयार करने की परियोजना
▶▶ परियोजना पर खर्च होंगे 65,000 करोड़

यूक्रेन में 21 से ज्यादा की मौत

कीव। यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस ने बड़ा घातक हमला किया। रूस के इस मिसाइल हमले में 21 से अधिक लोगों की मौत हो गई। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालांकि अभी घायलों की संख्या की जानकारी सामने नहीं आ पाई है। हमले के बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई है। यूक्रेनी शहर के कार्यवाहक महापौर ने रविवार को रूस के इस भीषण हमले की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि जब स्थानीय निवासी रविवार को 'पाम संडे' मनाने के लिए एकत्र हुए थे, तभी रूस ने घातक बैलिस्टिक मिसाइलों से यह हमला कर दी। ऐसे में वहां मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए और हमले में मारे गए।

▶▶ सूमी शहर पर रूसी मिसाइलों का कहर

आंध्र प्रदेश में आठ की मौत

- पटाखा फैक्ट्री में लगी आग
- सीएम नायडू ने जताया दुख

अनकापल्ली। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के कोटावुरातला मंडल के कैलासपट्टनम में रविवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई। खुद गृह मंत्री ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि अनकापल्ली जिले के कोटावुरातला में एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में श्रमिकों की मौत दुखी करने वाली है। उन्होंने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और राज्य की गृह मंत्री अनिता से फोन पर बात की और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि

सरकार पीड़ितों के परिवारों का सहयोग करेगी और उनसे मजबूत बने रहने का आग्रह किया। सीएम ने घटना की गहन जांच करने और उन्हें एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

बेटे को लेकर भारत लौटे पवन कल्याण

▶▶ स्कूल में आग की चपेट में आया था बेटा

हैदराबाद। साउथ सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण हैदराबाद लौट आए हैं। पवन कल्याण पिछले दिनों बेटे मार्क के स्कूल में आग लगने की खबर के बाद आनन-फानन में अपनी पत्नी अन्ना और बेटी पोलेना के साथ सिंगापुर रवाना हो गए थे। रविवार को अभिनेता अपने बेटे को लेकर सिंगापुर से लौट आए। इस दौरान उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां वह बेटे को सीने से चिपकाए बेहद शांत दिख रहे थे। हाल ही में सिंगापुर के रिवर वैली इलाके में स्थित एक स्कूल में आग लग गई थी। इस घटना में बिल्डिंग की दूसरी और तीसरी मंजिल आग की चपेट में आ गई थी, जिसके बाद दमकलकर्मियों ने खिड़कियों को तोड़ते हुए छात्रों को बाहर निकाला और आग से बचाया।

न्यूज BRIEF

पंजाब में दो आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस टीम ने रविवार को फिरोजपुर से जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह नाम के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये जर्मनी में बैठे गैंगस्टर से आतंकी बने गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों के गैंग का टेरर मॉड्यूल पंजाब में चला रहे थे। ये लोग गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नजदीकी बताए जाते हैं।

मुर्शिदाबाद : आठ कंपनियां तैनात

मुर्शिदाबाद। मुर्शिदाबाद के अशांत इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की कुल आठ कंपनियां तैनात की गईं हैं। एक कंपनी कोलकाता से तथा तीन कंपनियां जंगलमहल से रवाना हुईं हैं। झारखंड से सीआरपीएफ की एक कंपनी और आरएएफ सहित चार कंपनियां आईं हैं। पिछले कुछ दिनों में वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध तेज

हैदराबाद। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड 19 अप्रैल को वक्फ (संशोधन) कानून के खिलाफ हैदराबाद में एक बैठक करेगा। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह जनसभा एआईएमपीएलबी के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी के नेतृत्व में दारुस्सलाम में होगी।

कश्मीर में नशा तस्करों का सफाया करेगा 'सफा'

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान के बाद अब नशा तस्करों के खिलाफ लड़ाई तेज हो गई है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कश्मीर ने मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग के खिलाफ डॉग स्क्वायड की टीम तैनात की है। इसके लिए नए शामिल किए गए खोजी कुत्ते 'सफा' को उन्नत मादक पदार्थों की पहचान करने में प्रशिक्षित किया गया है। यह प्रतिबंधित मादक पदार्थों की पहचान करने और उनका पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के आईजी वीके बिर्दी ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ 'नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस' (एनडीपीएस) एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस नार्को टेरर और ड्रग तस्करों के खिलाफ सदैव प्रतिबद्ध है। उनकी संपत्ति भी जब्त की जा रही हैं। डॉग स्क्वायड की टीम से हेरोइन, भांग, अफीम और अन्य प्रतिबंधित पदार्थों जैसी अवैध दवाओं की पहचान करने और उनका पता लगाने में मदद मिलेगी।

ट्रंप का नया फरमान

30 दिन से ज्यादा रहे तो जुर्माना

एच-1 बी या छात्र परमिट पर नहीं होगा लागू

वाशिंगटन। विदेशी नागरिकों के लिए ट्रंप सरकार ने नया नियम लागू किया है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के आदेश के मुताबिक 30 दिनों से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहने वाले विदेशी नागरिकों को फेडरल गवर्नमेंट के अंतर्गत खुद को रजिस्टर कराना होगा। अगर आपको अंतिम निष्कासन का आदेश मिल गया है और उसके बाद भी आप अमेरिका नहीं छोड़ते हैं तो आपको प्रतिदिन के हिसाब से 998 डॉलर का जुर्माना देना होगा। अमेरिका से खुद को डिपोर्ट करने में फेल होने पर 1000 से 5000 डॉलर के बीच जुर्माना चुका होगा या फिर जेल भी जाना पड़ सकता है। ट्रंप सरकार का ये फैसला सीधे तौर पर उन लोगों को प्रभावित नहीं करेगा जो एच-1 बी या छात्र परमिट जैसे वीजा पर अमेरिका में रह रहे हैं। इसके अलावा अन्य विदेशी नागरिकों पर ये नियम लागू होगा। एच-1 बी वीजा पर जब कोई व्यक्ति नौकरी खो देता है, लेकिन तय सीमा के भीतर देश से बाहर नहीं जाता है तो उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इस नियम के चलते अब छात्रों और एच-1 बी वीजा धारकों को समय रहते कागजी कार्रवाई पूरा करना होगा।

यूपी में लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़

13 युवकों को बनाया शिकार

हरदोई। यूपी के हरदोई में एक लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ हुआ है, जो शादी का झांसा देकर पहले युवकों और उसके परिवार को भरोसे में लेता था और फिर उन्हें लूटकर फरार हो जाता था। इस गैंग की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इस गैंग ने अब तक आस-पास के जिलों के 13 युवकों को चूना लगाया है। पूरा मामला 23 जनवरी 2025 का है। नीरज गुप्ता नाम के व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस में ये रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रमोद नाम का व्यक्ति अपनी पोती पूजा की शादी कराने के बहाने रजिस्टार कार्यालय ले गया था। वहां विवाह के कागजात बनवाए गए और वहीं नीरज ने पूजा को कैश और जेवर सौंप दिए।

सबको दिया शादी का झांसा

हरदोई से तीन महिलाएं धरीं

इंडियन एयरफोर्स पर साइबर अटैक

नई दिल्ली। भारत ने म्यांमार में आए भूकंप के बाद ऑपरेशन ब्रह्मा को लॉन्च किया है। भारतीय वायुसेना के विमानों ने तुरंत मोर्चा संभाला। पहला एयरक्राफ्ट C-130J दिल्ली से राहत बचाव दल के साथ रवाना हुआ। इसके बाद कई और एयरक्राफ्ट को लॉन्च किया गया। लेकिन जो भारतीय वायुसेना के पायलटों को म्यांमार में झेलना पड़ा, वह अजीब था। जब विमान म्यांमार के एयर स्पेस में उड़ान भर रहा था तो उनके जीपीएस सिंग्नल के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी। इसे स्पूफिंग कहा जाता है। यानी कि जो डाटा जीपीएस दिखा रहा था, वह गलत था। इस तरह की स्पूफिंग का पता चलते ही तुरंत दूसरे अन्य नेविगेशन सिस्टम और पद्धती से एयरक्राफ्ट को ऑपरेट किया गया। हर एयरक्राफ्ट में जीपीएफ की मदद के लिए इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम मौजूद होता है। यह एक नेविगेशन का सबसे पुरानी पद्धति है। पुराने समय में समुद्र में जहाजों को नेविगेट करने में इस्तेमाल किया जाता था। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि अगर कोई सैटेलाइट जीपीएस को ब्रीच करके उसे बाधित करता है, तो आईएनएस के जरिए अपने सही रूट पर जा सकता है।

▶▶ म्यांमार के एयरस्पेस में जीपीएस स्पूफिंग
▶▶ पाक-म्यांमार सीमा पर बढ़े स्पूफिंग केस

राणा ने बनाया था 33 बीमारियों का बहाना



नई दिल्ली। आतंकी तहव्वुर राणा किसी भी तरह से भारत नहीं आना चाहता था। उसने हर हथकंडा अपनाया। मगर काम नहीं आया। बस उसे इतना ही हासिल हो सका कि प्रत्यर्पण में भारत को देरी का सामना करना पड़ा। मगर अब तहव्वुर राणा भारतीय एजेंसियों के शिकंजे में है। तहव्वुर राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने की खातिर हर कानूनी दांव पेंच अपनाया। फरवरी में पीएम मोदी के सामने डोनाल्ड ट्रंप ने राणा को भारत भेजने का एलान किया था। इसके बाद उसने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के सामने भारत न भेजने की अपील की थी। उसने दावा किया था कि वह पाकिस्तान मूल का है। इस वजह से उसे वहां प्रताड़ित किया जा सकता है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने उसकी अपील को खारिज कर दिया। तहव्वुर राणा के वकील जॉन डी क्लाइन ने 21 जनवरी 2025 को अमेरिकी विदेश विभाग को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने प्रत्यर्पण रोकने की कोशिश की। इसके पीछे 33 से अधिक स्वास्थ्य कारणों और भारत में मिलने वाली यातनाओं का हवाला दिया। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी। मुकदमे के इंतजार में राणा स्वास्थ्य कारणों से भारत में ही मर सकता है।

- भारत आने से बचने कई हथकंडे अपनाए
- ट्रंप प्रशासन ने नहीं सुनी एक भी दलील

मेट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए प्यार

लड़के से 2.68 करोड़ की ठगी

नॉर्थ कैरोलिना। वेंकट कलगा, आंध्र प्रदेश का रहने वाला युवक जो वर्तमान में अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करता है। उसे एक जीवनसाथी की तलाश थी। इसी तलाश में वेंकट ने भारत की एक प्रतिष्ठित मेट्रोमोनियल वेबसाइट पर प्रोफाइल बनाया। कुछ ही दिनों में उसकी नजर एक बेहद आकर्षक प्रोफाइल पर पड़ी। प्रोफाइल पर दिखने वाली युवती बेहद खूबसूरत थी-इंस्टाग्राम मॉडल जैसी पर्सनालिटी, सरल बातें और पारिवारिक संस्कारों की झलक। नाम था बरखा जैसवानी। इंदौर की निवासी।

वेंकट ने उस प्रोफाइल से संपर्क किया। बातचीत वॉट्सएप पर शिफ्ट हो गई, फिर कॉल्स होने लगीं। धीरे-धीरे दोस्ती ने गहराई ली और बरखा ने कहा कि वह भी शादी को लेकर गंभीर है। कुछ ही दिनों में बरखा ने अपनी परेशानियां साझा करनी शुरू कीं-बीमारी, घर की आर्थिक दिक्कतें, कर्ज और फिर अमेरिका आकर मिलने की इच्छा। इन्हीं भावनात्मक बातों में फंसा वेंकट लगातार अपनी सेविंग्स से उसे पैसे भेजता गया। अप्रैल 2023 से जून 2024 तक वेंकट ने अलग-अलग खातों में कुल दो करोड़ 68 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। कभी मेडिकल इमरजेंसी, कभी फ्लाइट टिकट, तो कभी घर के खर्चों के बहाने से पैसे मांगे गए। इसी दौरान वेंकट को धीरे-धीरे शक होने लगा। उसने वीडियो कॉल करने की जिद की और यहीं से कहानी में आया ट्विस्ट। वीडियो कॉल पर न तो वो चेहरा था, न ही वो प्रोफेशन, जो बरखा ने बताया था। शक गहराया तो वेंकट अमेरिका से भारत आया और सीधे इंदौर पुलिस के पास पहुंचा। उसने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज करवाई। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने इस मामले की जांच शुरू की और मामला सामने आते ही साइबर फ्रॉड की परतें खुलने लगीं। जांच में पता चला कि जिस प्रोफाइल से वेंकट को फंसाया गया, उसमें इस्तेमाल की गई तस्वीरें इंस्टाग्राम मॉडल की थीं।

- युवक अमेरिका का और लड़की इंदौर की
- अमेरिका से इंदौर आया युवक तो खुला केस

बुजुर्ग से दो करोड़ की ठगी

▸▸ फेसबुक पर हुआ संपर्क

▸▸ शेयर मार्केट में बेहतर रिटर्न का दिया लालच

▸▸ साइबर टीम ने आरोपी को पकड़ा

पुणे। पुणे से सटे पिंपरी-चिंचवड़ की साइबर पुलिस ने एक ऐसे शातिर को पकड़ा है, जो अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ठग गिरोह से जुड़ा हुआ था। आरोपी ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटे रिटर्न का लालच देकर दो करोड़ 52 लाख 96 हजार रुपए की ठगी की। साइबर पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पीड़ित बुजुर्ग से फेसबुक के जरिए संपर्क किया। उसने खुद को एक निवेश सलाहकार बताया और शेयर मार्केट में इनवेस्टमेंट पर बेहतर रिटर्न का लालच दिया। शुरुआत में थोड़ा बहुत प्रॉफिट दिखाकर बुजुर्ग को भरोसे में लिया और बार-बार इनवेस्टमेंट करने को कहा। बुजुर्ग ने भरोसे में आकर 2.52 करोड़ रुपए दे दिए। इसके बाद जब काफी समय के बाद भी पैसे वापस नहीं मिले, तो बुजुर्ग को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुका है। इस पर पीड़ित ने पिंपरी-चिंचवड़ की साइबर पुलिस से मामले की शिकायत की।

आरोपी बीड से गिरफ्तार

मामला करोड़ों का था, इसलिए सहायक पुलिस निरीक्षक प्रवीण स्वामी, सागर पोमन, वैभव पाटिल और विद्या पाटिल की अगुवाई में टीम ने जांच शुरू की बैंक खातों की जांच और टेक्निकल एनालिसिस से पता चला कि जिस खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए थे, वह महाराष्ट्र के बीड जिले में है। साइबर पुलिस ने आरोपी बालासाहेब सखाराम चौरे को बीड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो पता चला कि बालासाहेब चौरे दुबई में रह रहे गणेश काले नाम के व्यक्ति और एक पाकिस्तानी नागरिक के सीधे

शिंदे गुट के नेता पर हमला

उल्हासनगर। उल्हासनगर में शिवसेना (शिंदे गुट) के विभाग प्रमुख प्रमोद पांडेय पर शुक्रवार की देर रात हमला हुआ, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे घटी। जानकारी के मुताबिक 2 दिन पहले उद्धव गुट के कुछ कार्यकर्ता शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए थे।इसके बाद हमले की घटना हुई। शिंदे गुट के नेता प्रमोद पांडे ने उद्धव गुट के लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। प्रमोद पांडेय ने बताया कि उद्धव गुट के कार्यकर्ता गौतम शरण ने मुझे फोन किया और उल्हासनगर के शहाड फाटक इलाके में मुलाकात करने के लिए बुलाया। जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो उन पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला किया गया। आरोपियों ने बेरहमी से मारपीट की।

पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

रेलवे हॉस्पिटल गांधीधाम में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित

▸▸ शिविर में 83 रेलवे लाभार्थियों ने लिया भाग

गांधीधाम। पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के सब डिवीज़नल रेलवे अस्पताल, गांधीधाम में कैंसर स्क्रीनिंग, स्त्री रोग, थायरॉइड संबंधी समस्याएं एवं दंत रोगों की जांच हेतु एक व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन डिवाइन लाइफ हॉस्पिटल, गांधीधाम तथा एसएसओ कैंसर केयर, अहमदाबाद के सहयोग से किया गया। इस शिविर में कुल 83 रेलवे लाभार्थियों ने भाग लिया और उन्होंने चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक उपचार प्राप्त किया। इन लाभार्थियों में से कुल सात संदिग्ध मामलों की पहचान की गई, जिनमें संभावित कैंसर एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याएं शामिल थीं। इनमें एक थायरॉइड कैंसर का संदिग्ध मामला, एक सर्वाइकल टीबी का मामला, तीन मुंह के कैंसर के संदिग्ध मामले, एक फाइब्रोएडेनोसिस एवं एक लाइपोमा का केस शामिल है। स्त्री रोग की श्रेणी में तीन मामलों की पहचान की गई। एक वेजाइनल कैंडिडायसिस, एक पोस्टमेनोपॉज़ल रक्तस्राव, तथा एक व्हाइट डिस्चार्ज का मामला शामिल है। जाँच के अंतर्गत कुल 15 सैंपल लिए गए, जिनमें 7 पैप स्मीयर और 10 रक्त सैंपल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 5 अल्ट्रासोनोग्राफी (यूएसजी) रेडियोलॉजिकल जांचें भी की गईं। दंत चिकित्सा टीम द्वारा कुल 10 रोगियों की जांच एवं उपचार किया गया, जिसमें 3 स्केलिंग, 2 रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी), एक फिलिंग, 2 कैपिंग और 2 एक्सट्रैक्शन की प्रक्रियाएं सम्मिलित है। यह पहल सब-डिवीज़नल रेलवे अस्पताल, गांधीधाम एवं सहयोगी संस्थानों की रेलवे लाभार्थियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान एवं निवारक देखभाल को बढ़ावा दिया गया है।

पू.सी. रेलवे : वित्त वर्ष 2024-25

10.681 एमटी माल लोड

▸▸ पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 4.3% की वृद्धि

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए दिन-रात समर्पित होकर कार्य कर रहा है और यह सुनिश्चित करता है कि समय पर आवश्यक वस्तुएं अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुँचे। माल परिवहन में निरंतर प्रगति दर्शाते हुए पू. सी. रेलवे ने मार्च, 2025 में विभिन्न सामग्रियों के 1.054 मिलियन टन (एमटी) लोडिंग दर्ज की। मार्च, 2025 के दौरान, कुछ वस्तुओं ने माल लोडिंग में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। सीमेंट लोडिंग में 9.6%, जबकि डोलोमाइट लोडिंग में 9.1%, फर्टिलाइजर लोडिंग में 28.6% और अन्य सामानों की लोडिंग में 9.6% की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में अन्य क्षेत्रों जैसे आलू लोडिंग में 54.5%, स्टोन चिप्स में 61.9% और विविध लोडिंग में उल्लेखनीय 7.4% की वृद्धि दर्ज की गई। माल लोडिंग में निरंतर वृद्धि इस क्षेत्र में बढ़ती आर्थिक गतिविधि को दर्शाती है। वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 तक) में, पू. सी. रेलवे का संचयी माल लोडिंग 10.681 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.3% की वृद्धि दर्शाता है। इस ऊपर की ओर की बढ़ती प्रवृत्ति ने न केवल इस क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को मजबूत किया है, बल्कि पू. सी. रेलवे के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आगे बढ़ते हुए, पू. सी. रेलवे तकनीकी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य सेवा विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाना है तथा माल परिवहन में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है।

महाराष्ट्र के मंदिरों में ड्रेस कोड : परंपरागत परिधानों में दिखे लोग

मुंबई। महाराष्ट्र के मंदिरों में परंपरागत परिधान पहनने का चलन बढ़ गया है। मंदिर प्रबंधनों के ड्रेस कोड लागू करने के साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालु भी इसका सहजता से पालन कर रहे हैं। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि मंदिरों में उचित परिधान पहनना अच्छी बात है लेकिन इन दिशा-निर्देशों को जबरदस्ती लागू नहीं करना चाहिए। मंदिर प्रबंधों ने धार्मिक स्थलों की शुद्धता और शुचिता को बनाए रखने के लिए वहां परंपरा अनुरूप ही ड्रेस कोड के पालन के आग्रह के बाद से मंदिरों में बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं को परंपरागत वेशभूषा में देखा जा सकता है। हालांकि, मंदिर प्रबंधनों का यह भी कहना है कि ड्रेस कोड धार्मिक स्थानों पर पवित्रता बनाए रखने के लिए निर्धारित किए गए हैं। लेकिन यह अनिवार्य नहीं है। चिंचवाड़ देवस्थान ट्रस्ट के तहत संचालित होने वाले मंदिरों में ड्रेस कोड लागू किए गए हैं।

नागपुर में तैनात आईपीएस अधिकारी

महिला डॉक्टर को शादी का झांसा दे किया रेप

नागपुर। नागपुर में तैनात एक आईपीएस अफसर के खिलाफ महिला के डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाया है। पीड़िता ने नागपुर के इमामबाड़ा थाने में आरोपी आईपीएस के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला डॉक्टर ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी के साथ उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। पीड़िता के मुताबिक उन दिनों वह खुद एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी। आरोपी खुद भी यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। उनके बीच पहले दोस्ती थी। यह दोस्ती कब प्यार में बदल गई, उन्हें खुद पता नहीं चला। इस प्यार की वजह से दोनों अक्सर मिलने लगे।

इसी दौरान आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और कई बार उसके साथ संबंध भी बनाए। पीड़िता के मुताबिक इसी बीच उसका एमबीबीएस पूरा हो गया। वहीं दूसरी ओर आरोपी का भी यूपीएससी में चयन हो गया।

पुलिस को दिए शिकायत में पीड़िता ने बताया कि आईपीएस बनते ही आरोपी ने उससे किनारा करना शुरू कर दिया। वहीं पूछने पर उसने साफ तौर पर शादी से इनकार कर दिया। ऐसे में पीड़िता ने आरोपी के परिजनों से गुहार लगाई, लेकिन उन लोगों ने भी कोई रिस्पांस नहीं दिया। आखिरकार थकहार कर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दी है। बताया कि आरोपी फिलहाल उत्तर महाराष्ट्र के एक जिले में पोस्टेड है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस ने इस संबंध में आरोपी आईपीएस अधिकारी को नोटिस देकर बयान देने को कहा है। हालांकि विभागीय मामला होने की वजह से कोई भी पुलिस अधिकारी इस संबंध में कोई भी आधिकारिक बयान देने से बच रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले की तकनीकी जांच कराई जा रही है।

साबरमती-गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस बहाल

साबरमती। पूर्वोत्तर रेलवे के कुसम्ही-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन के संबंध में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन संख्या 19409/19410 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस जिसे पूर्व में निरस्त अधिसूचित किया गया था अब यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन को रिशेड्यूल समय के साथ बहाल कर दिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है।

1.17, 19, 24, 26 अप्रैल तथा 1 मई को ट्रेन संख्या 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस को बहाल कर दिया है, यह ट्रेन साबरमती से 4 घंटे रिशेड्यूल रहेगी तथा 24,26 अप्रैल और 1 मई को साबरमती से चलने वाली ट्रेन संख्या 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस बस्ती स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट (समाप्त) होगी एवं बस्ती-गोरखपुर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **2.**19,21, 26, 28 अप्रैल तथा 3 मई की ट्रेन संख्या 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस को बहाल कर दिया है तथा 26, 28 अप्रैल तथा 3 मई 2025 की ट्रेन संख्या 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस बस्ती स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट (प्रारंभ) होगी तथा यह ट्रेन गोरखपुर-बस्ती के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

ऐरोली में डॉ आंबेडकर स्मारक

तीन साल में 3.61 लाख लोगों ने किया दीदार

नवी मुंबई। नवी मुंबई मनपा द्वारा ऐरोली सेक्टर 15 में निर्मित भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का यह भव्यतम स्मारक देश-विदेश के विभिन्न स्मारकों की तुलना में अत्यंत अलग और विशिष्ट है तथा 'ज्ञान ही शक्ति है' इस प्रेरणादायी विचार का मूर्त स्वरूप है। ऐसा अभिप्राय स्मारक को देखने आए विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ-साथ लाखों आम नागरिकों ने व्यक्त किया है। बाबासाहेब का यह बिना प्रतिमा वाला स्मारक यहां स्थित समृद्ध पुस्तकालय और अन्य अनेक सुविधा कक्षों के माध्यम से बाबासाहेब के विचारों का हर स्थान पर दर्शन कराता है और ऐसा अनुभव देता है मानो बाबासाहेब स्वयं हमारे साथ उपस्थित हैं। ऐसा अनुभव कई विचारकों और स्मारक के आगंतुकों ने व्याख्यानों के दौरान समय-समय पर खुलकर साझा किया है। 5 दिसंबर 2021 को भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर स्मारक की विविध अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण हुआ था। तब से लेकर बीते 3 वर्ष 4 महीनों में, अर्थात 12 अप्रैल तक, स्मारक को देश-विदेश से कुल 3 लाख 61 हजार से अधिक नागरिकों ने रजिस्टर में नाम दर्ज कर दौरा किया है और हर किसी ने इस स्मारक की भव्यता और विशिष्टता की मुक्तकंठ से सराहना की है।

- स्मारक का दौरा कर किया वैचारिक अभिवादन
- डॉ आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस आज

इस स्मारक में बाबासाहेब के जीवन का परिचय करानेवाले दुर्लभ छायाचित्रों का कक्ष, ऑडियो-विजुअल सुविधाओं से युक्त समृद्ध ई-लाइब्रेरी और पुस्तकालय, अत्याधुनिक होलोग्राफिक वर्चुअल मूवी प्रणाली से बाबासाहेब का प्रत्यक्ष भाषण सुनने की सुविधा, एक साथ 200 व्यक्तियों के ध्यान के लिए उपयुक्त ध्यान केंद्र, संविधान से संबंधित पुस्तकों का विशेष कक्ष और 250 आसनों की क्षमता वाला वातानुकूलित सभागृह जैसी उत्तम दर्जे की सुविधाएं इस स्मारक को विशिष्ट बनाती हैं।

नवी मुंबई मनपा

अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नवी मुंबई। सभी क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन हो रहा है और इन परिवर्तनों को स्वीकार कर स्वयं को अद्यतन बनाए रखना समय की मांग है। विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के जानकारीपूर्ण व्याख्यानों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान का उपयोग संस्था की प्रगति हेतु अधिकारी एवं कर्मचारी करें तथा इससे जनता को और बेहतर सेवा देने हेतु क्रियाशील बनें।

इस दृष्टि से नमुंमपा अधिकारियों को ए.आई. तकनीक का कार्यालयीन कार्यों में उपयोग करने का उद्देश्य रखते हुए विजयभूमि विश्वविद्यालय के निदेशक तथा ए.आई. विशेषज्ञ डॉ. अर्पित यादव और एसोसिएट डीन डॉ. सालुर पटनायक के विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इसमें उन्होंने ए.आई. तकनीक की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रात्यक्षिकों के माध्यम से ए.आई. उपयोग का अभ्यास कराया। इसके लिए प्रशासन विभाग ने उपस्थित सभी लोगों को पहले से ही लैपटॉप अथवा टैब लाने की सूचना दी थी। मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी सत्यवान उबाले ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि बजट के अनुसार प्रत्येक विभाग को आय और व्यय की दिशा में किस प्रकार की योजना बनानी चाहिए। आयुक्त ने बजट में प्रस्तुत किए गए 147 संकल्पों को नवी मुंबई शहर का विजन बताया और उसके अनुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया। द्वितीय सत्र में नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में सड़कों, उद्यानों, जलापूर्ति आदि सुविधाओं की गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विकसित 'दक्ष ऐप' की जानकारी देने वाला प्रस्तुतीकरण नानासाहेब जाधव द्वारा किया गया। पोषण विशेषज्ञ शिल्पी मल्होत्रा ने कहा कि स्वास्थ्य की देखभाल हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बीमारी से दूर रहने के लिए किए जाने वाले दैनिक व्यायाम, योगासन और आहार पर विस्तृत जानकारी दी और उपस्थितों के साथ संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। सम्मोहन विशेषज्ञ नवनाथ गायकवाड़ ने अत्यंत खुली शैली में 'स्वयं प्रबंधन और क्षमतावृद्धि' विषय पर उपस्थितों के साथ हँसते-खेलते संवाद करते हुए तनावमुक्त जीवन के महत्व को बताया और इसके लिए की जाने वाली छोटी-छोटी बातों के प्रात्यक्षिक कराए।

उधना-दानापुर के बीच अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

दानापुर। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा चल रही गर्मी की छुट्टियों के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना एवं दानापुर के बीच विशेष किराए पर एक अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार ट्रेन संख्या 09053 उधना-दानापुर स्पेशल 14 अप्रैल को उधना से 06:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09054 दानापुर-उधना स्पेशल मंगलवार, 15 अप्रैल को दानापुर से 16:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22:30 बजे उधना पहुंचेगी।

स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट

निविदा सूचना संख्या: S/50/Sr.DMM/KIR/PUB/e-Tender/2025-26/01, दिनांक: 08-04-2025. निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.:1; निविदा संख्या: KT255204;

बंद होने/खोलने की तिथि: 01-05-2025. मात्रा : 16 संख्या।

संक्षिप्त विवरण: मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) की आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, वायरिंग, परीक्षण और प्रवर्तन।

कॉन्साइनी:- एसएसई/एसआईजी/न्यू जलपाईगुड़ी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल)।

टिप्पणी: निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

मंडल सामग्री प्रबंधक, कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सृष्ट मौलिक वस्तु परमात्मा से सृजित : श्री श्री आनन्दमूर्ति

किसी चीज की सृष्टि होती है जब उसे कहा जाता है सम्भूति । किन्तु जब मनुष्य कोई मौलिक वस्तु की सहायता से नई वस्तु उत्पन्न करता है तब उसे सम्भूति नहीं कहा जाता । ऐसी कुछ मौलिक वस्तुएँ हैं जिन्हे मनुष्य उत्पन्न नहीं कर सकता, किन्तु इन वस्तुओं की सहायता से से अन्य वस्तुओं को तैयार कर सकता है । इन सब वस्तुओं को कहा जाता है मौलिक पदार्थ एवं ये सभी ही सम्भूति के अन्तर्गत हैं । सम्भूति परमात्मा की एक विशेष सृष्टि है ।

विनाश कहने से ठीक क्या समझते हैं? । हम इस प्रकार के तीन शब्द पाते हैं-नाश, विनाश और प्रणाश । साधारण बोलचाल में हम जिसे ध्वंस कहते है, वही हुआ नाश, जो वस्तु एक बार रुपान्तरित हो जाने पर और अब उसे पूर्वावस्था में वापस नहीं पाया जाता उसे कहते है - विनाश । उदाहरण स्वरुप, एक पाँच वर्ष का बालक पच्चीस वर्ष के तरुण में रुपान्तरित होता है । यहाँ पर विराट रुप में एक परिवर्तन हुआ । पाँच वर्ष की उम्र के तन का क्या हुआ ? - वह विनाश को प्राप्त हुआ । और जो वस्तु ध्वंस के बाद वह जो मौलिक पदार्थ उससे उत्पन्न हुई थी, उसमें ही लय प्राप्त हुआ, उसे कहते हैं 'प्रणाश'। यहाँ भी ध्वंस हुआ है, तब वह ध्वंस अन्य प्रकार का हुआ । जैसे मान लो, आटा लिया गया और उस आटा से पूड़ी तैयार की गई ।

इस पूड़ी को यदि पुनः आटा में रुपान्तरित किया जाय तब तो वह प्रणाश हुआ । अन्य एक उदाहरण दिया जा सकता है । चीनी तैयार होती है गन्ने के रस से । अब चीनी को गन्ना के रस में रुपान्तरीत किया जाय तब वह होगा चीनी का प्रणाश । संक्षेप में :सम्भूति' शब्द का माने हुआ मौलिक सृष्टि तथा उस प्रकार के ध्वंस को कहेंगे विनाश, जो चरम ध्वंस है तथा जिसे पुनः मौलिक वस्तु के रुप में वापस नहीं लाया जा सकता है । अब सम्भूति के सम्पर्क में विस्तृत अलोचना की जाय । जिन सब सृष्ट मौलिक वस्तु को हम विश्व-ब्रह्माण्ड में देख पाते हैं वह सब कुछ ही परमात्मा से सृजित हैं । अतएव छोटी बड़ी सभी वस्तु ही परमात्मा की सम्भूति हैं । सम्भूति या सृष्टि की कुछ धारायें हैं -जैसे, एक तरफ है जड़ जगत् अन्य तरफ है उद्भिद् जगत् । चेतन और अचेतन वस्तु कालक्रम में विभिन्न शाखा प्रशाखा में विभक्त हो गई हैं और ये सभी विभाग भी परमात्मा की सृष्टि हैं । उनको अवतार भी कहा जा सकता है । जब परम पुरुष स्वयं किसी जड़ वस्तु में वर्तमान हैं, तब उस जड़ वस्तु को परम पुरुष का अवतार कहा जाता है ।

परमात्मा की सृष्टि कितनी वैचित्र्यपूर्ण है ! हरेक वस्तु में कितना अन्तर है । ऐसा कि, उद्भिद जगत् में भी कोई उद्भिद् अत्यन्त ही उन्नत है और कोई उद्भिद् एकदम अनुन्नत है । जीवकोटि की उन्नति होती है सांस्कृतिक और मानसिक प्रतिक्रिया के फल से । उदाहरण स्वरुप, आज के बुध्दि विवर्जित मनुष्य की भी एक दिन विवर्तन धारा में क्रमशः उन्नति होगी ही । इसके लिए कभी भी कोई चिन्ताग्रस्त होने का कोई कारण नहीं है । परमपुरुष जिनके सहायक हैं वे एकदिन परमपुरुष में मिल कर एक हो जायेंगे । जीवकोटि की तरह सृष्टि के अन्यान्य विभाग समूह परमपुरुष से उद्भूत है । तुम्हारा दैहिक सामर्थ्य, तुम्हारी सभी बौध्दिक तथा आत्मिक शक्ति - यह सभी तुम्हारी अपनी नहीं है । यह सब कुछ भी आया है उस परमपुरुष से । तुम जो भी हो, इसकी भी एक सीमा है । शक्ति का उत्स हैं परमपुरुष । जीवनकोटि में इस तरह का विकाश एक विशेष सीमा तक सम्भव है । प्राणी के उन्नति की सीमा सीमित है । इसके लिए उनको जीवकोटि कहा जाता है यहीं पर पार्थक्य है । मान लो, कोई मनुष्य अनुशीलन के द्वारा अपनी शारीरिक शक्ति की उन्नति कर रहा है । यह उन्नति एक विशेष सीमा तक होगी । मानव देह का गठन ही ऐसा है कि एक विशेष स्तर से अधिक उन्नति करन में असमर्थ है ।

प्रस्तुतिः
दिव्यचेतनानन्द अवधूत

घर में मृत मिली महिला डॉक्टर

सिर पर मिले चोट के निशान

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक 50 वर्षीय महिला डॉक्टर अपने घर में मृत पाई गई, जिसके सिर पर चोट के निशान थे।इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि महिला का शव शनिवार रात हुडकेश्वर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत लाडीकर लेआउट में उसके घर में मिला। पीड़िता डॉ. अर्चना अनिल राहुले सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग में सहायक प्रोफेसर थीं। पुलिस के अनुसार अर्चना अकेली रहती थीं, क्योंकि उनके पति डॉ. अनिल राहुले रायपुर (छत्तीसगढ़) में काम करते हैं और उनका बेटा, जो तीसरे वर्ष का मेडिकल छात्र है, पुणे में पढ़ता है। पीड़िता के पति ने कई दिनों के बाद घर लौटने पर रात करीब 9.30 बजे शव देखा। घर पहुंचते ही पति ने देखा कि मुख्य दरवाजा बंद है और घर से दुर्गंध आ रही है। इसके बाद जब वह कमरे में गए तो पत्नी का शव बेड पर पड़ा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी है, जिससे पता चलता है कि उस पर हमला किया गया था और उसकी मौत तीन दिन पहले हुई होगी।क्योंकि शव सड़ना शुरू हो गया था। हुडकेश्वर पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।अधिकारी ने कहा कि अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। हम यह जांच कर रहे हैं कि घर से कुछ गायब तो नहीं है, ताकि डकैती की संभावना का पता लगाया जा सके।हम पीड़िता के मोबाइल फोन रिकॉर्ड का भी विश्लेषण कर रहे हैं, ताकि मामले को सुलझाने में मदद करने वाले अन्य सुराग मिल सकें।

मस्जिदों के नाम पर जमीनों पर हो रहा कब्जा: किरीट सोमैया

मुंबई। महाराष्ट्र में मस्जिदों से लाउडस्पीकर्स को लेकर एक बार विवाद गहरा गया है। बीजेपी नेता किरीटी सोमैया ने शनिवार को कहा है कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर्स की आवाज बंद होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में मस्जिदों के नाम पर अतिक्रमण किया गया है।

- बंद हो लाउडस्पीकर्स की आवाज

मस्जिदों के लाउडस्पीकरों से होने वाली तेज आवाज अब बंद होनी चाहिए। हाल के वर्षों में धर्म का तीन तरह से दुरुपयोग हुआ है: एक तरफ इसका इस्तेमाल किसी खास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। दूसरी तरफ लाउडस्पीकर्स के जरिए कट्टरपंथी प्रचार किया गया है और तीसरी तरफ मस्जिदों के नाम पर जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनकी सरकार ने अब उचित नियम लागू किए हैं। मैं देवेंद्र फडणवीस के इस फैसले का स्वागत करता हूं।

नरीमन पॉइंट से 'जय भीम पदयात्रा' संपन्न

आज की पीढ़ी को आंबेडकर के विचार जानना जरूरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 14 अप्रैल को होने वाली जयंती की पृष्ठभूमि पर उन्हें आदरांजलि अर्पित करने हेतु केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय की ओर से 13 अप्रैल को 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन किया गया। यह पहली बार था जब देशभर के सभी प्रमुख राज्यों की राजधानी शहरों में एक साथ यह ऐतिहासिक पदयात्रा आयोजित की गई, जो एक राष्ट्रीय उत्सव का महत्वपूर्ण भाग बन गई। मुंबई में इस पदयात्रा का नेतृत्व केंद्रीय युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने किया। इस पदयात्रा में मायभारत के 2000 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पदयात्रा की शुरुआत नरिमन पॉइंट से हुई और यह मंत्रालय के पास स्थित भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तक पहुँची। यह पदयात्रा सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों का प्रतीक बनी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती खडसे ने कहा, "भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचार आज की पीढ़ी को जानना बहुत जरूरी है। इस महान पुरुष का हमारे देश के लिए योगदान अमूल्य है। उन्होंने समाज को नई दिशा दी, इस पर हमें गर्व है। उनकी जयंती मनाना हमारा कर्तव्य है, लेकिन उनके विचारों को जीवन में उतारना और आगे बढ़ाना उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेताओं, विधायकों और युवाओं का सत्कार किया गया। पदयात्रा में भारतरत्न डॉ. आंबेडकर के प्रेरणादायी विचारों को प्रस्तुत करने वाले 'श्रद्धांजली कोपरे, सामाजिक न्याय पर आधारित सड़क नाटकों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, और 'प्रतिज्ञा बिंदु' जैसे उपक्रमों ने वातावरण को और प्रेरणादायी बना दिया।

समापन सामूहिक स्वच्छता अभियान के साथ

कार्यक्रम का समापन मंत्रालय के पास डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। यह प्रतीकात्मक क्रिया देशभर के अन्य शहरों में भी आयोजित की गई। जिला स्तर पर भी स्वच्छता और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'जय भीम पदयात्रा' संविधान अमृत महोत्सव के अंतर्गत शुरू की गई 24 मासिक पदयात्राओं में से नौवीं थी। ये पदयात्राएँ भारतीय युवाओं को डॉ. आंबेडकर द्वारा दिए गए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूलभूत मूल्यों से जोड़ने का माध्यम बन रही हैं।

पदयात्रा में सम्मानीयगण रहे मौजूद

मुंबई की इस पदयात्रा में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले, पूर्व सांसद अमर साबले, महाराष्ट्र और गोवा के एनवायकेएस राज्य निदेशक प्रकाशकुमार मनुरे, एएसएस के महाराष्ट्र प्रादेशिक निदेशक अजय शिंदे तथा खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुंबई में गहराया जल संकट

टैंकर-कुओं को डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट में लाने पर विचार कर रही बीएमसी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। वाटर टैंकर संगठनों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से जूझ रही मुंबई में पानी की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। आम नागरिकों को पीने के पानी तक के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) एक अहम फैसला लेने की तैयारी में है। मुंबई महानगरपालिका अब वाटर टैंकर और कुओं को डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 के अंतर्गत लाने पर विचार कर रही है।

अगर ये प्रस्ताव लागू होता है, तो पानी की आपूर्ति से जुड़े इन संसाधनों पर प्रशासन का सीधा नियंत्रण हो जाएगा और आपातकालीन स्थिति में इन्हें किसी भी तरह की हड़ताल से अलग रखा जा सकेगा। महाराष्ट्र वाटर टैंकर

एसोसिएशन (एमडब्लयुटीए) पिछले कुछ दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। संगठन की मांग है कि बीएमसी द्वारा खुले कुओं और बोरवेल्स के मालिकों के लिए केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्लयुए) से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) अनिवार्य करने का निर्णय वापस लिया जाए। संगठन इस आदेश का विरोध कर रहा है और अपनी हड़ताल समाप्त करने को तैयार नहीं है, जिससे शहर के हजारों लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

जूतों में छिपाकर रखा 6.7 किलो गोल्ड

- मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते ही गिरफ्तार
- सोने की बाजार कीमत 6 .3 करोड़ रुपए
- बैंकॉक से आ रहा था यात्री
- संभावित खरीदार भी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक व्यक्ति को सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। व्यक्ति के पास से 6.3 करोड़ रुपए का सोना बरामद हुआ है। डीआरआई के अधिकारियों ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके जूतों में से सोना बरामद हुआ। डीआरआई ने एक संभावित खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। वह सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का हिस्सा था। एक विशेष सूचना के आधार पर एंटी स्मगलिंग एजेंसी के अधिकारियों ने बैंकॉक से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे एक यात्री को रोका और जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से सोना बरामद हुआ, जिसकी कीमत 6.3 करोड़ रुपए है। तलाशी के दौरान उसके जूतों से 6.7 किलोग्राम तस्करी की गई सोने की छड़ें बरामद की गई है और फिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान तस्करी की गई सोने के संभावित खरीदार का नाम सामने आया और बाद में फिर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

ठाणे में तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। ठाणे शहर एएचटीसी टीम ने तिलक नगर पुलिस स्टेशन की हद में कल्याण पत्रीपुल, कृष्णनगर कचोरे गांव, राईकवार के रूम नंबर एक में दो बांग्लादेशी महिलाएं और एक पुरुष एक रूम भाड़े से लेकर अवैध तरीके से रह रह रहे है, और उन उनके पास पासपोर्ट और वीजा भी नहीं हैं, को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने रूम भाड़े पर दिया उस रूम मालिक को भी क्राइम ब्रांच ने वांटेड बता दिया है। अब क्राइम ब्रांच की टीम तीनों पर पासपोर्ट एक्ट और अन्य कानूनी कारवाई कर रही है। यह कारवाई ठाणे शहर आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ठाणे शहर एएचटीसी के पीएसआई डी.वी. चव्हाण, एएसआई डी.वालघुडे, एचसीराजेश सुवारे, के.बि.पाटील, महिला पुलिस, हर्षिता थोरात, पूनम खरात ने संयुक्त रूप से की।

युवाओं के भविष्य के साथ नहीं होने देंगे खिलवाड़ : लोढ़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महायुति सरकार किसी को भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने देगी। इसी मकसद से राज्य सरकार ने हाल ही में महाराष्ट्र निजी प्लेसमेंट एजेंसियों (विनियमन) विधेयक, 2025 मंजूर किया है। इस विधेयक में यदि किसी निजी प्लेसमेंट एजेंसियों ने अपना रजिस्ट्रेशन किए बिना काम किया तो एक लाख रुपए दंड और तीन वर्ष की जेल का कड़ा प्रावधान है। यह जानकारी शनिवार को कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान दी। उन्होंने बताया कि महायुति सरकार राज्य के प्रत्येक युवा को सुरक्षित रोजगार दिलाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्राइवेट प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से युवाओं को

ठगे जाने की बढ़ती घटनाओं पर नकेल कसने के लिए महाराष्ट्र निजी प्लेसमेंट एजेंसियों (विनियमन) विधेयक में कड़े प्रावधान किए गए हैं। यदि अब कोई प्लेसमेंट एजेंसी किसी युवक के साथ धोखाधड़ी करती है या फिर झूठे वादे करती है और दोषी पाई जाती है तो उसके खिलाफ 50 हजार से तीन लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। इसके साथ ही उसका रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया जाएगा। लोढ़ा ने बताया कि अब प्राइवेट प्लेसमेंट एजेंसियों हर पांच साल में अपने रजिस्ट्रेशन का नूतनीकरण कराना अनिर्वाय कर दिया गया है। कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री लोढ़ा ने बताया कि महाराष्ट्र भारत की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (नॉमिनल जीडीपी) में 14% यानी 35.27 लाख करोड़ रुपए का योगदान देता है। राज्य की अर्थ व्यवस्था को वर्ष 2028 तक एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का दृष्टिकोण है। इसके लिए कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग करीब 1500 से अधिक उद्योगों और 2 लाख से अधिक प्रशिक्षुओं को जोड़कर कौशल आवश्यकता विश्लेषण सर्वेक्षण (एमएसएनएएस) किया है। ताकि महाराष्ट्र न केवल कौशल अंतर को पाटने के लिए तैयार है, बल्कि अपने उद्योगों और उद्यमों की नींव को भी मजबूत भी कर सके।

संजना घाड़ी ने छोड़ा उद्धव गुट का साथ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। मुंबई में बीएमसी चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी को तगड़ा झटका लगा है। उद्धव गुट के प्रवक्ता संजना घाड़ी और उनके पति संजय घाड़ी रविवार (13 अप्रैल) को एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने हो गए हैं। संजना घाडी ने शिवसेना ठाकरे गुट छोड़कर शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होने का ऐलान किया था। संजना घड़ी ने रविवार दोपहर सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना ज्वॉइन की। संजना घाडी के साथ कई कार्यकर्ता मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आवास पर पहुंचे और पार्टी की सदस्यता ली। कुछ दिन पहले ही उद्धव ठाकरे ने संजय को प्रवक्ता बनाया था और संजना चैनल

▸▸ पति-पत्नी शिंदे गुट में शामिल

डिबेट में उद्धव की पैरवी करते भी नजर आती थीं, संजना घाडी का ठाकरे गुट को 'जय महाराष्ट्र' कहना उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।संजना घाडी को मुंबई में शिवसेना ठाकरे गुट का अहम नेता माना जाता रहा है।वह पार्षद भी रह चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले ठाकरे गुट ने प्रवक्ताओं की सूची जारी की थी जिसमें संजना घाडी का नाम नहीं था।

हालांकि लास्ट टाइम में उनका नाम इस लिस्ट में जोड़ दिया। माना जा रहा है कि इसी से नाराज होकर उन्होंने पार्टी बदलने का मन बना लिया था।

एक साथ फिर दिखे चाचा-भतीजा

▸▸ एक हफ्ते में दूसरी मुलाकात
▸▸ सत्ता के गलियारे में चर्चा तेज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में एक बार फिर चर्चा का विषय बने शरद पवार और अजित पवार , जब दोनों नेता शनिवार (12 अप्रैल) को सातारा में एक ही मंच पर नजर आए।यह इस हफ्ते में दूसरी बार था जब चाचा-भतीजे एक दूसरे से मिले। इससे पहले गुरुवार (10 अप्रैल) को शरद पवार ने अजित पवार के छोटे बेटे जय पवार की सगाई समारोह में हिस्सा लिया

था, जय पवार और ऋतुजा पाटील की सगाई पुणे में अजित पवार के फार्महाउस में हुई थी।गौरतलब है कि साल 2023 में अजित पवार अपने चाचा शरद पवार से अलग होकर बीजेपी-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थए।तब उन्होंने सियासी हलचल मचा दी थी।इसके बाद से दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक दूरी बनी रही।शनिवार को सातारा के छत्रपति शिवाजी कॉलेज में रयत शिक्षण संस्था की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। शरद पवार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि संस्था अब एक मासिक पत्रिका 'रयत' शुरू करेगी, जिसमें शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य, साहित्य, खेल, सामाजिक मुद्दे, कला-संस्कृति और वैश्विक मामलों पर लेख प्रकाशित किए जाएंगे। इसके अलावा, बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स , रोबोटिक्स और 3डी प्रिंटिंग जैसे उन्नत कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया गया।साथ ही सातारा में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने की योजना भी बनी है। पवार ने कहा, "मैं, संस्था के अध्यक्ष के रूप में, प्रबंध समिति के सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। हम आगे भी कई दूरदर्शी पहल करेंगे." राजनीतिक मतभेदों के बावजूद परिवार के भीतर यह मेल-जोल आने वाले चुनावों से पहले सियासी संकेत भी दे सकता है।

तलोजा जेल में आरोपी ने लगाई फांसी

जेजे अस्पताल में होगा पोस्टमार्टम

ठाणे। दुष्कर्म के बाद नाबालिग बच्ची की हत्या करने वाले आरोपित ने जेल में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने नवी मुंबई स्थित तलोजा केंद्रीय जेल में यह कदम उठाया है। 35 वर्षीय आरोपित विशाल गवली का शव तड़के लगभग साढ़े तीन बजे जेल के शौचालय में लटका मिला। पुलिस ने बताया कि वह तड़के शौचालय गया था। यहां उसने अपने तौलिया से फांसी लगाई है। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शौचालय में शव के लटके होने की जानकारी जेल अधिकारियों को मिली तो उन्होंने तुरंत सूचना पुलिस से साझा की। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव का पंचनामा करवाया। आत्महत्या के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है। शव को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल भेजा गया। यहां उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

'महारोजगार मेलावा' कांदिवली में

▸▸ पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने की शिरकत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

कांदिवली। कांदिवली में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय महारोजगार मेलावा' का विशाल पैमाने पर रविवार केा आयोजन किया गया। चारकोप विधान सभा के विधायक योगेश सागर द्वारा आयोजित इस रोजगार मेलावा में विशिष्ट अतिथि और मार्गदर्शक के रूप में उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने शिरकत की। कांदिवली के भूराभाई आरोग्य भुवन हॉल, शांतिलाल मोदी रोड, कांदिवली-पश्चिम में आयोजित इस रोजगार मेलावा में उन्होंने अपना मनोगत व्यक्त करते हुए उपस्थित युवाओं और नागरिकों का मार्गदर्शन भी किया।

श्री सालासर धाम में उमड़ा जन सैलाब

हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

भायंदर। श्री सालासर सेवा संस्था भायंदर द्वारा गीता नगर भायंदर वेस्ट स्थित सालासर धाम में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सालासर धाम न सिर्फ राजस्थानी अपितु सर्व समुदाय के आस्था का केंद्र बन चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल अभिषेक के साथ हुआ। सुबह साढ़े छह बजे बजे से जन्मोत्सव की आरती के साथ मंदिर-परिसर 'जय श्री राम एवं 'जय हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। प्रभात-फेरी समूह द्वारा हनुमान चालीसा और भजनों की प्रस्तुति की गई। मंदिर के शिखर पर मंत्रोच्चार के साथ ध्वजा लगायी गई। हनुमानजी एवं मंदिर का मनमोहक श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। गौसेवा सुंदरकांड मित्र मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर भक्तगण झूम उठे। सुरेश दाधीच व टीवी सीरियल के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति पर उपस्थित जन समुदाय ने भक्तिमय माहौल कर दिया। महिलाओं द्वारा नृत्य-गीत से उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्टी व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अमित पंसारी,आनंद अग्रवाल,मोंटू अग्रवाल,सुरेश खण्डेलवाल, ध्रुवकिशोर पाटिल, राजेन्द्र मित्तल,डॉ. निरंजन अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, रामअवतार भूतड़ा,सीए नारायण तोषनीवाल,डॉ.नरेन्द गुप्ता, नटवर डागा,सीए ललित अग्रवाल, हरिप्रसाद असावा, सीए ललित अग्रवाल,श्रवण गोयल,रशेष मेहता सहित संचालन समिति के संपत अग्रवाल,संजय अग्रवाल सहित धाम की महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा।

सुखराज नाहर बने नाकोड़ा दर्शन धाम के अध्यक्ष

मुंबई। देश के प्रसिद्ध डेवलपर और नाहर ग्रुप के चेयरमेन सुखराज नाहर को नाकोड़ा दर्शन धाम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नाकोड़ा दर्शन धाम के संस्थापक राष्ट्रसंत आचार्य चन्द्रानन सागर सूरीश्वर महाराज ने यह घोषणा की। मुंबई के पास अहमदाबाद हाईवे पर विरार के आगे ढेकाले विलेज में यह धाम स्थित है। राष्ट्रसंत आचार्य चन्द्रानन सागर सूरीश्वर महाराज द्वारा स्थापित नाकोड़ा दर्शन धाम एक प्रमुख जैन तीर्थ स्थल है। सुखराज नाहर की नियुक्ति के साथ, नाकोड़ा दर्शन धाम के विकास और विस्तार की नई संभावनाएं खुल सकती हैं।

कई बार हो चुके सम्मानित

नाहर ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुखराज नाहर देश के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर है। सन 1975 में रियल एस्टेट क्षेत्र में शुरूआत करने वाले सुखराज नाहर ने 20 मिलियन वर्ग फुट से अधिक के प्राइम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स विकसित किए हैं। उन्हें 'वननेस ऑफ महावीर एंड महात्मा अवार्ड', 'हिंदी भाषी अचीवर्स अवार्ड' और 'मैन ऑफ द ईयर अवार्ड' मिल चुके है।

वेलकम ग्रुप की ओर से महाप्रसादी वितरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। दक्षिण मुंबई के कालबादेवी रोड स्थित दादीशेठ अग्यारी लेन में श्री स्वयंभू हनुमान मंदिर में पूरे दिन भक्तों का ताँता लगा रहा। भक्तों ने हनुमान जी को फूल,माला, तेल और सिंदूर चढ़ाकर जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर वेलकम ग्रुप की तरफ से सुंदरकांड पाठ व भंडारा रखा गया जिसमे सैकड़ों भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ लिया। इस दौरान पूर्व नगरसेवक आकाश राजपुरोहित, राजा, राकेश, फूलचंद फुगनी, मुकेश, संतोष चौरसिया, राधेश्याम अग्रवाल, कुवर गुप्ता आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

फोटो - सुरेश पाड़ीव

मुंबई। समाजसेवी-भामाशाह मंगलाराम राजपुरोहित के पुत्र चि. मनीष एवं उनकी सुपुत्री सौ.का. जानवी के लग्न पूर्व आयोजित आशीर्वाद समारोह रखा गया। जिसमे मधुराम दाता, नवाराम खिरोड़ी, चतराराम वाली, हेमाराम वाली, फूलचंद तातडा, सरेमल इटाडा, पुखराज रतनपुरा,पुरुषोतम मेड़ा, हेमराज लूंभावास, प्रभुराम लूंभावास,कृष्ण कुमार रतनपुरा, रमेश वाटेरा, राणाराम तातडा, नागजीराम तातडा, भोमाराम बालेरा, भमराराम खांडादेवल,सावलाराम वाली,भेराराम वाली,महावीर तातडा, अर्जुनसिंह लूंभावास,ललित जोधावास समेत सैकड़ों समाज बंधु मौजूद थे।

कोलाबा में संघ प्रचारक बजरंग बांगड़ा का सत्कार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। दक्षिण मुंबई के कोलाबा में समाजसेवी मोहनलाल माली के निवास स्थान पर संघ प्रचारक बजरंग बागड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बजरंग बांगड़ा बाल्यकाल से स्वयंसेवक और तृतीय वर्ष शिक्षित है। बैठक मे बागड़ा को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष मोहनलाल माली, पारस ज़वेरी,मोहनलाल पुरोहित मंडवाड़ा, रामलाल माली,भवरसिंह परमार,चेनाराम प्रजापति, रमेश भाटी आदि गणमान्य मौजूद थे।

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकर सकते हैं।

जोधपुर : स्कूटर से उतारकर युवक को पीटा

बोला-पुलिस ने प्राइवेट पार्ट पर मारा, शराब के छींटे दिए

जोधपुर। जोधपुर में पुलिस कर्मियों की अमानवीयता का मामला डांगियावास थाने में सामने आया है। यहां पर गाय पालन कर परिवार चलाने वाले पंजाब के एक सरदार के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। बाद में उसके विरोध करने पर उसे थाने लाकर बंद कर दिया गया। इन सभी ने मिलकर उसे स्कूटर से नीचे गिरा दिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। बाद में उसका अपहरण कर अपनी कार में डाल दिया। जबकि उसके साथ चल रहे राजेश को स्कूटर पर पीछे छोड़ दिया। बाद में करीब डेढ़ घंटे तक कार में अपने साथ घूमते रहे और कार में ही बुरी तरह से मारपीट की। उसकी जेब में रखे 26 हजार 700 थे वह भी निकाल लिए और उसे जान से मारने की धमकियां दी। करीब 10:30 बजे यहां से उसे कुड़ी थाने लेकर गए जहां उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया जिसमें उसके कपड़े उतार कर नंगा कर दिया और जमीन पर पटक दिया। जिसमें दिनेश नाम का व्यक्ति जो सिविल कपड़ों में पुलिसकर्मी था वह उसके पैरों पर बैठ गया और उसके प्राइवेट पार्ट पर बेसबॉल का डंडा डालने की कोशिश भी की। इसकी वजह से उसका प्राइवेट पार्ट पर चोट लग गई। इस दौरान साथ में खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि इस तरह से मामला बिगड़ जाएगा तब दिनेश ने डंडा हटा लिया इस दौरान मौके पर चैनाराम नाम का एक व्यक्ति जो सिविल कपड़ों में था उसने बूट पहने हुए उसकी कमर पर खड़ा हो गया और एक एएसआई शिवराज जो वर्दी में था उसने उसके ऊपर शराब के छींटे मारे और कहा कि आप महाराज हो आपका धर्म भ्रष्ट कर दूंगा।

गाली गलौज कर बाइक रुकवाई

थाने में दी रिपोर्ट में खुशवंत सिंह पुत्र हरजिंदर सिंह पंजाबी राजपूत निवासी अनूपगढ़ ने बताया कि वह वर्तमान में कानावास पाना तहसील मंडोर में पशुपालन का काम करता है। सात अप्रैल को सुबह 8:30 बजे वह और उसके साथ राजेश घायल जो पशुपालन का काम करते हैं दोनों स्कूटर लेकर देवलिया की तरफ जा रहे थे। जब वह जालेली पहुंचे इतनी ही देर में उनकी बाइक का पीछा करते हुए दो व्यक्ति आए, जिनमें एक का नाम सुनील पुत्र भंवरलाल बाबल वह एक अन्य था।

सिवाना में तीन साल पुरानी चोरी का खुलासा

बालोतरा। सिवाना पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। मामला सात अगस्त 2022 का है। पीड़ित आम्ब सिंह के घर से अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। पीड़ित ने 11 अगस्त को सिवाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। थानाधिकारी दिनेश डांगी के मुताबिक, पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की। तकनीकी और परंपरागत तरीकों से जांच के बाद मुख्य आरोपी सोमरनाथ को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सोमरनाथ रामदेव कॉलोनी के भालनाथ की ढाणी का रहने वाला है।

चार महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बालोतरा। सिणधरी पुलिस ने शराब ठेके में तोड़फोड़ मामले में ऑपरेशन शिकंजा के तहत चार महीने से फरार चल रहे आरोपी गोसाईराम को गिरफ्तार किया है। मामला कौशलू गांव के सरकारी शराब ठेके का है। पूर्व ठेकेदार भानाराम पोटलिया ने 2024 में जानबूझकर ठेका नहीं लिया। उनका मकसद अवैध शराब का धंधा करना था। भानाराम की धमकियों के चलते काफी समय तक ठेका खाली रहा। सात महीने बाद आबकारी विभाग ने नया ठेका आवंटित किया। इससे नाराज होकर भानाराम ने आठ-10 साथियों के साथ नए ठेकेदार पर हमला कर दिया। उन्होंने ठेके में तोड़फोड़ और मारपीट की। इस घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। एसपी हरि शंकर के निर्देश पर सिणधरी थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीमें बनाई गईं। शुरुआती कार्रवाई में दो आरोपी पकड़े गए। मुख्य आरोपी भानाराम और अन्य साथी फरार थे। पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी। जनवरी के पहले सप्ताह में आरोपियों ने दोबारा शराब ठेके पर हमला किया। सिणधरी थाने में नया केस दर्ज हुआ। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी। अब पुलिस ने पनोणी धतरवालों की ढाणी, सडेचा, निंबलकोट आरजीटी निवासी गोसाईराम को गिरफ्तार कर लिया है।

शराब ठेके में तोड़फोड़ का मामला

बाड़मेर में पारा चढ़ा, पहुंचा 40 डिग्री पार

रुक-रुककर हवा का दौर जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बाड़मेर जिले में अप्रैल के फर्स्ट वीक में हीटवेव शुरू हुई। लेकिन दो दिन पहले पश्चिम विक्षोभ एक्टिव होने के बाद जोधपुर संभाग में कई जगह पर बारिश हुई। इससे बाड़मेर में गर्मी से राहत मिली। तापमान भी 40 डिग्री के करीब चल रहा है। दरअसल, बाड़मेर में अप्रैल के फर्स्ट वीक से गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस सीजन अब तक अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन नौ अप्रैल के बाद से लगातार तापमान गिर रहा है। फिलहाल तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास चल रहा है। रविवार को लू व गर्मी का असर बीते दिनों की अपेक्षा थोड़ा कम है।

पांच दिनों का तापमान

अधिकतम तापमान (सेल्सियस)		
न्यूनतम तापमान (सेल्सियस)		
8 अप्रैल	46.4	31.5
9 अप्रैल	44.3	27.9
10 अप्रैल	41.6	25.8
11 अप्रैल	39.6	26.2
12 अप्रैल	40.7	27.8

मां की याद में छात्रावास को दी राशि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रामदेवरा। रामदेवरा में स्व. समंदर कंवर के चार बेटों ने अपनी माता की स्मृति में आयोजित पाग दस्तूर कार्यक्रम के बीच बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राजपूत कन्या छात्रावास के निर्माण में दो लाख 25 हजार रुपए का योगदान दिया। पदमसिंह, प्रयागसिंह, देवीसिंह और नारायण सिंह ने यह अनोखी पहल की। क्षत्रिय विकास सेवा समिति फलोदी द्वारा निर्माणाधीन छात्रावास के लिए उनके इस योगदान की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इनमें सांवलसिंह बारु, कोषाध्यक्ष सुगनसिंह, अमानसिंह खारा, छैलूसिंह और गादीपतिराव भोमसिंह शामिल थे। किशोरसिंह, पोकरण डिप्टी भवानीसिंह, रामदेवरा सरपंच समंदरसिंह और उपसरपंच खीवसिंह भी उपस्थित रहे।

बालोतरा : तेज गर्मी से निपटने प्रशासन अलर्ट

कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बालोतरा। बालोतरा में बढ़ते तापमान और हीटवेव से निपटने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने कई गांवों का दौरा कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने भावगिरी का मीठा, ऊंचिया, मंडावला, दरगुड़ा और हेमें की ढाणी में जल विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिले, यह प्राथमिकता है। जलदाय विभाग अवैध जल कनेक्शन और जल व्यापार पर कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन ने पानी की कमी वाले गांवों की पहचान कर ली है। इन क्षेत्रों में टैंकरों से जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक टांकों की साफ-सफाई और मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। नए और पुराने हैंडपंप को चालू करने के आदेश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने मंडावला और दरगुड़ा में अवैध खनन स्थलों का भी निरीक्षण किया। दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए और अवैध बजरी स्टॉक को जब्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हरि शंकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बायतु के उपखंड अधिकारी भागीरथ चौधरी ने विभिन्न स्थानों पर पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण किया। पचपदरा तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल ने भी कई गांवों में पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर हीटवेव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।

नाबालिग रेप पीड़िता ने तेजाब पीकर की आत्महत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। जोधपुर में नाबालिग रेप पीड़िता ने घर के बाथरूम में तेजाब पी लिया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपी से लड़की की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। उसने 10 अप्रैल को नाबालिग को मिलने से घर बुलाया और रेप किया। परिजनों की एफआईआर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उस पर रेप और सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप है। विवेक विहार थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता की मां ने बताया कि करीब चार महीने पहले नाबालिग की दोस्ती आरोपी लड़के से हुई थी। इसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी थी। दो दिन पहले नाबालिग सहेली से कॉपी लेने की बात कहकर घर से निकली थी। तीन-चार घंटे बाद वह घर लौटी। उससे जब कॉपी के बारे में पूछताछ की तो उसने कुछ नहीं बताया। संदेह होने पर उससे वापस पूछा तो उसने रेप की जानकारी दी।

बाइक सवार युवकों ने मारी एक्टिवा को टक्कर

जोधपुर। जोधपुर के महामंदिर थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने एक्टिवा सवार को टक्कर मारी। इसका विरोध करने पर एक्टिवा सवार के साथ मारपीट कर डाली और उसे धमकियां भी दी। इसको लेकर अब रिपोर्ट दी गई है। महामंदिर थाने में सुनीलराम पुत्र नेमाराम जाट निवासी खारिया आनावास पीपाड़ शहर ने रिपोर्ट दी। बताया कि पावटा बी रोड बिश्नोई छात्रावास के पास पांच मार्च को निकल रहा था तभी एक्टिवा सवार युवकों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते उसे चोटें आई। इसका विरोध करने पर बाइक सवार आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। इसमें दिनेश, अभिषेक ढाका, संदीप खारा, अनिल जांगू निवासी मानजी का हत्था के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है।

बालोतरा में ऑपरेशन मदमर्दन में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

बालोतरा। बालोतरा जिले की डीएसटी टीम और जसोल पुलिस ने ऑपरेशन मदमर्दन के तहत मादक पदार्थ पर संयुक्त बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 44.264 किलोग्राम डोडा-पोस्त, 335 ग्राम अफीम दूध, 1.285 किलो निर्मित अफीम बरामद किया है। साथ मादक पदार्थ से अर्जित 18.68 लाख रुपए जब्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार- सूचना मिली थी कि कस्बा जसोल प्रजापतों का वास में अवैध डोडा-पोस्त की बिक्री हो रही है। इस पर डीएसटी टीम प्रभारी इमरान खान और जसोल थानाधिकारी चन्द्र सिंह मय पुलिस टीमें गांव में दबिश दी। वहां पर लक्ष्मण गिरी के घर के चारों तरफ घेराबंदी की गई। तलाशी लेने पर लक्ष्मण गिरी के घर से 44.264 किलोग्राम डोडा-पोस्त, 335 ग्राम अफीम दूध, 1.285 किलोग्राम अफीम मिला। वहीं मादक पदार्थ की बिक्री से अर्जित 18 लाख 68 हजार 550 रुपए बरामद किए। पुलिस ने लक्ष्मण गिरी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी हरि शंकर ने बताया- आरोपी लक्ष्मण गिरी पुत्र नरपत गिरी निवासी प्रजापतों का वास जसोल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया।

व्यापार जगत

कच्चा तेल चार साल के निचले स्तर पर

पेट्रोल-डीजल पर खूब कमा रहीं कंपनियां

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

● तेल कंपनियों की ऐतिहासिक कमाई

कच्चे तेल के दाम 65-75 डॉलर के बीच

तेल और गैस एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा के मुताबिक, पिछले तीन महीने के अंदर कच्चे तेल के दाम 65-75 डॉलर के बीच में ही रहे हैं। उस आधार पर ही तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल पर चार और डीजल पर करीब 3.5 प्रति लीटर तक दाम घटाने की स्थिति में हैं। ट्रम्प के टैरिफ वॉर के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल के दाम आठ से 10 डॉलर प्रति बैरल तक घट चुके हैं। ऐसे में तेल कंपनियां अगले माह से कटौती करके भी ग्राहकों को राहत दे सकती हैं। वजह यह है कि मौजूदा घटे दामों पर दुनियाभर में भारतीय रिफाइनरीज कंपनियां कच्चे तेल के सौदे कर रही हैं।

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। कच्चे तेल की कीमतें चार साल के सबसे निचले स्तर (65.41 डॉलर प्रति बैरल) आ गई हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में दाम 63.40 डॉलर प्रति बैरल थे। इस गिरावट से पेट्रोल-डीजल रिफाइन करने पर होने वाली कमाई ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। 2024-25 में राज्य सरकारों का सब्सिडी बिल 4.7 लाख करोड़ रहा। केंद्र की कुल सब्सिडी इस वर्ष 3.81 लाख करोड़ थी। दोनों को मिलाकर देश में कुल सब्सिडी 8.51 लाख करोड़ की रही। इसके एवज में राज्यों को पेट्रोल-डीजल पर टैक्स से 3.2 लाख करोड़ और केंद्र को चार लाख करोड़ मिले। दोनों को मिलाकर कुल कमाई 7.2 लाख करोड़ रही। यानी केंद्र-राज्य सरकारों ने जो सब्सिडी बांटी उसका करीब 85% हिस्सा पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाकर ही वसूल लिया। केंद्र व राज्य सरकारों के लिए पेट्रोल-डीजल आय का बड़ा जरिया हैं। केंद्र को एक्साइज ड्यूटी, कंपनियों के लाभांश और आयकर से कुल 21.4 लाख करोड़ की कमाई हुई और राज्य सरकारों के वैट और लाभांश में हिस्सेदारी के रूप में 13.6 लाख करोड़ मिले।

टॉप-10 कंपनियों में से पांच की मार्केट-वैल्यू 84,559 करोड़ बढ़ी

मार्केट कैप 28,700 करोड़ बढ़कर 5.56 लाख करोड़ पहुंचा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। पिछले हफ्ते के कारोबार में देश की टॉप-10 कंपनियों में से पांच का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 84,559 करोड़ रुपए बढ़ा है। इनमें हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड यानी HUL को पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसका मार्केट कैप 28,700 करोड़ गिरकर 5.56 लाख करोड़ पहुंच गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 19,757 करोड़ बढ़कर 16.50 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। ITC का मार्केट कैप 15,329 करोड़ बढ़कर 5.27 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा बजाज फाइनेंस और भारतीय एयरटेल का मार्केट कैप भी बढ़ा है। वहीं TCS, इंफोसिस, SBI, ICICI बैंक और HDFC बैंक की मार्केट वैल्यू घटी है।

मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है?

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा। किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं।

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटल नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले।

एसबीआई ने एफडी की ब्याज दरों में कटौती की

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स डिपॉजिट की ब्याज दरों में 0.20% तक की कटौती की है। एसबीआई में अब एक साल की एफडी कराने पर 6.70% ब्याज मिलेगा। नई ब्याज दरें 15 अप्रैल से लागू होंगी। इससे पहले हाल ही में केनरा बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक ने भी एफडी पर ब्याज दरों में कटौती की है। आरबीआई के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंकों भी एफडी की ब्याज दरों में कटौती कर रहे हैं। 'अमृत वृष्टि' स्पेशल डिपॉजिट स्कीम की ब्याज दरों में भी बदलाव एसबीआई ने 'अमृत वृष्टि' नाम की एक स्पेशल डिपॉजिट स्कीम की ब्याज दरों में भी बदलाव किया है। इस स्कीम के तहत 444 दिनों के लिए एफडी कराने पर सामान्य नागरिकों को 7.05% सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन को सालाना 7.55% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.65% के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा। एसबीआई ने एक अन्य स्पेशल टर्म डिपॉजिट (एफडी) स्कीम 'वीकेयर' भी चला रहा है।

50-30-20 के नियम से सैलरी के तीन हिस्से करें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नया वित्त वर्ष फाइनेंशियल रणनीतियां बनाने और उसे अमल में लाने का एक अच्छा मौका हो सकता है। अपने पैसों का अधिकतम इस्तेमाल कर सकें और इससे फाइनेंशियल यात्रा बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चलती रहे। हम ऐसे आसान फाइनेंशियल नियमों पर चर्चा करेंगे, जो सुरक्षित वित्तीय भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। आपको अपने पैसों को बुद्धिमानी से प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। ये नियम मार्गदर्शक हैं लेकिन इनका उपयोग परिस्थिति के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है।

निवेश सुझाव : 100-आयु नियम से करें जोखिम का परीक्षण

इक्विटी जैसी जोखिम भरी संपत्ति में निवेश का कितना हिस्सा रखें, यह जानने के लिए अपनी आयु को 100 में से घटाएं। यदि आपकी उम्र 32 वर्ष है, तो 100-32=68 यानी 68% धन शेयर बाजार में और 32% धन डेट या एफडी जैसी सुरक्षित संपत्ति में निवेश करना चाहिए।

इससे फाइनेंशियल प्लानिंग बेहतर होगी

ये नियम महीने के पहले सप्ताह में ही अपनी आय का 20% बचाने और निवेश करने का सुझाव देता है। इसके अलावा किसी नई खरीदारी से पहले एक हफ्ते इंतजार करें। यदि एक सप्ताह बाद भी आप मजबूती से इसकी जरूरत महसूस करते हैं, तब ही आगे बढ़ें। आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी फंड मासिक खर्च का कम से कम छह गुना होना चाहिए। यदि मासिक खर्च 50,000 रुपए है, तो बैंक खाते में तीन लाख रुपए रखें। इससे आपात स्थिति में भी वित्तीय लक्ष्यों के लिए निवेश की गई राशि सुरक्षित रहती है। आपके द्वारा लिए गए कर्ज (होम, कार या पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) के लिए चुकाई जाने वाली कुल ईएमआई आपकी टेक होम सैलरी के 40% से अधिक नहीं होनी चाहिए। टेक होम सैलरी एक लाख रुपए है तो ईएमआई 40,000 रुपए से कम होनी चाहिए। जीवन बीमा आपकी अनुपस्थिति में परिवार की वित्तीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

आप का राशिफल 14 अप्रैल

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

कर्क ही हू हे हो डा डी ढू डे डो
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यर्थाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभभाग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

मकर भे गा जी खी खू खे खो गा णी
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

रानीवाड़ा : सेवाड़िया पशु मेले में घुड़दौड़ देखने उमड़े ग्रामीण

▶▶ विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन

▶▶ मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर : कुमावत

▶▶ बैलों से खेती करने पर 30 हजार का अनुदान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। श्री आपेश्वर पशु मेला सेवाडिया में शनिवार को पांचवें दिन विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेले में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत खेल एवं युवा मामले के मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री के के बिश्नोई ने सेवाड़िया पशु मेले में ऊंट दौड़ व घुड़दौड़ प्रतियोगिता का लुफ्त उठाते हुए प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। इस दौरान मेले में पशुपालन डेयरी मंत्री कुमावत ने पूर्व विधायक देवल के कहने पर रानीवाड़ा का प्रथम श्रेणी का पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में कर्मोद करने व मालवाड़ा में प्रथम श्रेणी का चिकित्सालय बनाने की घोषणा की। उन्होंने पशुपालकों को अपने पशुओं का निशुल्क बीमा करवाने एवं सहकारी बैंक से पशु लोन बिना ब्याज प्राप्त करने की बात कही। साथ ही पशुपालकों को कहा कि मुख्यमंत्री जी ने बैलों से खेती करने पर किस को 30000 तक का अनुदान दिया जाएगा बैलों की पुनः कद्र एवं अवेयरनेस होगी। पशुपालन मंत्री ने कहां की मिले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं जिसको संजय रखने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा ने हर जिले में पशु मेले लगने के लिए प्रपोजल तैयार किए हैं ताकि मेलों का महत्व बना रहे। प्रभारी मंत्री के के बिश्नोई ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। मेला अधिकारी हेमलता बिश्नोई ने बताया कि पशु चयन प्रतियोगिता में अदन्त बैलों की जोड़ी से मलत्यान बैलों की जोड़ी सहित घोड़े-घोडियों, बछरे-बछेरियों व ऊंटों की सौंदर्य प्रतियोगिता संपन्न हुई।

एक दशक पहले आए थे 26 हजार पशु, इस वर्ष केवल अब तक 711 : जिस उद्देश्य से करीब 65 वर्ष पहले सेवाडिय़ा पशु मेले का शुभारंभ किया था, उसके प्रति अब तो पशुपालकों का भी मन खट्टा होने लग गया है। इसका सीधा कारण है, आधुनिक उपकरणों के उपयोग का अधिक इस्तेमाल, ट्रैक्टरों व मशीनों की आसान उपलब्धता के कारण अब बैलों पर आधारित होने वाला काम सिमट रहा है। यही वजह है कि पशु मेलों में भी पशुपालकों की रुचि कम दिखाई देने लगी है। रानीवाड़ा क्षेत्र के श्री आपेश्वर पशु मेला सेवाडिय़ा की बात करें तो इस मेले में वर्ष 2013-14 में करीब छब्बीस हजार पशुओं की आवक हुई थी, वहीं इस वर्ष संख्या केवल 711 सौ तक सिमट कर रह गई है। यहां पशुपालक बैलों को लेकर तो आ जाते हैं, लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल पाते। जिस कारण मेले में आवक कम होने लग गई है। सेवाडिय़ा मेले का उद्घाटन 8 अप्रैल को हुआ था और कल सोमवार 14 अप्रेल को समापन है, मेले में कुल अब तक 711 पशुओं की आवक हुई जिसमें 627 बेल, 26 ऊंट एवं 58 घोड़े, घोड़ी मेले में पहुंचे।

मनोरंजक साधनों से लोगों में बना उत्साह

■ सेवाडिय़ा मेले में पशुओं की खरीद फरोख्त भले ही धीमी हो, लेकिन मनोरंजक साधनों से मेले के प्रति लोगों में उत्साह बना हुआ है। मेले में हाट बाजार सजे हैं। साथ ही मनोरंजन के लिए झूले, मौत का कुआं, सर्कस, जादूगर, फिल्म थिएटर आदि मनोरंजन के लिए लगाए गए हैं। जिसका लोगों ने खूब जमकर लुफ्त उठाया। इसी प्रकार मेले में घरेलू सामान का भी बाजार लगा हुआ है। पशु मेला सेवाडिय़ा में घरेलू सामान का भी बड़ा बाजार लगता है। जिसमें मनिहारी बाजार में महिलाओं व युवतियों ने सौंदर्य सामग्री की खरीदारी की। इसी प्रकार साथी घरेलू सामान में बड़े-बड़े कढ़ाई, लोहे की पेटियां, बक्से, कपड़ों के बाजार, चद्दर, रजाई, सहित तमाम घरेलू सामान के बाजार भी लोगों ने खरीदारी की उसके साथ साथ लकड़ी बाजार जिसमें हर प्रकार की लकड़ी मिलती है। जिसमें दूर दूर से वह आसपास के ग्रामीण खरीदारी करने आते हैं।

... इसलिए की थी मेले की शुरुआत

■ दरअसल, रानीवाड़ा के प्रधान मालमसिंह बडग़ांव ने करीब 65 वर्ष पूर्व इस मेले की शुरुआत की थी। इसके पीछे मूल उद्देश्य यही था कि पशुपालकों व किसानों को खेती व अन्य कार्य के लिए पशुओं की उपलब्धता आसानी से हो सके। इस मेले में पशुओं की बड़ी मात्रा में खरीद फरोख्त होती थी। क्षेत्र में आसपास के मेलों में सेवाडिय़ा मेले का नाम हो गया था, लेकिन धीरे-धीरे जिस कारण से खेतों की जुताई घटने लगी और लोगों के पास ट्रैक्टर व अन्य संसाधन उपलब्ध होने लगे, उसी प्रकार पशुओं की खरीद फरोख्त पर बड़ा असर पडऩे लगा। लिहाजा, अब बहुत कम संख्या में पशुओं की मेले में आवक होती है।

यह रहे उपस्थित

■ पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, विधायक रतन देवासी, जिला कलेक्टर प्रदीप के गवांडे, मेला मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, डीवाईएसपी भवानी सिंह, मेला अधिकारी हेमलता बिश्नोई, बड़गांव ठाकुर व भामाशाह मानवेंद्र देव देवड़ा, प्रधान राघवेंद्र सिंह देवड़ा, थाना अधिकारी दीप सिंह चौहान, भामाशाह पोपट भाई जाखड़ी, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, ग्राम पंचायत के प्रशासक, वीडियो एवं पंचायत के समस्त कार्मिक बड़ी संख्या में पशुपालक, किसान व आमजन उपस्थित थे।

नीम गोरिया क्षेत्रपाल मंदिर पाटोत्सव 20 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। भीनमाल के आराध्य भगवान नीम गोरिया क्षेत्रपाल मंदिर का 9 वा पाटोत्सव आगामी 20 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमाराम बंजारा ने बताया कि कार्यक्रम के रविवार को प्रात 9.30 बजे अमर ध्वजा के लाभार्थी बगदाराम सोनी व सुरेशकुमार सोनी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई जाएगी। साथ ही पाटोत्सव निमित्त नन्हे -मुन्ने बालकों की प्रतियोगिताएं होगी। नीम गोरिया क्षेत्रपाल ट्रस्ट ने भी नीम गोरिया क्षेत्रपाल भक्त- भाविकों व नगर के नागरिकों का आह्वान किया कि नवम पाटोत्सव कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सभी दर्शनार्थी पधारें। कार्यक्रम को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया।

प्रेम, बंधुत्व और समरस समाज के बल पर ही समर्थ राष्ट्र का निर्माण संभव : जोशी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय एवं राजस्थान ह्युमन रिसोर्स डेवलपमेंट फाउंडेशन रानीवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक समरसता संगोष्ठी संपन्न। कार्यक्रम में मु ख्य अतिथि के नाते शाह पोपटलाल जैन जाखड़ी, अध्यक्ष के रूप में भगराज पुरोहित सेवड़िया, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. किशन लाल जोशी एवं विशिष्ट अतिथि के नाते पुखराज जीनगर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉक्टर किशनलाल ने बताया कि आज हमें बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को अच्छे से अध्ययन करने और जीवन में उतारने की आवश्यकता है। डॉ जोशी ने वाल्मीकि, वेदव्यास, शबरी, निषादराज ,कबीर, रैदास, आदि के उदाहरण देकर सनातन संस्कृति के उदार वैचारिक धरातल का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।जीनगर ने संगोष्ठी में डॉ. अंबेडकर की जीवनी प्रकाश डालते हुए बताया कि बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी अंबेडकर का संपूर्ण जीवन सामाजिक विभेदों के साथ संघर्ष करते हुए वंचितों को सामाजिक न्याय दिलाने के साथ-साथ राष्ट्र साधना में बीता। उन्होंने समाज में अस्पृश्यता जैसी मनोवृति को वास्तविक अर्थ में समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार जताया।प्रकाश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि वैदिक काल में समूह व्यवस्था जन्माधारित न होकर के कर्म आधारित थी परन्तु काल के प्रभाव में समाज में कुछ बुराइयां प्रवेश कर गई उनको समाप्त करने के लिए समय-समय पर बहुत से महापुरुषों ने आंदोलन भी किए हैं वर्तमान में आज हमें अधिकांश समाज समरस नजर आता है परंतु हमें और भी प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने वामपंथी षड्यंत्रों से बचते हुए उनके फैलाए नरेटिव जाल से सावधान रहने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि शाह पोपटलाल जाखडी ने जातिवाद व्यवस्था पर प्रहार करते हुए समाज को कट्टर जातिवादी भावना से बाहर आने का आह्वान किया। संगोष्ठी में ताराचंद भारद्वाज ,जगदीश जोशी, दीपसिंह देवल ने भी अपने विचार साझा किये। संगोष्ठी के अंत में शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश कुमार जोशी ने विद्वतजनों का उपस्थित होकर के संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए आभार ज्ञापित किया। जिला मीडिया प्रभारी आसुराम सेन ने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मंत्री धर्मदान चारण ने किया। समरसता संगोष्ठी में मुकेश कुमार खंडेलवाल, प्रवीण जैन,अमृत चौधरी,गोविंद रावल, प्रभुराम, आदि उपस्थित थे

क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराणा सांगा की जयंती

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जीवाणा। निकटवर्ती गढ़ बावतरा स्थित कैवाय माता मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा सांगा की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। दर्जनों लोगों ने राणा सांगा की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके व्याख्याता दुर्जनसिंह ने राणा सांगा के शौर्य, पराक्रम और वीरता का बखान करते हुए कहा कि उन्होंने 100 से ज्यादा युद्ध लड़े जिसमे वो विजेता रहे, उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा मेवाड़ के महान शासक थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और युद्ध कौशल से विदेशी आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब दिया। वह राजपूताना के गौरव और एकजुटता का प्रतीक रहे। खानवा के युद्ध में बाबर के विरुद्ध उनके नेतृत्व ने इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। विदेशी शक्तियों के सामने कभी झुके नहीं। उन्होंने अपार व्यक्तिगत क्षति सहकर भी अपना गौरव और सम्मान बनाए रखा। दीपसिंह दुदवा ने कहा कि महाराणा सांगा का पूरा जीवन संघर्ष करते हुए बीत गया, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ सभी लड़ाइयों पर विजय प्राप्त की। महाराणा सांगा ने अपने युद्ध कौशल के माध्यम से सर्व समाज को जोड़ते हुए उन्हें साथ लेकर अनेकों लड़ाई लड़ी। इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा। सभा को अमरसिंह, पाड़ सिंह देता, ज्ञानसिंह, इंद्रसिंह सायला सहित कई वक्ताओ ने किया संबोधित। इस दौरान राणा पाड़सिंह, व्याख्याता गजेंद्र सिंह, ज्ञानसिंह, इंद्रसिंह सायला, पूर्व प्रधान खंगारसिंह आसाना सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री क्षत्रिय युवक संघ के चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का पोस्टर विमोचन किया गया। आगामी 9 मई से 12 मई 2025 तक गढ़ बावतरा में प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शिक्षक संघ की बैठक आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उप शाखा भीनमाल की नवनिर्वाचित ब्लाक कार्यकारिणी पदाधिकारीयो एवं ब्लॉक के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ शिक्षकों की बैठक सोमवार को सवेरे 11बजे स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष श्रवणकुमार ढाका की अध्यक्षता में आयोजित होगी। ब्लॉक मंत्री अशोक कुमार पुरोहित ने बताया कि बैठक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें विद्वान शिक्षको द्वारा भारत के संविधान एवं बाबा साहब के योगदान पर मंथन चिंतन किया जाएगा।

बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी की रिक्त पदों पर मनोनयन,पूर्व पदाधिकारी द्वारा चार्ज का हस्तानांतरण, शिक्षकों की ज्वलन समस्याओं जिसमें बकाया स्थायीकरण के प्रकरणों का निराकरण बाबत ठोस कार्य योजना बनाई जाएगी।साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा से संबंधित समस्याओं को संकलित कर समाधान की कार्रवाई संपन्न की जाएगी। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, व्यक्तिगत समस्याओं वं सीबीईओ कार्यालय की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

आंबेडकर की 134वीं जयंती पर संगोष्ठी आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को शाम पांच बजे स्थानीय तलबी रोड स्थित लुंबनाथ जी महाराज के धुना प्रांगण मे एक विशेष विचार संगोष्ठी का आयोजन राजस्थान ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट फाउंडेशन की प्रेरणा से डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समिति व श्री लुम्बनाथजी सेवा समिति,भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। जिसमे समाजिक समरसता, एकता व सद्भाव तथा राष्ट्र निर्माण में डॉ.भीमराव अंबेडकर का योगदान विषय पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ख्यातिनाम सामाजिक कार्यकर्ता रामचन्द्र अपने विचार प्रकट करेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता,समानता व भाईचारे का संदेश जन जन तक को फैलाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम संयोजक फागलूराम बोस व सह-संयोजक विक्रमसिंह जोधा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आंबेडकर जयंती पर आज भीनमाल में भव्य रैली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



भीनमाल। डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर रविवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति संयोजक दलाराम काबावत ने बताया कि रैली का शुभारंभ सवेरे आठ बजे स्थानीय नीलकंठ महादेव मंदिर से होगा। रैली को जालोर जिला प्रमुख राजेश राणा,भीनमाल विधायक डॉ.समरजीतसिंह व प्रधान किरण भारतीय द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

▶▶ रैली का रूट

रैली नीलकंठ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर सती माता सर्कल, मेघवालों का वास,दासपां रोड, भादरड़ा चुंगी नाका,चौधरी मिष्ठान भंडार के पास से हनुमान चौक,जगजीवनराम कॉलोनी, जटिया मोहल्ला,होली चौक, हाई स्कूल रोड व महावीर सर्किल से अंबेडकर सर्कल पहुंच कर संपन्न होगी।

▶▶ जन भागीदारी का आह्वान

संघर्ष समिति के अध्यक्ष कंवराराम पंवार ने बताया कि रैली सामाजिक समरसता, संविधान मूल्यों और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है। संयोजक दलाराम काबावत ने क्षेत्र के सभी वर्गो से इस शांति पूर्ण रैली में भाग लेने का अनुरोध किया है।

"एक शाम श्री बाला हनुमान जी के नाम" भजन संध्या का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्री बाला हनुमानजी मंदिर समिति द्वारा शनिवार की शाम "एक शाम श्री बाला हनुमान जी के नाम" विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा भक्ति और उल्लास की अनूठी झलक देखने को मिली। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस भक्ति आयोजन में भाग लिया और श्रीराम व हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान ख्यातिनाम भजन कलाकार पूनम माली एंड पार्टी भीनमाल तथा पुष्पा बारोट आबूरोड व पूनम नागर भीनमाल एंड पार्टी द्वारा दी गईं। इनकी आवाज़ और भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम में हनुमान जी के भजन,जय जय जय बजरंगबली,श्रीराम जी के भजन,राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट,श्रीराम जय राम जय जय राम ,राम जी की निकली सवारी व जसोल माताजी की महिमा के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। पूरे कार्यक्रम में "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म के मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना था।आयोजन समिति सम्राट सनातन धर्म प्रेमी मंडल ने श्रद्धालुओं की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस अवसर पर महंत कपिलगिरी महाराज, जोरावरसिंह राव,वेलाराम माली,परबतसिंह राव,मुकेश माहेश्वरी, कस्तूराराम माली, सुरेश पारीक,पारसमल माली,दिनेश भाटी,मानाराम माली,चेतन माली, बेखटमल राठी,शैलेश भूतड़ा, बाबूलाल माली, गजाराम माली, छगनलाल माली, सीए जितेंद्र माली व जगदीश मिस्त्री सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

देह से बढ़कर कोई उत्तम देवालय नहीं : परम आकाश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। मंदिरों और पूजाघरों को हम कितना पवित्र रखते है। वे देवालय मनुष्य द्वारा निर्मित होने के बाद भी हमारे भाव उसके प्रति बहुत ही पवित्र और पूजनीय होते है जबकि यह देह (शरीर) परमात्मा की कृति है, माता पिता केवल माध्यम बने है इसलिए देह से बढ़कर कोई उत्तम देवालय नहीं हो सकता लेकिन हम इसका ध्यान नहीं रखते और दिन भर कचरा डाल डाल कर उसे डस्ट बीन बना देते है। यह बात यहां कोठारी कीर्ति स्तंभ में सन टू ह्यूमन के चल रहे नए दृष्टिकोण वाले शिविर के अंतिम और तीसरे दिन सूत्र संचालन करते हुए योग प्रशिक्षक परम आकाश कन्हैयालाल खंडेलवाल ने कही।उन्होंने कहा कि यदि देह को देवालय बना देवे तो सारी समस्याओं का तुरंत समाधान हो जाएगा। सम्यक आहार, सम्यक व्यायाम और सम्यक नींद ही हमारे जीवन का आधार है।। सन टू ह्यूमन पद्वति के अदृश्य ऊर्जावान नाश्ते , कॉम्बिनेशन वाले भोजन और ऑक्सीजन बढ़ाने वाले नाभी झटका प्रयोग से हजारों लाखों लोगो ने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। परम आकाश ने कहा कि मनुष्य जीवन के रूप में जो असंभव घटा है , जिस लक्ष्य के लिए हमारा मनुष्य जन्म हुआ है वह हम भूल बैठे है। हमने केवल पदार्थों को ही साध्य मान लिया। उन्होंने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि सन टू ह्यूमन में न तो कोई चिकित्सा पद्धति है, न कोई पेथी, न कोई दवाई , न कोई प्रोडक्ट फिर भी लाखो लोग इसकी आहार और व्यायाम तकनीक को अपनाकर और छोटे छोटे प्रयोगो के माध्यम से स्वयं को विकसित करने की ओर अग्रसर है। शिविर के दौरान तीनों दिन ऊर्जावान अदृश्य नाश्ता भी साधकों को दिया गया। रविवार को तीसरे दिवस को उत्सव दिवस के रूप में मनाते हुए कई नए प्रयोग भी करवाए गए। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजन समिति के अशोक मेहता, भरत शर्मा, सुरेश विश्नोई, बाबूलाल सोलंकी, रमेश शर्मा , मानाराम पुरोहित, आदि व्यवस्था में मौजूद रहे। शिविर में रानीवाड़ा, धानेरा, जुंजाणी , बागोड़ा आदि आस पास के गावो के भी कई साधकों ने भाग लिया।

सांचौर में आंबेडकर जयंती पर भाजपा ने किए कई कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित , पूर्व सांसद देवजी पटेल एवं आंबेडकर जयंती सप्ताह के जिला संयोजक पुखराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार सांचौर विधानसभा के मंडलों में बाबा साहब आंबेडकर जी के जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, सांचौर के अंबेडकर उद्यान में भाजपा द्वारा प्रतिमा को पानी से साफ किया गया एवं उद्यान में श्रमदान करके सफाई की गई, सांचौर के रास्ता पर आंबेडकर की प्रतिमा पर सत्यपुर मंडल द्वारा साफ सफाई एवं प्रतिमा को पुष्प माला अर्पित करके कार्यक्रम आयोजित किया गए। कार्यक्रम के सांचौर विधानसभा संयोजक भावेश सोनी ने बताया कि आगामी सप्ताह भर तक बूथ स्तर तक बाबा साहब जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें सभी मंडलों पर संयोजक सह संयोजक नियुक्त किए गया है ।बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान के लिए आज पूरे देश भर में बाबा साहब को बड़े गर्व के साथ याद किया जाता है । कार्यक्रम के दौरान भामस जिलाध्यक्ष देवराज चौधरी, जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी , मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाना, महामंत्री मांगीलाल दर्जी, सीए सोहनलाल खत्री, गंगाराम चौधरी, हरीश गर्ग, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक सायब खां, कार्यकम संयोजक पार्षद मोडाराम बुनकर, दुर्गाराम बेनीवाल, भवानी राठी हकमाराम प्रजापत शांतिलाल मेघवाल, अर्जुन माली, सुरेश राठी, सुरेश, मगाराम, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चैत्री पूनम को ग्रुप के सदस्यों ने दर्शन वंदन कर प्रभु भक्ति का उठाया लाभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। राजेन्द्र पूनम ग्रुप के 36 सदस्यों ने चैत्री सुदी पूर्णिमा के अवसर पर आदाणी तीर्थ यात्रा का लाभ लेते हुए प्रभु दर्शन वंदन कर पूजा अर्चना का लाभ मिला।ग्रुप के सदस्य गौतम वेद मुथा ने बताया कि बैगलूरू से भक्त गण पेद् दतुम्बलम् तीर्थ यात्रा पर गये । वहां पर तीर्थंकर पार्श्वमणि पार्श्वनाथ की दिन भर सेवा पूजा की। इस बार चैत्री पूणिमा होने के कारण गुरु भक्तों ने विशेष रूप से प्रभु एवं गुरु की पूजा अर्चना का लाभ लिया। वहां सभी लोगों ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया ।इस दौरान नए नए भक्तों का जुडाव हो रहा है । जिसमें युवा, जवान, महिला, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक भी सम्मिलित रहे । मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि जैन धर्म में चैत्री पूर्णिमा का बड़ा महत्व है। इस दिन भगवान ऋषभदेव के प्रथम गणधर पुण्डरीक स्वामी के साथ पांच करोड़ साधु शत्रुंजयगिरी से मोक्ष गये थे। इस अवसर पर हीराचन्द वेद मुथा, रमेश बालर, गणेश लुणीया मुथा, बाबुलाल सोफाडिया, दिनेश लम्बु, जुगराज भंडारी, गौतमकुमार वेद मुथा, हितेषकुमार, जितेन्द्रकुमार, अनिलकुमार, गणेश लुणीया मुथा, रमेश बालर, ललित अग्नि गोत्र, परोसीं, विकास, किरण जैन, रविन्द्र मोदी, विकास जैन, प्रकाश, दिलीप, विमलकुमार, मनोहरमल, चंपालाल श्रीश्रीमाल, पृथ्वीराज लुंकड, निकिल, प्रकाशदेवी, अनीतादेवी, मंजुदेवी, अलकादेवी,पिंकुदेवी, संगीतादेवी, दाईबाई, मीनादेवी, सीमादेवी, रजनदेवी, पुष्पादेवी, जशोदादेवी, कमलादेवी सहित कई सुश्रावक एवं सुश्राविका उपस्थित रहे ।

गोवंश सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा 'बाबा पाटीड नाथ 008' व्हाट्सएप ग्रुप

सांचौर। गोवंश के चारे की समस्या को देखते हुए बाबा पाटीड नाथ 008 व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों ने गौसेवा का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया, ग्रुप संचालक कमलेश कड़वासरा (अरणाय) व एडमिन रमेश कड़वासरा (वरणवा), दिनेश कावा (कोटड़ा), कैलाश ढाका (भाटीप), गणपतलाल भाम्भू (डीगाव), दिनेश कावा (करंडा), दिनेश कड़वासरा (मोखातरा), धेवर सारण (परावा) सहित अन्य सदस्यों ने मिलकर बजरंग गौशाला (झड़पा नाडी, सिया गांव) में एक पिकअप चारा सामग्री की गाड़ी पहुंचाई, इस गौशाला में वर्तमान में 100 निराश्रित गोवंशों की सेवा की जा रही है।

पश्चिम रेलवे

विद्युत कार्य

वरि. डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा क्र. ईएल-81-30140 -डब्ल्यूए-73(आर) दिनांक 09.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** विरार-पुराने जंग लगे एमएस टैंक के स्थान पर 2.25 लाख लिटर आरसीसी ओएच वॉटर टैंक के निर्माण के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 15,39,371/-, **ईएमडी:** रु. 30,800/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 05.05.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 05.05.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0037**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

संधारण कार्य

मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल 400008 द्वारा **क्र.सं. 1: निविदा सूचना क्र.: डब्ल्यूआर-एमएमसीटी0ईसीओए (ईसीटीडी)/7/2025 कार्यालय एसआर डीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/ डब्ल्यू (कंप्यूटर नं. 608400) दिनांक 11.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नामः** केईएल, किर्लोस्कर ग्रीव्हस कॉटन, लेराय सॉमर तथा स्टेमफोर्ड मेक अल्टर्नेटर की पॉवर कार्स के 3 फेस 750 वोल्ट 500 केवीए अल्टर्नेटर का संधारण, रिवाइंडिंग, रिकंडिशनिंग, ओवरहॉलिंग। **स्थानः मुंबई सेंट्रल। कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 31,67,120/-, **बोली प्रतिभूतिः** रु. 63,400/-, **क्र.सं. 2: निविदा सूचना क्र.:डब्ल्यूआर-एमएमसीटी0ईसीओए (ईसीटीडी)/14/2025 कार्यालय एसआरडीईई/सीएचजी/एमएम सीटी/डब्ल्यू (कंप्यूटर नं. 625587) दिनांक 11.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नामः** मुंबई सेंट्रल से वलसाड डिपो तक डायनाड्राइव तथा फ्लोर माउंटेड रेग्यूलेटर टेस्टिंग युनिट का शिफ्टींग। **स्थानः मुंबई सेंट्रल तथा वलसाड। कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 31,67,120/-, **बोली प्रतिभूतिः** रु. 63,400/-, **दोनो निविदाएं जमा करने की दिनांक व समयः** 09.05.2025 को 15.00 बजे तक। **दोनो निविदाएं खुलने की दिनांक व समयः** 09.05.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0046**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

ओएचई पर एंटी बर्ड डिस्क का प्रावधान

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सब), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा **ई-निविदा क्र. डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएचयूबी (ईएसओटी)/13/2024 दि. 11.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नामः चर्चगेट-विरार खंडः** बर्ड नेस्टिंग के कारण ओएचई संरचना पर बंद होने के प्रतिरोध हेतु ओएचई इंसूलेटर्स एवं एचडीपीई नेटिंग पर एंटी बर्ड डिस्क का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 78,37,944/-, **बोली प्रतिभूतिः** रु. 1,56,800/-, **जमा करने की दिनांक तथा समयः** 09.05.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समयः** 09.05.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट विवरणः** आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0040**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

संधारण कार्य

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **क्र.सं.: 1- ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/24-25/14 दि. 11.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थानः दहिसर, मिरा रोड तथा भायंदर (रेलवे स्टेशन):** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आधार पर आवश्यकतानुसार संधारण कार्य। **क्र.सं.: 2- ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/24-25/311 दि. 18.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थानः (1) विले पारले, अंधेरी, जोगेश्वरी तथा जोगेश्वरी (एटी) रेलवे स्टेशन्सः** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आधार पर आवश्यकतानुसार संधारण कार्य। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 98,39,126.34, **ईएमडीः** रु. 1,96,800/-, **जमा करने की दिनांक व समयः** 06.05.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समयः** 06.05.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0042**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

सुविचार

आज अगर ठोकरें भले खा रहे हो, कल आपका दिन हो सकता है, कार्य अच्छी दिशा में करें।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

गुपचुप सौदा

हमारा दक्षिणी पड़ोसी श्रीलंका वैसे तो एक छोटा देश है लेकिन समंदर के बीचोबीच होने के कारण इसका हमेशा भाव बढ़ा रहता है। यही इसकी ताकत भी है। भारत इस मुल्क से जी जान से प्यार करता है। इस मुल्क की स्थिरता और शांति के लिए भारत अरबों रुपए खर्च करता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का दौरा किया है। पीएम ने अपने इस दौरे में भारत के सहयोग से बनी अरबों रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। लेकिन यह मुल्क बहुत भरोसेमंद नहीं है। बीते आर्थिक संकट के दौरान भारत ने उसकी भरपूर मदद की थी। बीते करीब दो दशक में इस मुल्क का व्यवहार भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं है। लंबे समय तक वहां की सरकार में रहे पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने भारत के हितों के खिलाफ कई कदम उठाए थे। उन्होंने चीन के साथ कई ऐसे डील कर ली, जो सीधे तौर पर भारत के सामरिक हितों के खिलाफ थी। इसमें सबसे अहम डील हंबनटोटा बंदरगाह चीन को लीज पर देना था। हालांकि अब श्रीलंका में नई सरकार है। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने भारत के हितों के खिलाफ कोई काम नहीं करने की बात कही है। इस बीच श्रीलंका ने एक बड़ी डील की है। दरअसल श्रीलंका अपनी वायुसेना को अपग्रेड कर रहा है। उसके लिए उसने लड़ाकू विमानों का सौदा किया है। इसके लिए उसके सामने भारत के लड़ाकू विमान तेजस एमके1 को खरीदने की बात कही थी। उसके सामने चीन के लड़ाकू विमान जेएफ-17 का भी विकल्प था। भारत से साथ तेजस एमके1 को लेकर लंबे समय तक चली वार्ता को बीच में ही छोड़कर उसने इजरायल के साथ बड़ी डील कर ली है। उनसे चीन या भारत से फाइटर जेट खरीदने के बजाय अपने मौजूदा फाइटर जेट फ्लीट को अपडेट करने का फैसला किया है। श्रीलंका के पास मौजूदा वक्त में केफिर फाइटर जेट हैं। ये इजरायली फाइटर जेट्स हैं। इन्हीं फाइटर जेट्स को अपडेट करने के लिए इजरायली एयरोस्पेश इंडस्ट्रीज के साथ 4.9 करोड़ डॉलर का डील की है। इस वक्त उसके पास पांच जेट विमान हैं। इस अपग्रेड के बाद ये फाइटर जेट्स 4+ पीढ़ी के हो जाएंगे। केफिर एक ऑल वेदर मल्टीरोल कंबैट फाइटर जेट है। इसे फ्रेंच दसॉल्ट मिराज 5 के डिजाइन पर बनाया गया है। श्रीलंका की वायु सेना में ये विमान 1990 से अपनी सेवा दे रहे हैं। श्रीलंका में लंबे समय तक चले गृह युद्ध के दौरान इन विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। इस अपडेट के बाद इन फाइटर जेट्स की लाइफ करीब 15 साल और बढ़ जाएगी। श्रीलंका की नई सरकार के इस फैसले से नए विमान खरीदने की योजना पर ब्रेक लग गया है। पिछले दिनों श्रीलंका ने नए विमान खरीदने की योजना बनाई थी।

30 महीनों में 25 बच्चों को जन्म

भ्रष्टाचार जो कराए कम है...!!!

डा. अनिता राठौर

आगरा जिले के गांव नागला कादियान की 35 वर्षीय कृष्णा कुमारी ने फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर 2017 में अपने बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन उन्हें मालूम न था कि वह इसी केंद्र पर 2021 व 2023 के बीच 30 महीनों के भीतर '25 अन्य बच्चों को जन्म देंगीं' और इस दौरान उनकी 5 बार 'नसबंदी' भी हो जाएगी। हाल के वित्तीय ऑडिट में यह असंभव डाटा प्रकाश में आया है। ज़ाहिर है यह 'कागज़ी खानापूर्ति' केंद्र में तैनात सरकारी कर्मचारियों ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) द्वारा संचालित योजनाओं में घोटाला करके पैसा ऐंठने के लिए की। बेचारी कृष्णा कुमारी को तो यह भी नहीं मालूम कि फर्जी कागज़ात के ज़रिए उसके नाम से बैंक खाता खोला गया, जिसमें सरकारी योजना के तहत 45,000 रुपए आए, जिन्हें घोटालेबाजों ने निकाल लिया|

इमेज

इस सिलसिले में पांच व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें से चार स्वास्थ्य विभाग के ही कर्मचारी हैं और पांचवां कृष्णा कुमारी के गांव का व्यक्ति है, जिसने उनके नाम का बैंक खाता खोला और सरकारी पैसा निकाला। अगर बात सिर्फ़ इतनी ही रहती तो यह राष्ट्रीय सुर्खी के लायक खबर न होती। लेकिन यह तो मात्र हिमशैल की नोक है। इस घोटाले की परतें धीरे-धीरे खुलती जा रही हैं। यह स्वीकार करना कठिन है कि घोटालेबाजों ने सिर्फ़ चंद महिलाओं के नाम पर फ्रॉड किया। आगरा जिले में ही तीन अन्य महिलाओं का मामला प्रकाश में आया है, जिन्होंने 2021 व 2023 के बीच '53 बच्चों को जन्म दिया और 9 बार उनकी नसबंदी हुई'। सुनीता सिंह (55), मछला देवी (45) व राजकुमारी (44) को भी नहीं मालूम कि उन्होंने यह 'चमत्कार' किया है और इसके लिए उन्हें 90,000 रुपए से अधिक सरकार ने जननी सुरक्षा योजना व महिला नसबंदी पहल योजनाओं के तहत दिए हैं। इन योजनाओं में आम तौर से ग्रामीण डिलीवरी के लिए 1,400 रुपए, 1,000 रुपए शहरी डिलीवरी के लिए और 2,000 रुपए नसबंदी के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है। यह सिर्फ एक केंद्र की कहानी है और वह भी अभी अधूरी ही है। अनुमान यह है कि देश के अन्य अनेक केंद्रों पर भी इस क़िस्म के घोटाले हो रहे होंगे क्योंकि इस कोशिश में बहुत लोग लगे रहते हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ हकदारों तक पहुंचने की बजाय उनकी जेब में चला जाए। यह सब सरकारी कर्मचारियों व दलालों की सांठगांठ से होता है और दिलचस्प यह है कि सरकारी कर्मचारी ही इसका पर्दाफाश करते हैं। बहरहाल, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या कैश ट्रांसफर जन स्वास्थ्य बेहतर करने का विकल्प है? यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अब लगभग सभी चुनाव कैश ट्रांसफर के वायदों पर लड़े जा रहे हैं, जिन्हें मुफ्त की रेवड़ियां भी कहा जाता है। सोचने की बात यह भी है कि क्या गरीबों की पहचान का दुरुपयोग करके भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी केवल स्वास्थ्य योजनाओं में ही घोटाला कर रहे होंगे या अन्य कल्याणकारी

योजनाओं का भी यही हाल है? पूर्व में हम बिहार का चारा घोटाला, अनेक राज्यों में मिड-डे मील घोटाले, सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए विवाहितों को कुंवारा दिखाकर उनका पुनः विवाह करा देना आदि देख चुके हैं। बहरहाल, जो बातें प्रकाश में आ रही हैं, उनसे मालूम होता है कि गांवों में तथाकथित समाजसेवी महिलाओं का बैंक खाता इस वायदे से खुलवाता है कि उन्हें सरकारी लाभ मिलेगा। इन खातों को संबंधित महिलाएं कभी ऑपरेट नहीं करती हैं। फिर सरकारी कागज़ों में चढ़ा दिया जाता है कि इन महिलाओं ने बच्चे को 'जन्म' दिया है या इनकी 'नसबंदी' हुई है। फलस्वरूप इनके खाते में सरकारी योजनाओं का पैसा ट्रांसफर हो जाता है, जिसे निकालकर घोटालेबाज़ आपस में बांट लेते हैं। जिनके नाम पर यह घोटाला होता है, उन्हें कुछ नहीं मिलता बल्कि उन्हें तो अक्सर मालूम भी नहीं होता कि उनके नाम का दुरूपयोग किया जा रहा है। अब सबसे पहले वही पुराना सवाल-इस प्रकार की योजनाओं का वार्षिक ऑडिट कितना ठोस व ईमानदारी से होता है? यह कौन चेक कर रहा है कि यह पैसा कहां जा रहा है? गौरतलब है कि भारत की सामाजिक कल्याण योजनाओं में डिजिटल परिवर्तन लाने का उद्देश्य बीच में से दलालों को निकालना था ताकि सीधे लाभार्थी तक कैश पहुंच सके। लेकिन जिन लोगों तक इस लाभ को पहुंचाना था, उनमें टेक साक्षरता की स्थिति दयनीय है, जिसका अर्थ है कि डाटा एंट्री की टेक दुकानें नई दलाल बन गईं हैं। डिजिटलीकरण ने कल्याण प्रक्रिया को व्यक्ति से ऑनलाइन एप्लीकेशन में बदल दिया, जिससे सरकार और लाभार्थी के बीच का सीधा संपर्क हट गया। नतीजतन घोटालेबाजों के लिए शिकार करना आसान हो गया। दूसरी समस्या योजनाओं की भरमार है। केंद्र सरकार 2024 से मातृत्व स्वास्थ्य के लिए 12 योजनाएं चला रही हैं। जननी स्वास्थ्य योजना तो 2005 से चल रही है, जिसका फायदा भी हुआ है कि मातृत्व मृत्यु दर (मातृत्व मृत्यु प्रति लाख जीवित जन्म) 384 (2000) से घटकर 97 (2020) रह गई है, लेकिन उत्तर प्रदेश में भारत के मातृत्व मृत्यु दर का बोझ 35 प्रतिशत है। इससे ज़ाहिर है कि लीकेज को रोका नहीं जा सका है। इतनी सारी योजनाओं के होने के बावजूद हाल के दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त कैश ट्रांसफर का वायदा किया गया था। बीजेपी ने गर्भवती महिला को 21,000 रुपए देने का वायदा किया है। यह मिलेगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता। हर महिला के लिए प्रतिमाह 2500 रुपए का भी वायदा है और लड़की की शादी करते समय 1,00,000 रुपए का वायदा है। बहरहाल, जो घोटाला प्रकाश में आया है उससे यह प्रश्न भी उठता है कि जन स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक मज़बूत करना या कैश ट्रांसफर करना? राजनीतिक पार्टियां एक ऐसे चुनावी मॉडल की तरफ जा रही हैं, जो सार्वजनिक विकास की बजाय निजी लाभ को वरीयता देता है। इसके गंभीर परिणाम होने जा रहे हैं-दोनों लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए और अर्थव्यवस्था के लिए भी। सबसे पहली बात तो यह है कि हम सीधे कैश ट्रांसफर टेक सफलता का दूसरा पहलू देख रहे हैं, जिसने स्थायी तौर पर राज्य का नागरिकों से संपर्क को बदल दिया है। राजनीतिक पार्टियों और नागरिकों के बीच में यह अनैतिक व्यवस्था स्थापित हो गई है कि 'अगर आपने मेरे साथ कुछ ऐसा किया तो मैं भी आपके साथ ऐसा ही कुछ करुंगा' यानी अगर आप वोट देंगे तो आपको कैश मिलेगा। न सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हर वैध अवैध हथकंडा अपनाया जाता है बल्कि सत्ता में आने के बाद राज्य के खज़ाने में गोता लगाकर सभी मौलिकताओं को एक किनारे लगाते हुए, मुफ्त की रेवड़ियां बांट दी जाती हैं। बस चुनावी राजनीति ही अपने आप में अंतिम लक्ष्य बनकर रह गया है। अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता।

पंचांग

सोमवार, 14 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - कृष्ण
- तिथि - प्रतिपदा 08.26 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - स्वाति 24.14 तक
- योग - वज्र 22.38 तक
- करण - तैतिल 21.42 तक
- सूर्योदय - 06.24 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.54 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.20 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.02 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - तुला
- अभिजित् मुहूर्त - 12.13 से 13.04
- राहु काल - 07.56 से 09.30
- व्रत, त्यौहार - आंबेडकर जयंती, संक्रांति पुण्यकाल सूर्योदय से 12.39 तक
- दिशा शूल - पूर्व

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

मां कैलादेवी के दरबार में भक्तों की संख्या ने तोड़ा रिकॉर्ड

उत्तर भारत का प्रसिद्ध मंदिर मां कैलादेवी के दरबार में चैत्र महीने में आयोजित होने वाले विशाल लक्खी मेले का समापन विधिवत रूप से 11 अप्रैल को हो गया। इस बार मेले में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखी गई, जो पिछले सालों की तुलना में काफी अधिक रही। अनुमान के मुताबिक इस बार 40 से 45 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। बता दें कि राजस्थान के लघु कुंभ के रूप में प्रसिद्ध यह 17 दिवसीय मेला हर साल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना रहता है। इस मेले के दौरान उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से भक्त बड़ी संख्या में मां कैलादेवी की चौखट पर हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। सबसे खास बात यह है कि इस वार्षिक मेले में सबसे अधिक संख्या पैदल यात्रियों की होती है। हर साल लाखों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पैदल यात्रा करते हुए मां के दरबार तक पहुंचते हैं।

चैत्र नवरात्रि में सबसे ज्यादा भीड़

इस साल मां कैलादेवी के चैत्र महीने में आयोजित होने वाले लक्खी मेले का शुभारंभ 22 मार्च से हुआ था, जिसका समापन 11 अप्रैल को विधिवत रूप से हुआ। इस बार भी मेले में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखी गई, जो पिछले सालों की तुलना में काफी अधिक रही। वैसे तो मेले के सभी 17 दिनों में लाखों की संख्या में भक्त मां के दर्शन के लिए पहुंचे, लेकिन चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस और दुर्गाष्टमी के दिन सबसे अधिक भीड़ उमड़ी। इन दोनों विशेष दिनों पर लगभग 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के परिचालन अधिकारी विवेक द्विवेदी के अनुसार इस बार करीब 40 से 45 लाख श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्रि के दौरान मां कैलादेवी के दर्शन किए हैं। उनका कहना है कि इस बार पिछले सालों की तुलना में भक्तों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भले ही चैत्र महीने का यह महापर्व और वार्षिक मेला अब समाप्त हो गया हो, लेकिन मां के दरबार में श्रद्धालुओं की आमद लगातार बनी हुई है। देशभर से श्रद्धालु अब भी माता रानी के दरबार में मन्नत मांगने पहुंच रहे हैं।

एआई से ज्यादा डराती

भविष्य की जेनेटिक इंजीनियरिंग

संजय श्रीवास्तव

आशंका इस बात की है कि रोगों से लड़ने की जैव तकनीकि ढूंढने वाले चिकित्सकों की शोध का सहारा ले ये वैज्ञानिक नउ रोगों का इजाद कर दवा व्यापार का नया रास्ता निकालने का काम न शुरू कर दें। ऐसे में नए और घातक रोग बढ़ सकते हैं, जिनका इलाज ढूंढना पहले से भी जटिल और मुश्किल साबित हो सकता है। ब्यूबॉनिक प्लेग खतरनाक है पर आज उसका इलाज मौजूद है अब यदि इस रोग के जीवाणुओं की जेनेटिक इंजीनियरिंग कर दी जाए तो यह जनसंहार का ऐसा हथियार बन जाएगा जिसका काट तुरंत मिलना तो नामुमकिन ही होगा। तकनीक के तहत गुणसूत्रों में हेरफेर करके मनचाहे शिशु डिजायनर बेबी को ही लें। भविष्य में यह सुविधा आसानी से उपलब्ध होने के चलते बहुत से लोग अपने बच्चे को बेहतर और सुरक्षित बनाना चाहेंगे पर जेनेटिक अभियांत्रिकी से बच्चे की लंबाई आंखों का रंग और बहुत से शारीरिक बदलाव के साथ उसे कई अनुवांशिक बीमारियों से मुक्त तो किया जा सकता है पर वह बच्चा कुछ नई बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता खो सकता है।

इमेज

सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर ही वैज्ञानिक चिंताएं नहीं हैं, जेनेटिक इंजीनियरिंग को लेकर भी कई विशेषज्ञ चिंतित हैं और इसे खतरनाक दोधारी तलवार मान रहे हैं। इनके मुताबकि इसके कुछ बहुत लाभकारी पहलू हैं, लेकिन कुछ गंभीर खतरे और नैतिक प्रश्न भी इससे जुड़े हैं,जो लगातार डरावने हो रहे हैं। मसलन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के जेनेटिकिस्ट और सिंथेटिक बायोलोजी के अग्रणी जार्ज चर्च कहते हैं, 'माना कि जेनेटिक इंजीनियरिंग में भारी संभावनाएं हैं,लेकिन इसके बायोटेरोरिज्म जैसे दुरुपयोग से इनकार नहीं किया जा सकता।' चर्च तो यहां तक कहते हैं कि अगर यह तकनीक गलत हाथों में गई, तो यह महामारी और जैविक युद्ध का कारण बन सकती है। आनुवंशकीय या जेनेटिक इंजीनियरिंग के निजी नियंत्रण में जाने से कई तरह के खतरे पैदा हो सकते हैं। महान भौतिकविद स्वर्गीय स्टीफन हाकिंग कहा करते थे कि अगर जेनेटिक इंजीनियरिंग का दुरुपयोग हुआ तो कुछ "सुपरह्यूमन" लोग खुद को बाकी मानव जाति से श्रेष्ठ बना सकते हैं। उन्होंने कहा था कि जीन एडिटिंग के कारण भविष्य में कोई नस्ल 'जेनेटिकली मोडीफाइड एलीट' बन सकती है, जो बाकी पर हावी हो सकती है। अगले एक दशक के भीतर ही इस प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग की आशंका के असर का आकलन किया जा रहा है, यह अलग बात है कि वैज्ञानिक इसकी काट में लगे हुए हैं। गुणसूत्रों या जीन में हेरफेर करके कैंसर और कुछ दूसरी लाइलाज बीमारियों से निजात पाने का रास्ता तलाशने की वर्तमान प्रकिया निकट भविष्य में संसार के कई देशों को और फिर समूचे संसार को अगले एक दशक भीतर ही खतरनाक मोड़ पर लाकर खड़ा कर सकती है। हालिया शोध और विकास की पड़ताल से पता चलता है कि इस दिशा में हो रही सकारात्मक प्रगति के साथ साथ कुछ नकारात्मकक ताकतें भी सक्रिय हैं, वे इस तकनीक का दुरुपयोग कर सकती हैं। अमेरिका और ब्रिटेन, जहां अनुवांशिकी और जीन संपादन या कहें जेनेटिक इंजीनियरिंग पर गहन काम हो रहा है, वहां के वैज्ञानिक अब खुले आम यह कहने लगे हैं कि कुछ वैज्ञानिक निहित स्वार्थों के तहत तो कुछ दुष्ट देशों के चंगुल में फंसकर अनुवांशिक अभियांत्रिकी अथवा जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीकि के साथ ऐसे प्रयोग में लगे हैं जिसके नतीजे घातक हो सकते हैं। विज्ञान की नैतिकता और देश के कानून के दायरे से बाहर जाकर काम कर रहे ये वैज्ञानिक आने वाले एक दशक में मानवता के लिये बेहद भयावह समस्या खड़ी कर सकते हैं। अमेरिकन एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ साइंस की यह चिंता वाजिब है कि यह न सिर्फ अनुवांशिकी और चिकित्सा के क्षेत्र के लिए बहुत नुकसानदेह है, वरन संपूर्ण मानवता को संकट में डालने वाला है, जीन एडिटिंग पर किये जाने वाले कार्यों को सरकार के कठोर नियंत्रण में होना चाहिए। जीन अभियांत्रिकी के क्षेत्र में बीते कुछ बरसों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिसके बहुत से फायदे भी हमें मिलने लगे हैं या मिलने वाले हैं। मसलन इस नई तकनीक का सहारा लेकर आज वैज्ञानिक पहले से बहुत ज्यादा आसानी से, कम समय में और बेहद सटीक तरीके से गुणसूत्रों का कुशल संपादन कर सकते हैं। जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए निकट भविष्य में ही सिस्टिक फाइब्रोसिस अथवा कई तरह के कैंसर का इलाज बेहद सरल हो जाने वाला है। इस तकनीकि में स्मृतिभ्रंश अथवा अलज़ाइमर, एचाआईवी और ब्लड कैंसर या बीटा थैलेसेमिया जैसे रोगों से निजात दिलाने की खूबी है। इससे ऐसे बैक्टीरिया बनाये जा रहे हैं जो वातावरण से कार्बन डाईआक्साइड सोखकर ग्लोबल वार्मिंग से मुक्ति दिलाएंगे, साथ ही ये बतौर ईंधन भी इस्तेमाल होंगे और इनसे रोगों को दूर करने वाले टीके भी बनाए जाएंगे। इस तकनीकि से मानव शरीर के खराब अंगों को जानवरों के अंगों से बदला जा सकेगा और अंग प्रत्यारोपण के लिए सही अंगों का निर्माण निजी प्रयोगशालाओं में हो सकेगा। निजी कंपनियां करीब 40 फीसदी मानव अंगों को पेटेंट करा भी चुकी हैं। जिस तरह कारपोरेट इस क्षेत्र में निवेश को उतावला है, उसे देखते हुए शोधकर्ताओं को इस क्षेत्र में हर कदम पर खतरा सूंघकर आगे बढना होगा ताकि उनके प्रायोगिक निष्कर्षों और प्रक्रियाओं का गलत लाभ ऐसे वैज्ञानिक न उठा सकें जिनके तार दुष्ट देशों या संगठनों से जुड़े हैं। जेनेटिक अभियांत्रिकी फिलहाल एक खुला क्षेत्र है। इस पर सरकारी नियंत्रण बहुत कम है। इधर इस क्षेत्र के तीव्र विकास में निजी क्षेत्र का भी बहुत योगदान सामने आया है। ऐसे में कुछ कारपोरेट के खरीदे हुए वैज्ञानिकों ने तरह तरह के पेटेंट करवाकर इससे अरबों डॉलर का व्यवसाय बना दिया है। कमजोर नियंत्रण और इस तरह के विकास और बाज़ार के प्रवेश ने इसे भविष्य के वैश्विक संकट बनने की सहूलियतें प्रदान कर दी हैं। इसलिए भविष्य में जीन अभियांत्रिकी दोधारी तलवार बन सकती है। यह एक हथौड़े की तरह है, जो हत्यारे के हाथ में हथियार, कलाकार के हाथ में औज़ार और किसी जज के हाथ में व्यवस्था स्थापित करने का प्रतीक बन सकता है।

तारीख विशेष

डा. भीमराव अंबेडकर

भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को हर साल मनाई जाती है। यह दिन न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी यह बहुत ही ज्यादा जरूरी हो जाता है। डा. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। डा. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू कस्बे में एक दलित (महार जाति) परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम भीमराव रामजी अंबेडकर था। उनका परिवार सामाजिक रूप से निम्न समझे जाने वाले वर्ग से संबंध रखता था, जिससे उन्हें बचपन से ही सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। स्कूल में उन्हें अलग बैठाया जाता था, पानी छूने की अनुमति नहीं थी और समाज में हर जगह उनके साथ भेदभाव किया जाता था। लेकिन बालक भीमराव ने इन सब कठिनाइयों को अपने शिक्षा के मार्ग में आड़े नहीं आने दिया। डा. अंबेडकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रतिभाशाली थे। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और फिर स्कॉलरशिप की मदद से अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से एम.ए. और पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे इंग्लैंड गए और वहां से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की। विदेश में रहते हुए उन्होंने महसूस किया कि शिक्षा ही वह हथियार है, जिससे सामाजिक असमानता को समाप्त किया जा सकता है। भारत लौटने के बाद उन्होंने न केवल वकालत शुरू की बल्कि सामाजिक आंदोलन का भी नेतृत्व किया। उन्होंने 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य दलितों को शिक्षा और सामाजिक अधिकार दिलाना था। डा. अंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाए। उन्होंने महाड तालाब सत्याग्रह और कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। इन आंदोलनों का उद्देश्य यह था कि दलितों को सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, और संसाधनों पर समान अधिकार मिले।

गीता सार

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः ।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकांचनः ॥

भावार्थ :

ऐसा मनुष्य स्थिर चित्त वाला और इन्द्रियों को वश में करके, परमात्मा के ज्ञान द्वारा परमात्मा को प्राप्त करके, पूर्ण सन्तुष्ट रहता है, ऐसे परमात्मा को प्राप्त हुए मनुष्य के लिए मिट्टी, पत्थर और सोना एक समान होते हैं। (८)

पाठक पाती

भय और प्रलोभन जीवन को नर्क में धकेलने के तत्व

भय और प्रलोभन ऐसे शब्द है, जिससे आदमी का जीवन बदतर हो सकता है। लालच में आकर मतांतर नहीं करने की सलाह रास्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुजरात के वलसाड में महादेव मंदिर की रजत जयंती समारोह में उच्चारण किए। किसी भी व्यक्ति को बड़ी रकम या लालच के रूप में धन की अपील कर मतांतर कराने के लिए आज भी ताकते सक्रिय है। हम अपने विचार पर अडिग रहें। धर्म से कोई बड़ा नहीं है। रोजमर्रा में हमे प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है। यह हमें धर्म से दूर कर सकते है। मोहन भागवत में एक समारोह में कहा कि यह हमें दूर ले जा सकती है। अपनी ताकत को पहचानना है। लोगों को लालच में आकर मतांतर नहीं करना चाहिए। यह नरक समान है। भागवत ने कहा कि हम एकजुट होना चाहते हैं और एकजुट होना जानते हैं। लेकिन हम लड़ना कतई नहीं चाहते हैं। मतांतर किसी लालच का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। आज भी धर्म विरुद्ध भड़काने और प्रलोभन देने वाले पग-पग पर तैयार हैं। अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

बोले तो...

कांग्रेस ने आंबेडकर का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया था। इस पुरानी पार्टी ने भारतीय संविधान के निर्माता का स्मारक बनाने से मना कर दिया था। इन्हीं लोगों ने बाबा साहब आंबेडकर को चुनाव हारने दिया। उनके 'महा परिनिर्वाण' के बाद स्मारक भी नहीं बनने दिया।

- योगी आदित्यनाथ

मुर्शिदाबाद जिले में ही हिंदू समुदाय की 86 से ज्यादा दुकानों और मकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ हुई है। ऐसी ही घटनाएं माल्दा, नादिया और दक्षिण 24 परगना में हुई हैं। यहां बार-बार सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं। विपक्षी नेताओं को हिंसा प्रभावित इलाकों में जाने नहीं दिया जा रहा।

- ज्योतिर्मय सिंह महतो

हम दिखावटी तौर पर लोकतंत्र की जननी हैं, लेकिन असल में आप तानाशाही के जनक हैं। वे (भाजपा) हिंदू-मुस्लिम एजेंडे पर अपनी राजनीति करना चाहते हैं और विपक्ष को खत्म करना चाहते हैं। कब्जे के नोटिस का उद्देश्य अखबार की संपत्तियों को अपने कब्जे में लेना है।

- कपिल सिब्बल

कुछ अलग | अजब गजब

पेड़ पर 'लैंड' हो गई कार, नज़ारा देख ड्राइवर को ढूंढ रहे लोग, पूछने लगे-'भाई किया कैसे?'

सोशल मीडिया और इंटरनेट के ज़माने में कब और क्या वायरल हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। हम ऐसी-ऐसी चीज़ें देख लेते हैं, जो पहले कभी सोची भी नहीं होती हैं। एक ऐसा ही वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है, जिसमें आप देखेंगे कि एक कार ऐसी जगह पर लटकी हुई है, जहां इसके पहुंचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पेड़ के ऊपर लटकी हुई कार की तस्वीर देखने के बाद आपको ये एआई या एडिटिंग का कमाल लग सकता है लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। ये बिल्कुल असली तस्वीर है, तो भला ऐसा काम किया किसने है? जो भी ये नज़ारा देख रहा है, वो थोड़ी देर के लिए सोच में पड़ जा रहा है कि कार आखिर यहां तक पहुंची कैसे होगी?

पेड़ पर पार्क हो गई कार

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक हरे-भरे पेड़ के ऊपरी हिस्से में एक कार लटकी हुई है। इस तरह से कार वहां पर अटकी है कि आप देखकर समझेंगे कि इसे वहां पर सेट किया गया है। आसपास

के लोगों ने इस नज़ारे के आसपास भीड़ लगा रखी है और वे इसे लेकर आपस में बातें कर रहे हैं क्योंकि अगर कहीं ये पेड़ से नीचे की तरफ गिरती है, तो सीधा ज़मीन पर आ जाती है और इसमें अगर कोई सवार होता, तो उसके बचने की संभावना ही खत्म हो जाती। ये कोई एक्सीडेंट है या फिर जान-बूझकर तैयार किया या नज़ारा, इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।

लोगों के मज़ेदार कमेंट

इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ankurprajapati600 नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। इसे 2 दिन पहले ही शेयर किया गया है लेकिन अब तक 28 लाख से भी ज्यादा लोग देख चुके हैं, जबकि बहुत से लोगों ने पसंद भी किया है। इतना ही नहीं बहुत से लोगों ने इस पर कमेंट भी किया है। एक यूज़र ने लिखा-किसने बनाया ये मुजस्समा? वहीं एक अन्य यूज़र का कहना था-'ये पापा की परी का कमाल है।'

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

प्रत्येक गांव को 11-11 पौधे भेंट, हर ग्राम पंचायत में होगी नर्सरी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 12 ग्राम पंचायत को टी.बी. मुक्त होने पर दिए सर्टिफिकेट

जागरुक टाइम्स संवाददाता

अलवर। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र में अभिनव नवाचार 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' का शुभारम्भ हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अलवर की ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा से किया गया। इसी क्रम में दूसरे दिन रविवार को ग्राम पंचायत दोंगड़ा में उसके कलस्टर कि ग्राम पंचायत बाघोड़ा, मूसाखेड़ा ब्रसंगपुर व चोरबसई तथा पंचायत नांगल सालिया में उसके कलस्टर के ग्राम पंचायत तिंगावा, झडक़ा, बघेरी खुर्द व तिजारा की ग्राम पंचायत ईशरोदा में उसके कलस्टर के ग्राम पंचायत बिछाला, लुहादेरा, मुंड़ाना इस प्रकार ग्राम पंचायत कमालपुर में उसके कलस्टर कि ग्राम पंचायत मसीत, मिठियावास, नाखनौल में सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा आयोजित हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद के रूप में अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव पर पहुंच कर आमजन से रूबरू होकर न केवल उनकी समस्याओं निदान करना बल्कि विकास कार्यो को गति प्रदान करने का उदेश्य से सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर के व्यक्ति को मिले इसके लिए इस कार्यक्रम में उनकी जानकारी के साथ साथ उन योजनाओं में पंजीयन सुविधा प्रदान की जाएगी।

ई- गुरुकुल के तहत स्थानिय छात्रों को ग्राम पंचायत पर डिजिटल लाईब्रेरी की सुविधा : केन्द्रीय

पर्यावरण मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य है और उन्हें अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन कराया गया, आगे भी इसे निरन्तर कराया जावेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में अलवर सांसद खेल उत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कहा कि हम जैसी ग्रामीण क्षेत्र की बालक-बालिकाओं को इस खेल उत्सव में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा की युवाओं को डिजिटल शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उदेश्य से अलवर संसदीय क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में ई लाइब्रेरी खुलवाने का उनका प्रयास है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 12 ग्राम पंचायत को टी.बी. मुक्त होने पर दिए सर्टिफिकेट : उन्होंने कहा कि खैरथल-तिजारा जिलें को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत योजना के तहत जिले कि 71 ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त घोषित किया गया है। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत मरीजों की जांच कर योजना के तहत प्रत्येक टी.बी. रोगी को प्रत्येक माह पोषण हेतू उनके खातो में 1000 रूपये दिए जा रहे है साथ ही पोषण किट प्रदान किये जा रहे है। सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत दोंगड़ा, चोरबसई, नांगल सालिया, तिंगावा, झडक़ा, बघेरी खुर्द, बिछाला, मुंड़ाना, कमालपुर, मसीत, मिठियावास, नाखनौल टीवी मुक्त होने पर सर्टिफिकेट एवं मोमेंट दिया। उन्होने बाकी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को उक्त योजना के माध्यम से अपने गांव को टी.बी. मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

प्रत्येक गांव को 11-11 पौधे भेंट, हर ग्राम पंचायत में होगी पौधशाला : केन्द्रीय वन मंत्री यादव ने 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' के प्रत्येक ग्राम पंचायत को 11-11 पौधे भेंट कर कहा कि इन पौधों के साथ ग्रामवासी अपने तरफ से 100 और पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधशाला बनाई जा रही है जिसमे नरेगा से दो श्रमिक भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को मां व धरती मां के प्रति अपनी कृतघ्यता प्रकट करने का अभियान बताते हुए सभी को अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

पीएम सूर्य घर योजना से जुडकर उठाए लाभ बचत के साथ होगा पर्यावरण संरक्षण : उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना से न केवल निर्बाध, निःशुल्क बिजली मिलेगी बल्कि इससे पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान भी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार व राज्य सरकार 17 हजार रूपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है इस तरह लाभार्थी को कल 95000 की सब्सिडी दी जा रही है। अतिरिक्त विद्युत उत्पाद होने पर सरकार उस बिजली को खरीदेगी। उन्होने आमजन से आह्वान किया कि इस योजना का लाभ उठाने हेतु सर्वप्रथम अपना रजिस्ट्रेशन करावे।

डेयरी सैक्टर को मजबूत करने, लखपति दीदी बनाने पर दिया जोर : उन्होंने कहा कि अलवर जिले के डेयरी सैक्टर को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के माध्यम से किसानों को अच्छी नस्ल के पशुओं के माध्यम से डेयरी क्षेत्र में विकसित हो, उन्होंने कहा की राजधानी के पास होने के कारण डेयरी का व्यापक मार्केट है जिसका लाभ उठते हुए हमें इस क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

भैसावता खुर्द निवासी डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ को ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड फैलोशिप

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सिंघाना। भैसावता खुर्द गांव के डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ का चयन ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए हुआ है। डॉ. धनखड़ उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है एवं राजस्थान सरकार द्वारा गठित जल नीति निर्धारण समिति के सदस्य भी हैं। जल प्रबंधन एवं संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. मनजीत सिंह सहित भारत के कुल छह जल विशेषज्ञों को अतिप्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए चयन हुआ है। ये सभी जल विशेषज्ञों ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान किया। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मामलात व ट्रेड विभाग की ओर से प्रदत्त इस अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप स्टडी को इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी एंड डवलपमेंट वर्ल्ड वाइड, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी तथा ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर मिलकर आयोजित कर रहे हैं।



डॉ. बसंत माहेश्वरी, डॉ. बसुंधरा भट्टराई के नेतृत्व एवं डॉ. निक शोफिल्ड, डॉ. रोजर पेकहैम के संयोजन में यह फेलोशिप 14 अप्रेल से होगी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बताया कि यह फैलोशिप विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। जिसके तहत राजस्थान में जल प्रबंधन एवं संरक्षण के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। अवार्ड फेलोशिप के तहत भारत के काटली नदी, आयड़ एवं बेडच बेसिन, ऑस्ट्रेलिया के हॉक्सबरी-निपीन, हंटर वैली, विंगेकेरेबी, वोलोंगोंग जल ग्रहण क्षेत्रों में वाटरशेड में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर मिलकर अध्ययन करेंगे। विश्व के 13 विशेषज्ञ जल प्रबंधन एवं संरक्षण, शहरी जल आपूर्ति प्रबंधन, वर्षा जल गुणवत्ता, बाढ़ प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन ग्रामीण-शहरी जल प्रबंधन, जल सुरक्षा, जल संशोधन, नदियों को पुन: जीवन, पर्यावरणीय प्रवाह इत्यादि विषयों पर गहन अध्ययन व परस्पर सीख से समग्र प्लान बनाएंगे। डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि राजस्थान के नदी बेसिनों के विकास व संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ की पत्नी डॉ. उर्मिला धायल भी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ सुधार अनुसंधान परियोजना में कार्यरत है।

पुरुषार्थी समाज ने बैशाखी पर्व पर समाज के 31 वयोवृद्धों को किया सममानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

अलवर। जिला पुरुषार्थी धर्मशाला समिति विवेकानंद चौक की ओर से बैशाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के 31 वयोवृद्ध गणमान्य समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने बताया कि इस समारोह में सभी बुजुर्गों समाजसेवियों को ही अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों के जीवन परिचय कराया गया और नई पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेन्द्र आहूजा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सममानित होने वालों में समाजसेवी हरीश कालड़ा ख, दौलत राम हजरती, चरणजीत सुनेजा, राजाराम सोनी, जगदीश गिज्जा अदलकखा, के. एल. अरोड़ा, सतीश भाटिया, किशन लाल अदलकखा, भगवान दास कथूरिया, लक्ष्मी चंद अरोड़ा, प्रीत पाल सिंह, बलजीत सिंह, इन्दर गांधी, लखमी चंद, मनोहर झाम, सतीश अरोड़ा, हरिकिशन खत्री, अमीर चंद, रामचन्द्र अरोड़ा, तिलक राज, जवाहर मिनोचा आदि थे। अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि पुरुषार्थी समाज ने हर क्षेत्र में

विकास किया है। अलवर में समाज की ओर से युवाओं के स्किल डवलपमेंट और उनकी शिक्षा सहित छात्रावास के नवीनीकरण पर जोर दिया जाएगा जिसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है जिसमें सभी संगठन पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र अदलकखा ने किया। इस अवसर पर राजेश खत्री, अनिल नकरा, गिर्राज बाली, मनोज आहूजा, प्रेम अरोड़ा, अशोक सोनी, प्रहलाद बत्रा, उत्कर्ष अरोड़ा, प्रियांश अरोड़ा, संदीप गौतम, अमित भाटिया ने बुजुर्गों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने अपने संस्मरण सुनाए। पुरुषार्थी धर्मशाला समिति की ओर से मीठे पीले चावल वितरित किए।

भागवत पुराण के महात्म्य की कथा का श्रवणपान करवाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

मुकुंदगढ़। निकटवर्ती ग्राम चूड़ी अजीतगढ़ के वार्ड नंबर नौ में दीनदयाल पीपलवा के आवास पर सप्त दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ सीताराम शास्त्री दिल्लीवाले के मुखारबिंद से हुआ। कथा में भागवत पुराण के महात्म्य की कथा का श्रवणपान करवाया गया। इससे पहले श्री बुगले वाले बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ की गई। जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. लालचंद, प्रभुदयाल शर्मा, सुरेश शर्मा, भागीरथ सैनी, विनोद रावण, पुरुषोत्तम पीपलवा, कैलाश पीपलवा, घनश्याम शर्मा, गोपालसिंह शेखावत, राजकुमार मनिका सहित भारी संख्या में मातृ शक्ति ने भी कथा का रसपान किया।

श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं को 11 गायों का होगा गोदान

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। श्री बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्वर्ण जयंती समारोह 16 एवं 17 अप्रेल को भव्य रूप से झुंझुनूं में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर देश-विदेश के कोने-कोने से हजारों प्रवासी भक्तों का आना प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर को गौ सेवा के साथ शुरू करने के प्रकल्प को ध्यान में रखते हुए मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अनिल मोदी ने श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं डॉ. डीएन तुलस्यान से श्री पंचदेव मंदिर में आपसी विचार-विमर्श के साथ अपनी इच्छा जताई कि वे इस अवसर को यादगार बनाने के लिए वे गौ सेवा में कुछ अच्छा करना चाहते हैं। इस अवसर पर उपस्थित संजय जालान हैदराबाद, प्रदीप मोदी सूरत, झुंझुनूं से प्रदीप

पाटोदिया, सुनिल (बंटी) मोदी के साथ आपसी चर्चा करते हुए विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में उन्हें बताया गया जिस पर उन्होंने कहा कि बाबा गंगाराम जी की इच्छा के अनुसार भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन जी एवं माता गायत्री देवी का हमेशा ही गौ सेवा में रुझान रहा है। उन्होंने इस अवसर पर 11 गायों का गौदान करने की स्वीकृति दी है। स्वर्ण जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर 11 गायों का गौदान पंचदेव मंदिर झुंझुनूं परिसर में 15 अप्रेल मंगलवार सुबह 9 बजे विधि विधान के साथ विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया जाएगा। श्री गोपाल गौशाला में लगातार गौसेवा के लिए भामाशाहों की मदद मिल रही है। गौशाला में गौसेवा पर विश्वास की मोहर लगाते हुए विकास के कार्य लगातार हो रहे है। अब 11 गायों का गौदान करने की स्वीकृति पंचदेव मंदिर की ओर से मिली है है। गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि दानदाताओं का गौशाला के प्रति विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिससे दानदाता बड़ी संख्या में जुड़कर गौ सेवा में आगे आ रहे हैं।

राज्यमंत्री शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय में वाटर कूलर का किया शुभारम्भ, पेयजल टैंकर को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जागरुक टाइम्स संवाददाता

अलवर। राज्यमंत्री शर्मा ने पुरुषार्थी समाज द्वारा राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में लगाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ किया। उन्होंने पुरुषार्थी समाज द्वारा वाटर कूलर लगाए जाने पर साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में मानव सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस वाटर कूटर के शुरू होने से चिकित्सालय में आने वाले लोगों को शीतल जल मिलेगा। साथ ही उन्होंने पुरुषार्थी समाज द्वारा पेयजल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले आमजन की पेयजल व्यवस्था हेतु शुरू किए गए 'पानी के टैंकर' को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर जिले की पेयजल समस्या समाधन हेतु अनेक सौगाते दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल हेतु परेशानी का सामना नहीं करने पडे इसके लिए विधायक निधि की सम्पूर्ण 5 करोड़ रूपये की राशि अलवर शहर की जनता की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए समर्पित की गई है। इस निधि से 39 बोरिंग करवाई गई हैं तथा अन्य स्वीकृत बोरिंगों को चालू कराने के लिए तेजी से कार्य किए

जा रहे हैं। इस दौरान मंत्री शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय में अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, अशोक आहूजा, रमेश जुनेजा, सौरभ कालरा, प्रेम गांधी, दीवान चंद सेतिया सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

अंबेडकर जयंती पर सभा एवं रैली का आयोजन आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

गुढ़ागौड़जी। स्थानीय भैंरू कॉलोनी टोडी परम पूज्य डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आगामी 14 अप्रेल को भैंरू कॉलोनी टोडी-गुढ़ागौड़जी में एक भव्य सभा एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। यह वार्षिक आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे सामाजिक उत्साह और एकता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:15 बजे होगी। जिसमें डॉ. अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले समेत अन्य महान विचारकों के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात विचार नारे, संगीत धुनों और बैनरों के साथ रैली निकाली जाएगी। उक्त जानकारी ख्यालीराम पूर्व सरपंच टोडी व मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा ने बताया कि रैली भैंरू कॉलोनी से प्रारंभ होकर झुंझुनूं-उदयपुरवाटी रोड होते हुए स्व. बन्नाराम मीणा आदिवासी छात्रावास, टोडी तक जाएगी। जहां धन्यवाद सभा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समस्त सामाजिक बंधुओं से अनुरोध है कि इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन में सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश दें।

न्यूज ब्रीफ

निःशुल्क नेत्र शिविर में 140 मरीजों की जांच, 62 का होगा लेंस प्रत्यारोपण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

कुचामन सिटी। डीडवाना में श्री आदर्श सरस्वती सेवा समिति ने रविवार को अग्रसेन भवन में 32वां नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया। शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर और जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 140 मरीजों की जांच की गई। जांच के बाद 62 मरीजों का चयन लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया है। समिति के मीडिया प्रभारी लोकेश अग्रवाल ने बताया कि चयनित मरीजों का ऑपरेशन सोमवार को जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल में होगा। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिव्या खंडेलवाल अत्याधुनिक और टांके रहित तकनीक से सर्जरी करेंगी। समिति अध्यक्ष नितेश बाजारी ने बताया कि मरीजों को चश्मा, भोजन और रहने की सुविधा नि:शुल्क दी जाएगी। अगला शिविर 11 मई को लगेगा, जो समिति का 33वां शिविर होगा। समिति नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा, दिव्यांगों को उपकरण वितरण, कवि सम्मेलन और भजन संध्या जैसे सामाजिक कार्यक्रम भी करती है। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष नितेश बाजारी, मंत्री बनवारी मोट, कमल भारूका, अशोक घोड़ावत समेत कई कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया।

आज जय भीम के नारे से गूंजेगा बगड़

जागरुक टाइम्स संवाददाता

बगड़। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बगड़ के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उपलक्ष में बगड़ विशाल भव्य रैली आयोजन होने जा रहा है। सोमार को सुबह 8 बजे पीरामल गेट पोस्ट ऑफिस के पास से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, बीएल चौक, निर्मल कॉलोनी, अंबेडकर सर्किल जाटावास पहुंचकर बाबा साहेब प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके वाल्मिकी बस्ती होते हुए अंबेडकर पार्क, खटीकान मोहल्ला से निमड़ी स्टैंड पर रैली समापन किया जाएगा। रैली समापन के तुरंत बाद भंते विनयपाल जी बुद्ध विहार जय पहाड़ी सानिध्य में कार्यक्रम किया जाएगा। साथ में सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों को सम्मान किया जाएगा। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बगड़ अपील कि है की विशाल भव्य रैली व कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कायक्रम कि शोभा बढ़ाए।

परिंडा अभियान-महिला थाना परिसर में एसएचओ ने बांधे परिंडे

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। तपन भरी गर्मी के बीच परिंदों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करने को लेकर दैनिक उद्योग आस-पास समाचार पत्र की ओर से चलाएं जा रहे 'आईए परिंदों के लिए रखें चुग्गा-पानी अभियान' के अंतर्गत लोग नेक काम में शामिल हो रहे हैं। अभियान के पहले दिन झुंझुनूं महिला थाना प्रभारी अभिलाषा ने अपने कर्तव्य के साथ धर्म भी निभाया। सुबह महिला थाना परिसर में परिंदों के लिए परिंडे बांधकर उनमें पानी डाला। थानाधिकारी अभिलाषा ने इस अभियान की सराहना करते हुए अन्य लोगों से भी गर्मी के इस मौसम में नेक काम में शामिल होने का आह्वान किया।

स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के कोच गुरूदयाल सैनी बने कराटे में ब्लैक बेल्ट

जागरुक टाइम्स संवाददाता

बगड़। स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि कराटे ब्लैक बेल्ट की गुरूदयाल सैनी ने एग्जाम दी। जिसका 12 अप्रेल को परिणाम आया। जिसमें ए प्लस प्लस उत्कृष्ट परिणाम रहा। इस अवसर पर स्पोर्ट्स जोन एकेडमी में सम्मान समारोह का प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें गुरूदयाल सैनी को माला पहनकर ब्लैक बेल्ट का सर्टिफिकेट देकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के अकाउंटेंट पूनम कुमारी, आजाद सैनी, रजनीकांत शर्मा व कराटे के खिलाड़ी मौजूद रहे।

चनाना में बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। चनाना गांव स्थित अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जयंती के मौके पर सोमवार को बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण होगा। यह मूर्ति

कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा द्वारा स्थापित करवाई गई है। जिसका अनावरण सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे स्वयं जिलाध्यक्ष सुंडा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बिग केट गठबंधन नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिशाषी अधिकारी जुगलाल सिंह मेघवाल होंगे। जबकि अध्यक्षता सरपंच चरण सिंह धींवा तथा पंचायत समिति सदस्य सुमन डिग्रवाल करेंगी। विशिष्ट अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के अतिरिक्त निदेशक मुकेश डिग्रवाल होंगे। कार्यक्रम का आरंभ मूर्ति अनावरण के साथ शुरू होगा। इसके बाद साढे नौ बजे संवाद कार्यक्रम और 11 बजे सम्मान समारोह होगा। भीमराव अम्बेडकर समिति चनाना के अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने बताया कि उनके द्वारा बाबा साहेब के सम्मान और उनके जीवन के बारे में हर व्यक्ति को मालूम हो। इसके लिए लगातार सालों से मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में बाबा साहेब की फोटो भी उपलब्ध करवाई थी। वहीं अब नवलगढ़ पंचायत समिति की 11 पंचायतों में अंबेडकर भवन बनाने के लिए राशि का आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 पंचायतों में ना केवल अंबेडकर भवन बनेंगे। बल्कि लाइब्रेरी के साथ—साथ सभी में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी ताकि बाबा साहेब के आदर्शों से युवा पीढी प्रेरणा लें। साथ ही युवाओं को लाइब्रेरी के लिए गांव से दूर नहीं जाना पड़े।

ग्रामीण बोले: पुनर्गठन में अन्याय हुआ तो करेंगे आंदोलन, दी चेतावनी

ऐसाऊ, मजरा नवा अरट एवं दानावा के ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

विधायक गरासिया से ग्रामीणों ने की मुलाकात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। पंचायत पुनर्गठन को लेकर जारी अधिसूचना के विरोध में रविवार को अजारी क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने विधायक समाराम गरासिया से उनके निवास स्थल वरली में मुलाकात की। ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम ऐसाऊ, दानावा, छोटा दानावा, कैलाशनगर, सिंगलावा, नवाअरठ एवं अजारी फाटक को प्रस्तावित कांटल पंचायत में शामिल करने के बजाय पूर्ववत अजारी पंचायत में ही रखा जाए या फिर ऐसाउ को पंचायत बनाया जाए। ऐसा नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों ने एक राय होकर चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि मजरा नवा-अरट से काटल की दूरी सात किलोमीटर है। ऐसे में यहां लोगों के आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा दूरी के कारण यहां का मतदान प्रतिशत भी कम रहेगा। विधायक समाराम गरासिया ने ग्रामीणों की बात गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन देकर इस संबंध में उचित स्तर पर वार्ता करेंगे और ग्रामीणों की भावना के अनुरूप उचित कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा।

गौतम ऋषि के लक्खी मेले का आगाज, आज अवतरित होगी गंगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पोसालिया। चोटीला स्थित मीणा समाज के आराध्य देव गौतम ऋषि महादेव मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला रविवार से शुरू हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष रताराम मीणा के अनुसार मेले में रविवार सवेरे से ही मेलार्थियों का आगमन शुरु हो गया। सोमवार तड़के 4.45 बजे गंगा का अवतरण होगा। इस दौरान समाज के लोग विधि के गंगा मैया की पूजा अर्चना कर विगत वर्षभर में दिवंगत हुए परिजनों की अस्थियो का विसर्जन करेंगे।

शिविर में 65 मरीजों ने करवाई जांच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। मुस्लिम वक्फ कमेटी व मुस्लिम यूथ कमेटी की ओर से आश्मा मेमोरियल हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान मे ईस्लामिया स्कूल आबूरोड मे निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 65 मरीजों कि निःशुल्क चिकित्सा जांच कर उनका उपचार किया गया। मुस्लिम यूथ के लईक अहमद ने बताया कि शिविर मे एमबीबीएस डा. सिकन्दर एजाज व एमबीबीएस डा. बुसरा निजाम अपनी सेवाए दी। शिविर मे समीप के क्षैत्रो के 65 मरीजो ने जांच करवाई। चिकित्सक सिकन्दर ऐजाज ने बताया कि अब हर महा इस क्षैत्र के लोगों के लिए मुस्लिम वकफ कमेटी व मुस्लिम यूथ कमेटी के सहयोग से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मुस्लिम वकफ कमेटी के सदर हाजी सलीमखान, सचिव शोक नागौरी, अख्तर अली बोहरा, मुस्लिमयूथ से फकरूद्दीन जाजम, रफिक मोयल, अब्दुल भाई सहित सदस्यो ने अपनी सेवाए दी।

नाडोल से सुरत बस शुरु करवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। सिरोही एवं पाली जिले के लोगों ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर सिरोही आगार की पूर्व में संचालित सिरोही से सुरत बस जो वर्तमान में बंद पड़ी है। उसको नाडोल से सुरत शुरु करवाने की मांग की है। बाली, सुमेरपुर, सिरोही क्षेत्रवासियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 से पहले सिरोही सुरत सिरोही रोडवेज बस को बंद कर दिया गया। क्षेत्रवासियो के परिवारो का सुरत से भी मारवाड़ गोडवाड अत्यधिक आवागमन रहता है। ऐसे में सिरोही मुख्य प्रबंधक को आदेश जारी कर नाडोल, देसुरी, सादड़ी, बाली, साण्डेराव, सुमेरपुर, शिवगंज, सिरोही, आबूरोड, अहमदाबाद, बडौदा से सुरत तक संचालित करवाने की मांग की है। इससे पूर्व प्रवासी संघ के प्रदेश महासचिव महेंद्रसिंह परिहार ने उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन देकर सिरोही सूरत को शुरु करवाने की मांग की। इसके अलावा भीनमाल जालोर की जो बसें बंद है उनको भी शुरु करवाने की मांग की।

महादेव रॉयल ने सुमेरपुर हिरोज को हराया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

शिवगंज। सुमेरपुर मे आईपीएल की तर्ज पर आयोजित सुमेरपुर चैंपियन ट्रॉफी2025 मे फाइनल मुकाबला महादेव रॉयल और सुमेरपुर हिरोज के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले मे महादेव रॉयल उर्फ महादेव ग्रुप ने टॉच जीत कर कप्तान ईश्वर देवड़ा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 10 ओवर मे 9 विकेट खो कर 87 रन बनाए। जिसमे मनीषसिंह ने 10 बॉल मे 28 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी जीता का विशाल स्कोर 87 खड़ा किया। टीम के उप कप्तान नरेंद्र परिहार उर्फ नंदू माली ने बताया कि महादेव रॉयल के 87 रन का पीछा करने उत्तरी टीम सुमेरपुर हीरोज की शुरुआत अच्छी रही। महादेव रॉयल के गेंदबाज मनीषसिंह ने 2 ओवर मे 11 रन देकर 3 विकेट झटके जिससे उनकी पारी लड़खड़ा गई और फिर पूरी टीम निर्धारित 10 ओवर मे 72 रन पर

आल आउट हो गई। जिसमे सर्वाधिक रन विशाल श्रीवास्तव ने 13 बॉल मे 18 रन का योगदान दिया। मैच मे मैन ऑफ दी मैच मनीषसिंह रहे। विजेता टीम व उप विजेता टीम को समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी व भामाशाह प्रेमसिंह राव भीनमाल ने विजेता ट्रॉफी व 21000 का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार उप विजेता टीम को ट्रॉफी और 11000 का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महादेव रॉयल उर्फ महादेव ग्रुप की जीत पर खिमाराम देवड़ा, रमेश देवड़ा, पूजा देवड़ा, मनीष देवड़ा ने खुशी जाहिर की।

गरासिया समाज की बैठक में लिए कई निर्णय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। दानवाव स्थित गरासिया समाज कार्यालय भवन में रविवार को गरासिया समाज विकास सेवा समिति की जिलास्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष नरसाराम गरासिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बालक बालिका को शिक्षा से जोड़ने, समाज में प्रचलित कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया गया। युवा पीढ़ी को आपराधिक गतिविधियों मामलों से दूर रहने के लिए समाज के जाजम से संदेश दिया। पीपली पूनम पर पूर्वजों के अस्थि विसर्जन के दौरान आयोजित मेले में समिति जल सेवा की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। जल सेवा के लिए कैम्पर खरीदने के लिए प्रधान लीलाराम पूर्व प्रधान अणदाराम, जिलाध्यक्ष नरसाराम, पूर्व जिला अध्यक्ष पूराराम, पंचायत समिति सदस्य रामलाल रणोरा, जिला कोषाध्यक्ष भावाराम गरासिया, सलाहकार छोगाराम, ब्लॉक अध्यक्ष जोलाराम, सरपंच लीला बाई, उपाध्यक्ष गेनाराम जिला सलाहकार भीमाराम, जिला संगठन मंत्री लखमाराम, अर्जुन गरासिया ने सहयोग राशि जमा की। इसके बाद समाज भवन में शौचालय निर्माण का प्रस्ताव लिया गया। जिला सचिव प्रभुराम, रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष नरसाराम, पिंडवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुराम, पूर्व सरपंच लखमाराम जी क्यारियां सरपंच लीला बाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मंशाराम, पूर्व कोषाध्यक्ष अध्यक्ष भीमाराम, ब्लॉक सचिव कमलेश, समाज सेवी सदस्य अर्जुन, सुखाराम, पप्पुराम, वागाराम आदि बैठक में उपस्थित रहे।

फर्जी प्रमाण पत्र से पाई सरकारी नौकरी, की जांच की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। छात्र कल्याण परिषद के प्रदेश संरक्षण व शिक्षा बचाओ समिति के प्रदेश संयोजक गोपालसिंह राव ने कांग्रेस राज में लगे सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रमाणपत्र यथा दिव्यांग, टीएसपी सहित अन्य सभी दस्तावेजों के पुनः सम्पूर्ण जांच की मांग की है। आबूरोड़ निवासी ताराराम परिहार ने राजस्थान के डिप्टी सीएम डॉ. प्रेम चंद बैरवा को शिकायती पत्र सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग भी की है। ज्ञापन में बताया कि आबूरोड़ तहसील और पिण्डवाड़ा उपखण्ड का कुछ हिस्सा अनुसूचित क्षेत्र में आता है । जबकि पूरा आबूरोड़ उपखण्ड वर्ष 2018 में टीएसपी क्षेत्र में शामिल किया गया । टीएसपी प्रमाण पत्र के लिए 1970 से पूर्व के निर्वाचन अभिलेख, भू-अभिलेख व अन्य विश्वसनीय दस्तावेज जरूरी होते हैं। टीएसपी, दिव्यांग व फर्जी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर दर्जनों लोगों ने सरकारी नौकरी हासिल की है।

अंबेडकर जंयती पर विचार गोष्ठी आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जावाल। अम्बेडकर जयंती को लेकर सोमवार को परमार भवन में भारतीय दलित साहित्य अकादमी सिरोही के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष नारायणलाल मेघवाल ने दी।

मालगांव के विद्यालय भवन का शिलान्यास आज

» सांसद चौधरी एवं केपी संघवी ट्रस्ट के सदस्य रहेंगे उपस्थित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के तहत केपी संघवी चेरिटेबल ट्रस्ट पावापुरी की ओर से मालगांव के माध्यमिक विद्यालय में में बनाए जा रहे नवीन भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास सोमवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी एवं केपी संघवी परिवार के सदस्य दिलीप एच. संघवी एवं अपूर्व के. संघवी करेंगे। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार एवं ट्रस्ट के मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन ने बताया कि इसका निर्माण राज्य सरकार नही बल्कि ट्रस्ट स्वयं के स्तर पर करवाएगा। ऐसा राज्य का यह पहला प्रस्ताव हैं जिसे राज्य सरकार ने मंजूरी प्रदान की हैं।



31 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बनेगा स्कूल

नया स्कूल भवन 31 हजार वर्गफीट में निर्मित होगा। जिसमें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होगी। ट्रस्ट के चेयरमेन किशोर एच. संघवी ने बताया कि इस स्कूल भवन का निर्माण दो वर्ष में पूर्ण कर भवन राज्य सरकार को सुपुर्द किया जाएगा। समारोह में विधायक मोतीराम कोली, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान राधिका देवासी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मृदुला व्यास एवं ग्राम पंचायत की प्रशासिका निरमा देवी मेघवाल की भी उपस्थिति रहेगी। मालगांव में वर्तमान में जो स्कूल चल रहा हैं। उसकी प्रारंभिक नींव 75 वर्ष पूर्व जैन समाज ने रखी थी।

वार्षिकोत्सव का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सरुपगंज। वासा के कमला देवी मंदिर में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसके निमित्त दिनभर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। ढाकेला फली स्थित कौशिक गौत्र की कुलदेवी कमला देवी माता वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अनिल पुत्र चंपकलाल दवे ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद दवे परिवार द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी। महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान गोरवाल ब्राह्मण समाज कौशिक गौत्र के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली।

शुभ मुहूर्त में स्थापित होंगी प्रतिमाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। तरतोली स्थित साई बाबा मंदिर के पास स्थित राजपुरोहित भवन में रविवार को ब्रह्माजी मंडल बसंतगढ़, सरूपगंज के गायत्री मंडल एवं आबूरोड मंडल के सदस्यों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभा भवन में नवनिर्मित मंदिरों में खेताराम महाराज, सरस्वती माता एवं शिक्षाविद आत्मानंद महाराज की मूर्ति स्थापना करने के लिए शुभ मुहूर्त एवं विधि विधान से मूर्ति स्थापना करने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया कि 27 नवम्बर को मूर्ति स्थापना की जाएगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहले दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बालिकाएं कलश लेकर शामिल होंगी। दूसरे दिन गणपति स्थापना एवं यज्ञ किया जाएगा। तीसरे दिन प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। मूर्ति स्थापना के पहले मई माह में तीनों परगनों की सार्वजनिक बैठक में संतों के सानिध्य में चढ़ावे की बोलिया बोली जाएगी। आबूरोड मंडल अध्यक्ष मोतीलाल पुरोहित, पन्नालाल पुरोहित, लोकेश पुरोहित, खेताराम पुरोहित, बाबूलाल पुरोहित, प्रताप पुरोहित, नारायण लाल पुरोहित, सतीश पुरोहित, शंकरलाल पुरोहित, भरतपुरोहित, रामलाल पुरोहित, नारायणलाल पुरोहित, ब्रह्मदत्त पुरोहित, अर्जुन पुरोहित, अचलाराम पुरोहित आदि मौजूद थे।

जिले में संविधान स्वाभिमान यात्राओं का शुभारंभ आज से

» उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर किया विभिन्न समितियों का गठन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर के योगदान के प्रचार करने के लिए 14 से 28 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम एवं संविधान स्वाभिमान यात्राएं आयोजित की जाएगी। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर जनभागीदारी सुनिश्चित कर स्मरणोत्सव को सफल बनाने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसका जिलास्तरीय नोडल अधिकारी उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही को बनाया गया है। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि इसके लिए उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उपखंड क्षेत्र के लिए संबंधित उपखंड अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित निकाय के आयुक्त या ईओ को सह नोडल अधिकारी तथा ग्रामीणक्षेत्र के विकास अधिकारी को सह नोडल अधिकारी बनाया गया है। ग्राम पंचायत स्तर के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को नोडल अधिकारी तथा संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को सह नोडल अधिकारी बनाया गया है।इसी क्रम में सुभाषचन्द्र बोस राष्ट्रीय सेवा समिति की ओर से डॉ अम्बेडकर जयंती समारोह के दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्र के तहत रविवार को जिला मुख्यालय सिरोही की गरीब बस्तीयों में फल, कपडे एवं मिठाई वितरित की। नेताजी फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल ने ने बताया कि रामझरोखा मैदान के पास, बिजली विभाग के सामने, बायपास भाटकडा रोड, खेतलाजी मंदिर तथा गोयली रोड स्थित कई गरीब बस्तीयों में यह पुनित कार्यक्रम चलाकर लगभग 250 जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मेघवाल, समिति सदस्य ताराराम डांगी, गणेशराम परमार, नारायण मेघवाल, दीपु तोलानी, विशाल एवं शिवन्या आदि मौजूद थे।

रेवदर। डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर उपखण्ड मुख्यालय पर अम्बेडकर सेवा समिति और अनुसूचित जाति और जनजाति व संविधानप्रेमियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के बलवंत मेघवाल ने बताया कि कस्बे के सरेसी माता मंदिर से शोभायात्रा की शुरुआत होगी।

एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या में उमड़े भक्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सरूपगंज। नई धनारी में रामेश्वर हनुमान मंदिर के तृतीय वार्षिक मेले में भक्तों ने शोभायात्रा निकालकर सुख-शांति व खुशहाली की कामना की। मेला आयोजन समिति के सुरेश थिंगोर ने बताया कि मेले के तहत कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में वार्षिक मेले व नवनिर्मित सभागार के भामाशाहों का सम्मान किया गया।

इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। राष्ट्रीय भगवा सेना के अध्यक्ष कमलभाई रावल का आतिथ्य रहा। रात्रि में ग्यारह सौ दीप जलाकर बालाजी की आरती की गई। रात को एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। रामेश्वर हनुमान मित्र मंडली सहित सर्वसमाज के युवाओं का सहयोग रहा।

पिण्डवाड़ा। झाडोली में हनुमान जन्मोत्सव पर भजन कलाकार बंसल एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दीज। जिस पर श्रोता नाचने लगे। जादूगर चंचल मध्यप्रदेश ने भी अपनी कलाओं से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मेले का समस्त खर्च जयंतीलाल पुत्र शिवराम रावल परिवार ने किया। मंडल ने उनका सम्मान किया गया। 2026 में मेले का समस्त खर्च नारायणलाल पुत्र धुलाराम भाटी की ओर से होगा।

जेकेपुरम। कोजरा में विहिप बजरंग दल के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। सवेरे हनुमान को 51 किलो रोट महाप्रसाद का भोग लगाया गया। शाम को एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। समारोह के सफल आयोजन में बजरंग दल प्रखंड सह संयोजक मेहुल रावल, बजरंग दल संयोजक चेतन दमानी, बजरंग दल सह संयोजक जीतू माली, खुमाराम कलबी, जगदीश रावल, सुरेश कलबी, कमलेश कलबी, प्रवीण जोरेशा, हरीश कलबी, अश्विन, केशव, चेतन, दीपक का सहयोग रहा।

गर्मी को देखते हुए वन विभाग अलर्ट मोड पर

पैंथर व हिरण के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था की

जागरूक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। गर्मी के मौसम में जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। वो है पीने के लिए पानी। जी, हां ना केवल आमजन को, बल्कि जीव—जंतुओं को भी पानी की महत्ती आवश्यकता है। झुंझुनूं जिले में स्थित पांच कंजेंवेशन रिजर्व जगहों में से दो जगहों पर पैंथर रहते है। तो एक जगह पर काले हिरण और चिंकारा रहते है। इनके लिए वन विभाग ने भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया है। ताकि कोई भी जीव पानी से ना मरें और ना ही भटके। झुंझुनूं डीएफओ उमदाराम सियोल ने बताया कि झुंझुनूं जिले में बांसियाल, बागोर, मनसा माता तथा बीड़ चार कंजेंवेशन रिजर्व है। जबकि शाकंभरी कंजेंवेशन रिजर्व झुंझुनूं और सीकर में है। इनमें से बांसियाल बागोर तथा मनसा माता कंजेंवेशन रिजर्व में कुल 13 पैंथर है। वहीं झुंझुनूं की बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व में 62 काले हिरण और 24 चिंकारा मौजूद हैं। इन सभी को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी मिले। इसके लिए सभी वॉटर हॉल्स पूरी तरह से व्यवस्थित करवा दिए गए है। वहीं इनमें नियमित पानी आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागीय टीम लगाई है। जो इन वॉटर हॉल्स की मॉनेटरिंग करते है। सियोल ने बताया कि पानी के लिए ना ही तो किसी वन्य जीव को भटकना पड़ेगा और ना ही प्यास से किसी की जान जाएगी। डीएफओ उमदाराम सियोल ने बताया कि बांसियाल में छह और मनसा माता कंजेंवेशन रिजर्व में सात पैंथर छोड़े गए थे। संभावना है कि इनका कुनबा बढा है। हालांकि नए आंकड़े तो वन्य जीव गणना के वक्त आएंगे। लेकिन हमारा फिलहाल टारगेट यही है कि गर्मी के कारण ना तो पैंथर को, ना ही हिरणों को और ना ही किसी अन्य वन्य जीव को भटकना पड़े। साथ ही इनके खाने को लेकर भी अभी तक कोई समस्या सामने नहीं आई है। खासकर पैंथर को पहाड़ी में ही अन्य जानवर मिल जाते है। उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही वन विभाग ने गश्त और जल प्रबंधन के इंतजामों को और बढ़ा दिया है, ताकि वन्यजीवों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इन सभी की देखभाल के लिए विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और वाटरहॉल्स की स्थिति की निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ रिजर्व में धामन घास की पर्याप्त मात्रा है, जिसका हिरण और चिंकारा सेवन कर रहे हैं।

नलकूप व टैंकरों के जरिए व्यवस्था : अप्रैल का महीना है और पारा 40 से उपर चल रहा है। इस प्रचंड गर्मी में हर कोई हलकान है। ऐसे में वन विभाग की पूर्व तैयारियां वन्य जीवों के लिए वरदान साबित हो रहा है। वन विभाग द्वारा कंजर्वेशन रिजर्व में पैंथर, हिरणों और चिंकारा सहित अन्य वन्य जीवों के लिए जो जगह जगह वाटरहॉल बनाए हैं, जिनमें नलकूप और टैंकरों के जरिए नियमित पानी की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही, छायादार आश्रय स्थल भी तैयार किए गए हैं ताकि जानवरों को तपती धूप से राहत मिल सके।

अन्नदान योजना के अंतर्गत 100 परिवारों को राशन वितरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता, बैंगलोर की ओर से संचालित मासिक अन्नदान योजना के अंतर्गत रविवार को 100 परिवारों को राशन भेंट किया गया। अप्रैल माह के इस सेवा कार्य का आगाज श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी, मंत्री विनोद कोचर तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद दूगड़ व सन्दीप घोड़ावत, विजय सिंह कोचर, नवीन सेठिया के साथ इंदौर से आई हुई रीना रजत जैन ने किया। इस अवसर पर अमरचंद कोठारी ने कहा कि दान सहयोग जैन धर्म के अपरिग्रह का एक रूप है। बैंगलोर प्रवासी ख्यातिप्राप्त समाजसेवी मुरारीलाल सरावगी जन्मभूमि क्षेत्र में जो सेवा कार्य करवा रहे हैं वह अनुकरणीय हैं। विशेष रूप से राशन सहयोग सबसे विशिष्ट है। उन्होंने तेरा पंथ धर्म संघ के प्रमुख श्रावक तथा आचार्य तुलसी के अन्यंन भक्त स्व. बिहारी लाल जैन की समाज सेवा का भी उल्लेख किया व कहा कि पिता के सिद्धांतों के अनुरूप मुरारी लाल सरावगी निष्काम सेवा कार्य कर रहे हैं। विनोद कोचर ने कहा कि अन्नदान कार्य 5 साल से यह कार्य अबाध गति से चल रहा है। यह सम्भवतः चुरू जिले व शेखावाटी क्षेत्र में एक अलग प्रकार का सेवा कार्य है। इससे जरूरतमंद लोगों के परिवार पल रहा है। ट्रस्ट प्रतिनिधि समाजसेवी वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार को 15 किलो आटा, 2 किलो चीनी, 1 लीटर तेल, 1 किलो दाल, डेढ़ किलो चावल, 400-400 ग्राम मिर्च मसले और चाय पत्ती तथा नमक प्रदान किया जाता है। इसके अलावा कुछ परिवारों को सब्जी तथा दूध भी दिलवाया जाता है। कार्यक्रम में महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष प्रमुख समाजसेविका सरोज जैन, लोकेश बैरासारिया, स्नेहा गोयल ने भी भागीदारी निभाई।

न्यूज ब्रीफ

जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आज होगा आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। राज्य सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार, आज जिलेभर में 'आयुष्मान आरोग्य शिविरों' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा। हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के अंतर्गत 'आभा आईड' बनाई जाएगी। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवश्यक दवाइयां और जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। ज़रूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। योग सत्रों का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य यानी मा योजना में पंजीकरण किया जाएगा।आमजन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ 'आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाए।

वैद्य मघाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदरासर में निर्मित जल मंदिर का उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। उपखंड गांव उदरासर के दलीप कुमार पंचारिया, देदाराम पंचारिया द्वारा निर्मित जल मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों, विद्यालय की व्याख्याता सुषमा सैन व स्टाफ द्वारा विधायक सारस्वत का भव्य स्वागत किया। विधायक के निजी सहायक सुधीर व्यास ने बताया कि विधायक सारस्वत ने कहा कि छात्र शक्ति को ही राष्ट्र की शक्ति कहा जाता है विद्या एक ऐसा धन है, जिसकी कभी भी लूट नहीं हो सकती पढ़ाई में कभी चूक न करें, क्योंकि इसी के आधार पर संसार के सामने आपके अस्तित्व का निर्माण होता है। सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत जरूरी है, बिना इनके सफलता का रास्ता कठिन होता है। शिक्षा एक ऐसा साधन है जिससे व्यक्ति बहुत बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है। साथ ही विद्यालय का नामांकन देखकर विधायक ने स्टाफ की कार्य कुशलता को सराहनीय बताया। उन्होंने बच्चों से कहा शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी जीवन का अभिन्न अंग है।

राष्ट्र की प्रगति में सभी योगदान देकर राष्ट्र को खुशहाल व मजबूत बनाएं : न्यौल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहां की राष्ट्र की प्रगति में सभी देशवासी योगदान देकर देश को खुशहाल व मजबूत बनाएं। विरासत से विकास तक की यात्रा में देश की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाएं रखने से ही सांप्रदायिक सौहार्द कायम रहेगा। देश को बांटने व तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहे। इस मौके पर रामेश्वर लाल नायक, हरिराम न्यौल, दुलाराम मेघवाल, किशनाराम बाबल, विनोद सैनी, श्रवण बसेर, शेराराम रोलन, लिछमण मेघवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, श्यामलाल नागवान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नरेगा श्रमिकों के कार्य का समय परिवर्तित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

अलवर। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य समय 16 अप्रैल से आगामी आदेशों तक प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह किये गये कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में इन्द्राज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड़ सकता है।

पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, नियमित पानी डालने की भी ली जिम्मेदारी

नवलगढ़। टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ द्वारा विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि विद्यार्थियों में जीवों के प्रति प्रेम व सहानुभूति के भाव जागृत करने की जरूरत है। परिंडे बांधने जैसे अभियान के जरिए हम विद्यार्थियों को ऐसे जीवंत उदाहरण दे सकते है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हुए परिंडे बांधे गए व विद्यार्थियों को नियमित रूप से उनमें साफ सफाई कर पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर उप प्राचार्या मोनिका, व्याख्याता संदीप कुमार, वरिष्ठ अध्यापक महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, रमेशचंद्र शर्मा, लक्ष्मणराम, अमन कुमार, कुलदीप सिंह शारीरिक शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक मनोज कुलदीप, संदीप कुमार वरिष्ठ सहायक, पंचायत सहायक शर्मिला, सुमन शर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गणेश सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बड़ागांव। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान विद्याधर नगर (जयपुर) में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बड़ागांव के युवा पत्रकार गणेश सैनी को राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, धौलपुर शोभा रानी कुशवाहा, चौमूं पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी एवं सैनी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुभव चंदेल आदि ने महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान 2025 अवार्ड से नवाजा गया।

राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तहत धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत नई सड़क से नया बास स्थित शिव मंदिर तक महिलाओं ने शोभायात्रा धूमधाम से निकाली। आयोजक कपिल रक्षक ने बताया कि राधा कृष्ण की मूर्तियों को भव्य शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करवाया गया। शोभायात्रा में शिव पार्वती, हनुमान जी की सजीव झांकी व राधा कृष्ण की झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा का नयाबास से वापिस राधाकृष्ण मंदिर तक पहुंची। धर्म प्रेमी महिलाओं ने 111 कलशो के साथ। शोभा यात्रा में सहभागिता निभाई। आयोजकीय भूमिका में संजय रक्षक, विमला गढ़वाल, सीमा पवार,रतनी सोनी, शंकर जालुका, अमर सिंह भाटी, राजेश रक्षक, लिखमीचन्द प्रजापत, श्यामलाल रक्षक, राजेंद्र रक्षक अमित शर्मा, दीपक रक्षक अनिल पाठक, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्राण-प्रतिष्ठा में पांडित्य कार्य रवि प्रकाश शर्मा, शिवरतन शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, खगेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, आदि विद्वान पंडितो की ओर से किया गया। मंदिर में 14 अप्रैल को सोमवार सुबह 10:00 बजे को मंदिर में मूर्ति स्थापित की जाएगी।

निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सफल समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में बजाज परिवार मुंबई के सौजन्य से बजाज आई हॉस्पिटल, चूरू में आयोजित निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सफल समापन हुआ। पूर्व सचिव पुनीत लाटा ने बताया शिविर में प्रान्त प्रतिनिधि निरंजन चोटिया व शिविर प्रभारी मदन सिंह राठौड़ के देखरेख में डॉ. सुरेश गुप्ता द्वारा रोगियों की आंखों की जांच करके फेको पदत्ति से मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। शिविर के दौरान भारत विकास परिषद् के संरक्षक श्याम सुंदर पारीक ने शिविर का अवलोकन किया एवम् रोगियों को ऑपरेशन पश्चात दी जाने वाली दवाई की किट वितरित करते हुए भामाशाहों व हॉस्पिटल के ट्रस्टी श्याम सुन्दर बजाज, सभी परिषद सदस्यों, स्वयंसेवकों व हॉस्पिटल स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर परिषद् सदस्य निरंजन वर्मा, हुकम चन्द गौड़, देवेंद्र चंदेल, सुरेंद्र ग्रोवर, सचिव संदीप शर्मा ने महत्वपूर्ण प्रबंधकीय भूमिका निभाई।

शिविर में 90 युवाओं ने किया रक्तदान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। दीपक सैनी की 9वीं पुण्यस्मृति पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतननगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें दीपक सैनी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में निर्मल सेन, राजेंद्र धरेंद्रा, बनवारी सेनी, महेश सैनी, नन्दलाल सैनी, पवन सैनी, बाली सिंह, अजीत सिंह, कुलदीप सैनी, अमन जाट, पवन यादव, गौरव शर्मा, सम्पत तंवर, मकसूद खान, जाकिर खान, सुभाष सैनी, जितेंद्र सैनी, धर्मपाल सैनी, गोपाल बालन आदि सहित अनेको युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में रतन नगर एव आस पास के गांवों से युवाओं साथियों ने मिलकर 90 यूनिट रक्तदान किया गया।

श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां उत्सव धूमधाम से मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से रविवार को नागवानों के नोहरे में श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां भव्य उत्सव फटकारो मोरछड़ी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। राघव चौधरी व कृष्णा चौधरी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान कोलकाता के पाठ वाचक विनोद ने अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की प्रबल छाया सहित अनेक भजनों के माध्यम से संगीतमय पाठ का वाचन किया। इस अवसर पर बाबा श्याम के दरबार का ड्राई फ्रूट व विशेष प्रकार के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम में इत्र वर्षा, अखंड ज्योत व छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्याम पाठ में प्रसंग के दौरान शिव आराधना, बारात स्वागत, भीम विवाह, कन्यादान, श्याम जन्मोत्सव की नृत्य नाटिकाएं सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ समिति के पदाधिकारी व श्याम प्रेमी मौजूद थे।

हजारों प्रतिभाओं ने राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में दिखाया दम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चौमूं। चौमूं की सरजमीं आज एक ऐतिहासिक शैक्षिक आयोजन की साक्षी बनी, जब न्यू टारगेट साइंस पॉइंट द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा प्री नीट 2025 में प्रदेश भर से हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता की सुबह कुछ खास थी। चौमूं स्थित टारगेट एजु हब परिसर में सुबह से ही विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का सैलाब उमड़ पड़ा। ऐसा लगा मानो चौमूं शिक्षा का तीर्थ बन गया हो। आठवीं, दसवीं और 12वीं बायोलॉजी विषय के छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में भाग लेने पहुंचे, और हर चेहरे पर था आत्मविश्वास और उम्मीदों की चमक।

राज्य भर से ऐतिहासिक भागीदारी : इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात रही इसका राज्यव्यापी स्वरूप। हरियाणा, अजमेर, नागौर, सीकर, दौसा, चूरू, हनुमानगढ़, कोटपूतली, करौली, सवाई माधोपुर, कुचामन, दूदू सहित अनेक जिलों से हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर इसे सिर्फ एक परीक्षा नहीं, बल्कि प्रतिभा का महाकुंभ बना दिया।

परीक्षा का स्तर और निष्पक्षता की मिसाल : आठवीं और दसवीं के छात्रों के लिए परीक्षा उनके कक्षा स्तर पर आधारित रही, जबकि 12वीं बायो के लिए पेपर हृश्वश्वज्ञ पैटर्न पर तैयार किया गया। निष्पक्षता, पारदर्शिता और कड़ाई के साथ परीक्षा संचालन ने टारगेट की विश्वसनीयता को और मजबूत किया है।

पुरस्कार नहीं, प्रोत्साहन है उद्देश्य : परीक्षा में टॉप करने वाले 100 विद्यार्थियों को मोटरसाइकिल, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, साइकिल, टी-शर्ट, शील्ड, और प्रशस्ति पत्र के साथ छात्रवृत्तियां दी जाएंगी। ये केवल इनाम नहीं, भविष्य के लिए हौसला है। टारगेट संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क बस सेवा, विद्यार्थियों के लिए ठंडे पेय और अभिभावकों के लिए अल्पाहार की उत्तम व्यवस्था की गई। यह सिर्फ एक शैक्षणिक परीक्षा नहीं थी, यह एक व्यवस्थित और सुसंस्कृत आयोजन था। संस्था के निदेशक अशोक गोरा ने इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए समर्पित टीम, विद्यार्थियों और अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज टारगेट एजु हब के प्रांगण में जो उत्साह, ऊर्जा और उमंग देखने को मिली, वह हमारे लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। राज्य भर से आए होनहार विद्यार्थियों का यह सैलाब न केवल हमारी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाता है कि हमारे देश का भविष्य कितना उज्ज्वल है।

ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प रक्षामंत्री को किया भेंट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर सप्तर्षि मिश्र ने भारत के यशस्वी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्होंने रक्षामंत्री को अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ के संस्थापक धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज एवं धर्म संघ विश्व विद्यालय, गुरुकुल ब्रह्मचर्याश्रम (चूरू राजस्थान) के संस्थापक स्वामी शिवानन्द सरस्वती जी महाराज की स्मृति में काशी की पावन धरा धर्म संघ दुर्गाकुण्ड परिसर में आयोजित एकादश कुण्डीय शिव -शक्ति महायज्ञ का प्रसाद के साथ स्वामी श्री शिवानन्द सरस्वती के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाशित ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प भेंट किया। डॉ मिश्र ने राजस्थान के चूरू जिला मुख्यालय पर संचालित धर्म संघ विश्व विद्यालय गुरुकुल ब्रह्मचर्याश्रम की संचालन सम्बन्धी जानकारी रक्षामंत्री जी को दी। डॉ सप्तर्षि मिश्र ने धर्म संघ विश्व विद्यालय गुरुकुल ब्रह्मचर्याश्रम चूरू के स्नातकों द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्तिक मास में गंगा तट ऋषिकेश में यज्ञानुष्ठान का निमंत्रण भी दिया।

हनुमान जन्मोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हनुमान चौक में देर रात चली विशाल भजन संध्या, झूमे श्रद्धालु

सांडेराव। स्थानीय कस्बे सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिरों में दिनभर पूजा-अनुष्ठान, हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन हुए। बालाजी को भोग लगाया व शोभायात्रा निकाली गई। सांडेराव हनुमान चौक पर स्थित जन-जन की आस्था के लाडले हनुमानजी महाराज मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न। यहां हनुमान चौक स्थित हनुमानजी मंदिर परिसर में जन्मोत्सव पर हनुमान नवयुवक मंडल एवं समस्त भक्तजनों द्वारा आयोजित एक हनुमानजी के नाम भजन संध्या में श्री बालाजी के भजनों पर भक्ति की रसधार बह उठी।

भजन गायकों द्वारा भगवान श्री राम व बालाजी, सवारियां सेठ, खाटूश्याम, माता रानी के भजन प्रस्तुत किए, श्रद्धालु झूमने लगे। इस अवसर पर बालाजी का विशेष श्रृंगार कर प्रसादी का भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सजावट भी की गई। हनुमान नवयुवक मंडल एवं समस्त भक्तजनों द्वारा दो दिवसिय आयोजनों के तहत शनिवार देर रात तक विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों ने के एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। घुमा दे म्हारा बालाजी घम्मड़ घम्मड़ घोटो, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना, वीर हनुमाना अति बलवाना, राम नाम रसियो रे, प्रभु मन बसियो रे, दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना, कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे दिल के नगीने में सहित कई भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते गाते रहे। ढोलक समेत अन्य वाद्य यंत्रों पर कलाकारों ने उनका साथ छेते हुए माहौल भक्तिमय हो गया। हनुमान नवयुवक मंडल द्वारा भजन संध्या, भोजन प्रसादी सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हनुमान प्राकटोत्सव पर 121 आसनों पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ

बाली। बाली के निकटवर्ती सुंदरकांड हनुमान मंडली लुणावा के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर पंचमुखी हनुमानजी मंदिर करनवा प्रांगण में 121 आसनों पर विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। पाठ में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। महाआरती के बाद महा प्रसादी का आयोजन भी हुआ। सुंदरकांड हनुमान मंडली सहित दोनों गांव के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था में सहयोग किया। इस अवसर पर हितेंद्र श्रीमाली, रमेश सुथार, भरत ओझा, नरेंद्र सुथार, अरुण सुथार, नरेंद्र सिह, भंवरलाल कुमावत, लालचंद सुथार, रामलाल, राजेश सुथार, भरत सोलंकी, गुलाब राम, अरविंद सुथार, हितेश, दिनेश, प्रकाश, कैलाश वैष्णव, चंपालाल वैष्णव, प्रकाश सोनी, जयेश, केसरीमल, घीसुलाल, राहुल गर्ग, नरेश, शंकरलाल, जगदीश, बाबूलाल सुथार, दीपचंद, मदन, किशोर सोलंकी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति की बैठक संपन्न

सामूहिक विवाह पर चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

फालना। श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति (108) गांव निंबेश्वर धाम के तत्वावधान में पूरणचंद परमार को सभापति मनोनीत कर सेवा समिति अध्यक्ष प्रहलाद परिहार की अध्यक्षता में समाज की बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम सभापति एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा श्री विट्ठल भगवान एवं नामदेवजी को माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित करके सभा का शुभारंभ किया गया। सेवा समिति सचिव मोतीलाल परमार ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित समाज के सामूहिक विवाह की तिथि की घोषणा कर संवत 2082 की माघ शुक्ल दशम 30 नवंबर रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 तक विवाह सम्मेलन श्री राम गीता भवन सुमेरपुर में करने का निश्चय किया। सामूहिक विवाह की 30 नवंबर से 45 दिन पूर्व 17 अक्टूबर शुक्रवार तक इच्छुक विवाह योग्य जोड़े को अपना रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक होगा।

किसी अप्रत्याशित घटना के

अलावा रजिस्ट्रेशन के पश्चात विवाह निरस्त होने की दशा में राशि वापस नहीं लौटाई जाएगी। वर की उम्र 21 वर्ष एवं वधू की उम्र 18 वर्ष मुल निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र अनुसार प्रमाणित कर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक रिखबचंद परमार, सह-व्यवस्थापक रूपचंद गहलोत, घेवरचंद परमार, चंपालाल भाटी, नैनमल चौहान, खीमचंद परारिया, नेमीचंद पहाड़िया, मोहनलाल परमार, मोतीलाल परमार, समिति कोषाध्यक्ष चंपालाल सोलंकी, जेठमल परिहार, हरीश कुमार गहलोत, देवीलाल नानीवाल एवं गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

विकास को धन की कोई कमी नहीं : चौधरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। मारवाड़ विधायक केसाराम चौधरी रविवार को विधानसभा क्षेत्र के बागोल ग्राम पंचायत के गुड़ा देवडान मेड़तियान, काकलावास के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की जन समस्या सुनी और इस दौरान कई समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप कर हाथों-हाथ निस्तारण किया। इस मौके पर विधायक चौधरी के कहा कि ग्रामीणों की जनसमस्या एवं उनके दुख दर्द सुनना और उनका निवारण करना मेरी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि मारवाड़ के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ंगा। इस मौके पर भाजपा नेता एवं पिलोवनी सरपंच किशोर सिंह राजपुरोहित, भाजपा खिंवाड़ा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सोलंकी, डुंगरसिंह धनला, वेनाराम चौधरी, विक्रमसिंह गुड़ा देवड़ा, हरीश कूमार टेलर बागोल, मदनलाल मेघवाल, शैतानसिंह बागोल सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

विद्यालय में भामाशाह ने किया वाटर कूलर भेंट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। बढ़ती गर्मी को देखते हुए भामाशाह सरकारी विद्यालयों में विधार्थियों के पिने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अणेवा में भामाशाह खुमाराम, डुंगाराम सेन ने वाटर कूलर सप्रेम भेंट किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक हिम्मतसिंह चारण, निर्भयसिंह राठौड़, शिक्षक रामलखन मीना, मोहसिन अली, बाबुलाल मीना समस्त स्टाफ के साथ एस.एम.सी अध्यक्ष रतनाराम चौधरी व गणमान्य नागरिक

शैतानसिंह सान्दू उपस्थित थे। विद्यालय स्टाफ ने भामाशाह परिवार के सदस्य खुमाराम, डुंगाराम, राजेश सेन, हर्ष सेन, राहुल सेन, रूद्र सेन, झील, ममता सैन का साफा-माला पहनाकर स्वागत किया।

पाली में कलबी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-2

दूधिया रोशनी में खिलाड़ियों ने लगाए चौके-छक्के

पाली। पाली शहर के बांगड़ स्कूल मैदान में कलबी प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। इसके चौथे दिन शनिवार रात दूधिया रोशनी में रोचक और कांटे की टक्कर के मैच देखने को मिले। बांगड़ स्कूल मैदान में पहला मैच आहोर फाइटर और एमडी बुल्स के बीच हुआ जिसमें आहोर फाइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 10 ओवर में 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमडी बुल्स 73 रन बनाकर सिमट गई। आहोर फाइटर 15 रनों से जीत गई। दूसरा मैच चेंडा ब्लास्टर्स और सिराणा स्ट्राइकर्स के बीच हुआ। जिसमें सिराणा स्ट्राइकर्स छह विकेट से जीत गई। तीसरे मैच आंजना स्टार्स और केसरी किंग के बीच हुआ जिसमें आंजना स्टार्स 50 रनों से जीत गई। चौथे मैच में अर्बुदा वॉरियर्स और मालेश्वर टाइटंस के बीच हुआ जिसमें मालेश्वर टाइटंस नौ विकेट से जीत गई। इस टूर्नामेंट के लीग मैच में ग्रुप से सेमीफाइनल में आहोर फाइटर और कम्युनिटी सुपर किंग्स और ग्रुप बी में आंजना स्टार्स और मालेश्वर टाइटंस ने जगह बनाई। पहले एलिमिनेटर में आंजना स्टार्स और आहोर फाइटर में आंजना स्टार्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। जिसमें आहोर फाइटर ने 10 ओवर में सात विकेट खोकर 57 रन बनाए। जवाब में आंजना स्टार्स ने 4.4 ओवर में एक विकेट खोकर 58 रन बनाकर नौ विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ मैच राकेश पटेल जिसने बॉलिंग में तीन विकेट लेकर बल्लेबाजी में 14 गेंदों में 28 रन बनाए।

मेवी खुर्द के दिव्यांश तंवर का नवोदय विद्यालय में चयन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। पनोता ग्राम पंचायत के मेवी खुर्द गांव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के छात्र दिव्यांश तंवर का नवोदय प्रवेश परीक्षा कक्षा छह में चयन होने पर समस्त ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा विद्यार्थी का सम्मान किया गया। इस मौके पर सरपंच मूमल सरगरा, पीईईओ निम्बाराम, वार्ड पंच महावीर सिंह, पिंटा देवी, देवाराम, बाघसिंह, कुलदीप सिंह राठौड़, सोहन परिहार, संस्था प्रधान

उर्वशी, आदाराम, सतीश कुमार, भवानी सिंह, सुमन, मोहम्मद साबिर अशरफी, वरिष्ठ सहायक विष्णु कुमार मीना, हिमांशु गार्डन, जयकुमार जोशी व शिक्षकगण सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

वाटर-कूलर के फैन में फंसा दुपट्टा, महिला घायल

औद्योगिक एरिया की फैक्ट्री में हादसा, पानी पीने गई थी

पाली। पाली के पुनायता औद्योगिक एरिया में एक फैक्ट्री में हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला पानी पीने वाटर कूलर के पास गई थी। वाटर कूलर की जाली खुली थी। पानी पीने के दौरान महिला की चुन्नी वाटर कूलर के फैन में फंस गई। महिला के पति मोहम्मद शफी ने बताया कि मैं पाली के मंडिया रोड पर शेखों की ढाणी में रहता हूं। मेरी पत्नी अफसाना (25) पूनायता औद्योगिक एरिया में एक फैक्ट्री में रविवार को काम कर रही थी। दोपहर वह फैक्ट्री में रखे वाटर कूलर से ठंडा पानी पीने के लिए गई। इस दौरान खुले पड़े वाटर कूलर के पंखे में उसकी चुन्नी आ गई। नीचे गिरने से कूलर के पंखे से उसके सिर में चोट लगी। उसे इलाज के लिए उसे तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

रावणा राजपूत समाज की बैठक संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांडेराव। रावणा राजपूत समाज छात्रावास भवन फालना में तहसील बाली की बैठक तहसील अध्यक्ष हनुमान सिंह बेड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समाज के प्रवक्ता सुख सिंह खंगारोत ने बताया कि बैठक में तहसील की नव कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में विभिन्न गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें पूर्व सामूहिक विवाह एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह के हिसाब को देखा गया एवं आगामी प्रतिभावान सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तहसील अध्यक्ष हनुमान सिंह पवार बेड़ा ने मृत्यु भोज जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का आह्वान किया। बैठक में प्रेम सिंह फालना गांव, युवा अध्यक्ष महिपाल सिंह,

सुख सिंह खंगारोत, पर्वत सिंह सोलंकी, विजय सिंह सिसोदिया, रतन सिंह बेड़ा, पार्षद श्रीपाल सिंह, राजेंद्र सिंह भाटी, भोपाल सिंह सिसोदिया, कान सिंह पवार, लाल सिंह सिसोदिया, भवानी सिंह बेड़ा, देवी सिंह राठौड़ बेड़ा, धन सिंह पवार, समंदर सिंह रावणा, मोहन सिंह देवड़ा, उत्तम सिंह देवड़ा, बाग सिंह सोलंकी, भबुत सिंह चौहान आदि रवाना राजपूत समाज बंधु उपस्थित रहे।

विलुप्त गौरेया संरक्षण को 151 परिंडा व गौरेया हाउस वितरण का संकल्प

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। मुख्य बाजार स्थित गणेशम प्लाजा सी.ए कार्यालय में नवाचार के तौर पर पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत की प्रेरणा से सी.ए.चेतन अरोड़ा अपने मित्रों व रिश्तेदारों को पौधा गिफ्ट व विलुप्त गौरेया संरक्षण के लिए के 151 परिंडा व गौरेया हाउस वितरण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी कुमावत के सानिध्य में गणेशम प्लाजा सुमेरपुर में हार्ट फुलनेस संस्था जिला सिरोही समन्वयक सी.ए.चेतन अरोड़ा ने सी.ए.दीपक सोनी के जन्मदिन पर औषधीय पौधा एलोवेरा गिफ्ट किया। साथ ही गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ परिंडे में पानी भरा। इसी क्रम में स्वामी नारायण संस्था सिरोही के संतों का स्वागत किया। वहीं पौधा-रस्म की परंपरा अदा करते हुए स्वामी नारायण संस्था के संत परम मुनी स्वामी व गौरव मुनी संतों को पौधा भेंट कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। पर्यावरण प्रेमी कुमावत ने बताया कि चेतन अरोड़ा एक व्यक्ति एक पौधा मिशन की पौधा रस्म से प्रेरित होकर अलग-अलग अवसरों पर जन्मदिन हो या कोई भी प्रसंग शादी समारोह, शादी वर्षगांठ 500 पेड़ व 101 परिंडा व पौधे गिफ्ट कर चुके हैं। सी.ए.चेतन अरोड़ा हार्ट फुलनेस संस्था के माध्यम से आमजन में योग व ध्यान की जाग्रति का कार्य भी कर रहे हैं। एकात्म अभियान के तहत हर गांव वासी को ध्यान के अभियान में जुड़ने के लिए आमंत्रित कर रहे है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर प्रकृति संरक्षण में सहयोग की अपील की। पशु पक्षियों के प्रति सकारात्मक सोच रखें। तेज गर्मी में अपने घर कि छत पर परिंडा रखे। नियमित पानी भरने के साथ हर पेड परिंडा लगाओं का संकल्प लें। इस अवसर पर बाबुलाल माली, नटवर गहलोत, सी.ए.बसंत गेहलोत, सी.ए.दिनेश कुमावत, सी.ए.आशीष बोहरा, राकेश गेहलोत, भावेश परिहार, नितिन प्रजापत, प्रतीक प्रजापत सहित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

पद की मर्यादा एवं गरिमा बनाए रखूंगा : मांडोत

आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में जुलाई से सत्र प्रारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। श्री बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट खिंवाड़ा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केवलचंद मांडोत रविवार को नाडोल के आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी पहुंचे। जहां संस्थान के डा. मुकेश भाटी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मांडोत का मुख्य द्वार पर ढ़ोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा करते हुए माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष मांडोत ने कहा कि बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पद की मुझे जो जिम्मेदारी दी गई हैं, मंदिर विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि छत्तीस कौम को साथ लेकर चलूंगा और अध्यक्ष पद की मर्यादा एवं गरिमा बनाए रखूंगा। इस मौके पर श्री बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट निर्मल आचार्य ने कहा कि खिंवाड़ा श्री बालाजी मंदिर मंदिर से छत्तीस कौम के सैकडों प्रवासियों की आस्था जुड़ी हुई हैं। इस अवसर पर युवा नेता जितेंद्र

मारवाड़ एवं गोड़वाड क्षेत्र का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल है। इस सिंह कोटेचा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कॉलेज में जुलाई 25 से सत्र प्रारंभ

डा. भाटी ने क्षेत्र में जरूरतमंदों को रियायती दरों पर फॉर्मेसी करवाने के लिए निर्माणाधीन आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के बारे में अध्यक्ष मांडोत का बताया। उन्होंने बताया कि आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी निर्माणाधीन हैं। अपनी मातृभूमि पर फार्मेसी कॉलेज खोलकर यहां पर अपने क्षेत्र की होनहार ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जुलाई 2025 से डी. फार्मेसी का सेशन शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही यहां पर पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हॉस्टल भी खोली जाएगी।

अखिल भारतीय सरगरा युवा महासभा

क्षत्रिय सरगरा समाज एकता यात्रा 15 से

नारलाई। मेगा हाईवे पर श्री मुक्तेश्वर महादेव से 15 अप्रैल को सरगरा समाज एकता यात्रा संतों के सानिध्य में आयोजित चार जिलों में पाली, सिरोही, जालोर और जोधपुर राजस्थान में संत योग गुरु बाबा मांगू नाथ महाराज देसूरी, संत राजू गिरी महाराज, संत चेतन नाथ महाराज पनौता, संत निर्भय नाथ महाराज सायला, संत मोहन नाथ महाराज मोकलसर, संत जीवन नाथ महाराज केरली, संत पुरण दास महाराज खिमेल के सानिध्य में आयोजित यात्रा का लक्ष्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना, छात्रावास निर्माण के लिए प्रोत्साहित, नशा मुक्ति संदेश देना, योग को बढ़ावा देना, समाज में फैली कुरीतियों को बंद करना, समाज उन्नति हेतु समाज की एकता बढ़ाना, नारी सशक्तिकरण एवं बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना, लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाकर समाज में जागरूकता लाना यात्रा की शुरुआत दिनांक 15 अप्रैल मंगलवार को मुक्तेश्वर धाम देसूरी से प्रातः नौ बजे धूमधाम से रवाना होगी। शाम 6:30 बजे आबूरोड समाज धर्मशाला में पहुंचेगी। 16 अप्रैल बुधवार को प्रातः आबूरोड से रवाना होकर शाम करीब सात बजे मोकलसर मंदिर पहुंचेगी। 17 अप्रैल गुरुवार प्रातः रवाना होकर शाम करीब छह बजे सरदारपुरा जोधपुर पहुंचेगी। दिनांक 18 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः जोधपुर से रवाना होकर शाम करीब सात बजे सर्वोदय नगर पाली पहुंचेगी। दिनांक 19 अप्रैल शनिवार को प्रातः पाली रवाना होकर शाम करीब छह बजे यथा स्थान मुक्तेश्वर धाम देसूरी पहुंचेगी। यात्रा में एक कलश रहेगा जिस गांव शहर में यात्रा पहुंचेगी वहां पर माता बहन बोली लेकर उस कलश को सिर पर ले सकती है। समाज के भाई बंधु उस कलश में अपनी इच्छा से रूपए भेट कर सकते है। उस कलश में बोली के और भेट राशि बालिका शिक्षा में खर्च की जाएगी। आप सभी समाज बंधुओं से निवेदन है कि इस समाज एकता यात्रा में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर यात्रा में शामिल हो और यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करे।

पाली में रबी की फसल की लक्ष्य से अधिक बुवाई

पाली। पाली जिले में पहली बार रबी की फसल की बंपर बुवाई है। कृषि विभाग ने जितना टारगेट रखा उससे अधिक बुवाई हुई है। वर्तमान में फसलों की कटाई चल रही है। ऐसे में किसानों को इस बार गेहूं, चना, जौ की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। राजस्थान में रबी की फसल अक्टूबर-नवंबर माह के दौरान बोई जाती है जो कम तापमान में बोई जाती है। फसल की कटाई मार्च महीने में की जाती है। गेहूं, जौ, मसूर, चना, अलसी, सरसों रबी की प्रमुख फसलें हैं। वर्तमान में खेतों में रबी की फसल की कटाई हो रही है। कई जगह किसानों ने ऐसी-ऐसी मशीनें लगा रखी है, जो खेतों में खड़ी फसलों को चंद मिनटों में काट लेती है। इससे भी खास बात यह है कि यह मशीनें गेहूं के दाने और भूसे को अलग-अलग कर निकालती है। ऐसे में फसलों की कटाई में लगने वाला टाइम कम हो गया। लक्ष्य से अधिक हुई रबी की फसल की बुवाई कृषि विभाग के जॉइन डायरेक्टर प्रदीप कुमार छाजेड़ ने बताया कि इस बार दो लाख 92000 हैक्टेयर में रबी की फसल बुवाई का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन तीन लाख 14 हजार 761 हैक्टेयर में बुवाई की गई। इस बार जिले में 107.79 प्रतिशत रबी की फसल की बुवाई की गई। अच्छी फसल होगी, बेटे की शादी का सपना होगा पूरा किसान कूनाराम ने बताया कि इस बार गेहूं की फसल का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है। अच्छी इनकम होने के चलते इस बार बेटे की शादी का प्लान उन्होंने बना रखा है।

चल रहा कटाई का दौर

फसल	बुवाई लक्ष्य (हैक्टेयर)	बुवाई (हैक्टेयर)
गेहूं	**90 हजार**	**93688**
चना	90 हजार	1 लाख 7 हजार 159
जौ	**5 हजार**	**3623**
रायड़ा	72 हजार	69883
तारामीरा	**15 हजार**	**12852**
जीरा	10 हजार	8092
कुल	**292000**	**314761 हेक्टेयर**

बाबा साहेब का जन्मोत्सव मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नारलाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघवाल नगर नारलाई में संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं अगरबत्ती जलाकर मनाई। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक मांगीलाल सोलंकी ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए संघर्षों की कहानी सुनाई इसके साथ ही सभी बालकों ने सामूहिक रूप से भारत के संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के बारे में भी जानकारी दी गई। बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था लेकिन 14 अप्रैल को राजकीय अवकाश होने के कारण आज ही हमारे विद्यालय में जन्मोत्सव मनाया गया।

लखनऊ में रहेगा गेंदबाजों का बोलबाला ?

निकोलस पूरन और नूर अहमद के बीच जंग

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। चेन्नई सुपर किंग्स लगातार 5 मैच हार चुकी है। आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला है। यही नहीं, घर पर भी चेन्नई को लगातार 3 मैचों में हार का मुंह देखना पड़ा है। इससे पहले सीएसके की टीम को घर में लगातार 3 हार कभी नहीं मिली थी। अब चेन्नई हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ उतरेगी। हालांकि, चेन्नई के लिए नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की गैरमौजूदगी में आसान नहीं होगा। टीम को गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन का दबाव होगा। यह मुकाबला इकाना स्टेडियम में सोमवार को खेला जाएगा । लखनऊ ने अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है और 6 में से 4 मैच जीते हैं। वहीं अंक तालिका में एलएसजी तीसरे व सीएसके 10वें स्थान पर है । निकोलस पूरन और नूर अहमद के बीच जंग देखने को मिलेगी। आईपीएल के 18वें सीजन का 30वां मैच है।

पिच रिपोर्ट

लखनऊ के इकाना स्टेडियम की बात करें तो पिच में काफी बदलाव आया है और ये पिच अब बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जा रही है। लेकिन इस पिच पर पहले स्पिनर्स का बोलबाला रहता था । इस मैदान पर खूब चौके-छक्के देखने को मिल सकते हैं। हालांकि इस मैदान पर पिछले मैच में लखनऊ की टीम ने आसानी से टारगेट चेज कर दिया था और गुजरात को हरा दिया था। ऐसे में दोनों कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना चाहेंगे।

हेड टू हेड रिकॉर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के हेड टू हेड आंकड़ों की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अब तक 5 मैच खेले गए हैं, जिसमें से लखनऊ ने 3 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि चेन्नई को सिर्फ 1 जीत मिली है ।हालांकि एक मुकाबल बेनतीजा रहा है ।पिछले साल लखनऊ ने सीएसके को दोनों बार शिकस्त दी थी। बता दें कि लखनऊ का चेन्नई पर पलड़ा भारी है ।

आईपीएल रिकॉर्ड

इकाना स्टेडियम में अब तक 17 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 8 बार जीत दर्ज की है। वहीं रनों का पीछा करने वाली टीम ने भी 8 बार फतह हासिल की है। इस मैदान पर एक मुकाबले का नतीजा नहीं निकला था।

लखनऊ सुपर जायंट्स की संभावित टीम : ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), एडेन मारक्रम, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, रवि बिश्नोई, आकाश दीप। **इम्पैक्ट प्लेयर:** दिग्वेश राठी

चेन्नई सुपर किंग्स की संभावित टीम : रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, विजय शंकर, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, एमएस धोनी (कप्तान/विकेटकीपर), नूर अहमद, अंशुल कंबोज, खलील अहमद। **इम्पैक्ट प्लेयर:** मथीशा पथिराना

साल्ट की आंधी में उड़ी राजस्थान रॉयल्स

आरसीबी ने 9 विकेट से जीता मैच

आईपीएल 2025 के 28वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को उसी के घर में शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने 17.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर 175 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। आरसीबी की जीत में विराट कोहली और फिल साल्ट का बड़ा योगदान रहा, दोनों ने दमदार अर्धशतकीय पारी खेली।

आरसीबी की आसान जीत

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को विराट कोहली और फिल साल्ट ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 92 रनों की शानदार साझेदारी हुई। साल्ट ने 33 गेंदों में 65 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर विराट ने 45 गेंद में 62 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। फिल साल्ट के आउट होने के बाद विराट ने देवदत्त पडिक्कल के साथ 83 रनों की साझेदारी करटी मकी जीत सुनिश्चित की।

यशस्वी जायसवाल पर भारी पड़े विराट

राजस्थान ने इस मैच में पहले बैटिंग की थी, जिसके लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टॉप स्कोरर साबित हुए। जायसवाल ने 47 गेंद में 75 रनों की पारी खेली थी ।वहीं ध्रुव जुरेल ने 35 रन और रियान पराग ने 30 रनों का योगदान दिया था।

हरे रंग की जर्सी में आरसीबी

आरसीबी की टीम हरे रंग की जर्सी पहने मैदान पर उतरी। ये हर सीजन में देखा जाता है कि आरसीबी की टीम के खिलाड़ी किसी एक मैच में ग्रीन जर्सी जरूर पहने नजर आते हैं। साल 2020,2021, 2022 के सीजन मैच में कोविड-19 की वजह से दूसरे वेन्यू पर आरसीबी को ये हरे रंग की जर्सी पहने देखा गया था।

छक्के-चौके से शतक पूरा करने वाले खिलाड़ी

नई दिल्ली। आईपीएल में सिर्फ 8 ही बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी इनिंग के दौरान छक्के-चौके से शतक पूरा किया है। मतलब ये कि इनिंग तो उनकी बड़ी रही है। मगर उस इनिंग के 100 या उससे ज्यादा रन उन्होंने बाउंड्रीज यानी छक्के-चौके से कम्पलीट किया है। आईपीएल की शुरुआत भले ही 2008 में हुई। लेकिन 2025 तक आते-आते अभी तक सिर्फ 8 बल्लेबाज ही ये कमाल कर सके हैं।

- **क्रिस गेल:** छक्के- चौके से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने आईपीएल 2013 में खेली अपनी 175 रन की इनिंग के दौरान 156 रन छक्के-चौके से बनाए थे। उन्होंने अपनी इनिंग में कुल 13 चौके, 17 छक्के मारे थे। क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में खेली 128 रन की इनिंग में 106 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। उन्होंने 7 चौके और 13 छक्के लगाए थे। आईपीएल 2015 में 115 रन की इनिंग के दौरान भी गेल ने 100 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। 7 चौके और 12 छक्के मारे थे।
- **ब्रेंडन मैक्कुलम:** दूसरे नंबर पर ब्रेंडन मैक्कुलम हैं, जिन्होंने आईपीएल 2008 में खेली 158 रन की पारी में 118 रन छक्के-चौके से बनाए हैं। केकेआर की ओर से खेलते हुए RCB के खिलाफ उस इनिंग में मैक्कुलम ने 10 चौके और 13 छक्के मारे थे।
- **अभिषेक शर्मा:** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के खिलाफ अभिषेक शर्मा छक्के-चौके से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अपनी 141 रन की इनिंग में 116 रन बाउंड्रीज से बनाए। अभिषेक शर्मा ने 14 चौके और 10 छक्के लगाए हैं।
- **एबी डीविलियर्स और यशस्वी जायसवाल:** एबी डीविलियर्स और यशस्वी जायसवाल ने 112-112 रन बाउंड्रीज से एक इनिंग में बनाए हैं। डीविलियर्स ने आईपीएल 2016 में 129 रन की पारी के दौरान 10 चौके और 12 छक्के मारे थे। वहीं यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल 2023 के दौरान 124 रन की पारी में 16 चौके और 8 छक्के मारे थे । एबी डीविलियर्स ने आईपीएल 2015 में 133 रन की इनिंग के दौरान 100 रन बाउंड्रीज से जमाए थे।
- **सनथ जयसूर्या:** आईपीएल 2008 में जब सनथ जयसूर्या ने जब 114 रन बनाए थे, तो उसमें 102 रन बाउंड्रीज के जरिए बनाए थे।
- **ऋषभ पंत:** पंत ने जब 128 रन सनराइजर्स के खिलाफ आईपीएल 2018 में बनाए तो उन्होंने 102 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। पंत ने 15 चौके 7 छक्के मारे थे।
- **क्विंटन डि कॉक:** 2022 में क्विंटन डि कॉक ने 140 रन की पारी में 100 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। उन्होंने अपनी इनिंग में 10 छक्के, 10 चौके लगाए थे।

अभिषेक का पर्ची सेलिब्रेशन

शर्मा की तूफानी सेंचुरी की चारों तरफ चर्चे

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2025 का 27वां मुकाबला खेला गया। मैच में अभिषेक शर्मा के बल्ले से तूफानी शतक निकला। यह उनके इंडियन प्रीमियर लीग करियर की पहली सेंचुरी है। शतक लगाने के बाद अभिषेक ने अनोखा रिएक्शन देकर मजेदार सेलिब्रेशन दिया। अभिषेक ने शतक जड़ने के बाद एक व्हाइट रंग की पर्ची दिखाई, जिसके ऊपर कुछ स्पेशल वर्ड्स लिखे हुए थे। इस मैसेज को पढ़ने के बाद एसआरएच के सारे चाहने वालों के चेहरे पर मुस्कान आ गया। अभिषेक की इस विस्फोटक पारी के चलते एसआरएच ने आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे विशाल स्कोर को अपने नाम किया।

अभिषेक शर्मा ने फैंस को दिया उपहार

पंजाब के सामने 246 रनों के पहाड़ जैसे स्कोर का पीछा करते हुए अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 40 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया। आईपीएल करियर की पहली सेंचुरी जड़ने के बाद उन्होंने सेलिब्रेशन करते हुए एक पर्ची दिखाई।

बड़े स्कोर को बल्लेबाजी से बनाया बौना

अभिषेक को पंजाब ने एक बड़ा जीवनदान भी दिया। यश ठाकुर की गेंद पर अभिषेक कैच आउट हो गए थे, लेकिन वह गेंद नो बॉल निकली। फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 19 गेंदों पर पचासा पूरा किया, इसके बाद 40 गेंदों पर सेंचुरी भी जड़ दी।

मनोरंजन

ग्रीन साड़ी में करीना का कहर

करीना कपूर खान चाहे कैजुअल लुक में हों या फिर बोल्ड लुक में, चाहे मेकअप की हों या नो-मेकअप में. ।। वह हमेशा अपनी अदाओं से लोगों का ध्यान खींच ही लेती हैं। एक बार फिर करीना ने अपनी अदाओं से कहर ढहाया है। करीना उन चुनिंदा सेलिब्रिटीज में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। डेली लाइफ से जुड़े अपडेट्स हो या फिर वेकेशन पर जाना हो, वह अपने छोटे-छोटे पलों को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। ऐसे में वह अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलकियां कैसे न शेयर करें। हाल ही में, करीना कपूर ने अपने लेटेस्ट लुक से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। लेटेस्ट तस्वीरों में करीना कपूर पेस्टल ग्रीन कलर की साड़ी में खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपना लुक चोकर से पूरा किया था। खुले बाल, बोल्ड आईज और न्यूड मेकअप में वह बहुत ही हसीन लग रही हैं। एक और हर कोई उनकी खूबसूरती पर फिदा हो रहा है, लेकिन एक्ट्रेस तो किसी और के ही सपने देख रही हैं। जी हां, करीना कपूर खान दिन में ही अपने कढ़ी चावल के सपने देख रही हैं। उन्होंने मजेदार कैप्शन में लिखा, "दिन में मैं अपने कढ़ी चावल के सपने देख रही हूं।" खैर, करीना को भले ही अपने कढ़ी-चावल का ख्याल आ रहा हो, लेकिन लोग की नजर तो उनकी खूबसूरती पर अटक गई है।

साउथ एक्ट्रेस की लिप-लॉक फोटो वायरल

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर फीमेल सुपरस्टार अनुपमा परमेश्वरन की ध्रुव विक्रम को किस करते हुए एक तस्वीर ऑनलाइन लीक हुई है। इसके बाद से सबका ध्यान एक्ट्रेस और उनकी लव लाइफ पर है। अनुपमा और ध्रुव की लिप लॉकिंग तस्वीर ने लोगों के बीच हलचल मचा दी है और नेटिजन्स हैरान है कि क्या दोनों एक-दूसरे को डेटिंग कर रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस से तरह-तरह के सवाल पूछ रहे हैं। यह तस्वीर तब लीक हुई जब नेटिजन्स ने म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म स्पॉटिफाई पर अनुपमा और ध्रुव की एक-दूसरे के साथ शेयर की गई प्लेलिस्ट देखी। इस प्लेलिस्ट की प्रोफाइल फोटो ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। तस्वीर में, अनुपमा और ध्रुव को रात के आसमान के नीचे एक-दूसरे को फ्रेंच किस करते हुए देखा जा सकता है। प्लेलिस्ट में एड शीरन, रयान गोसलिंग, जस्टिन हर्विट्ज और कई फेमस सिंगर के गाने भी दिखाई दिए। जैसे ही यह फोटो वायरल हुई, नेटिजन्स सोचा में पड़ गए कि क्या यह उनकी अपकमिंग फिल्म 'बाइसन' के लिए यह एक पब्लिसिटी स्टंट है, जिसमें अनुपमा और ध्रुव स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगे। कुछ प्रशंसकों का कहना है कि इस फिल्म का ऐलान होने के पहले भी वह कई बार साथ नजर आ चुके हैं। अनुपमा और ध्रुव दोनों ने डेटिंग अफवाहों और लीक हुई तस्वीर पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि ध्रुव सुपरस्टार चियान विक्रम के बेटे हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'बाइसन' का निर्देशन मारी सेल्वराज ने किया है और इसका निर्माण पा रंजीत ने किया है।

'जाट' ने तीसरे दिन पकड़ी रफ्तार

सनी देओल की 'जाट' तेज रफ्तार से दौड़ रही है। फैंस को फिल्म में सनी का एक्शन के साथ रणदीप की एक्टिंग खूब भा रही है। फिल्म को दर्शक और क्रिटिक्स के मिल रहे अच्छे रिव्यू का असर 'जाट' की कमाई पर भी पड़ रहा है। 'जाट' का कलेक्शन हर दिन बढ़ता जा रहा है। 'जाट' के साथ सनी देओल फिर एक्शन अवतार में लौटे हैं। उनकी पिछली फिल्म 'गदर 2' ब्लॉकबस्टर रही थीं। इसके बाद फैंस को इस मूवी से भी काफी उम्मीदें थीं। 'जाट' फैंस की इन उम्मीदों पर काफी हद तक खरी उतरी नजर आई हैं। फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट नजर आ रही है। सनी देओल-रणदीप हुड्डा की फिल्म में तीसरे दिन उछाल देखने को मिला है। फिल्म ने ओपनिंग डे से भी ज्यादा कमाई अपने थर्ड डे पर की है। आंकड़ों के मुताबिक जहां 'जाट' ने पहले दिन 9.5 करोड़ की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की थी। इसके बाद दूसरे दिन शुक्रवार होने की वजह से फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी कमी आई थीं। दूसरे दिन 'जाट' ने 7 करोड़ का कारोबार किया था। वहीं, हनुमान जयंती की छुट्टी और शनिवार का 'जाट' को फायदा मिलता दिखा। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार तीसरे दिन फिल्म ने 10 करोड़ का कलेक्शन किया है। इस तरह 3 दिनों के अंदर 'जाट' ने 26.50 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। आज यानी रविवार को भी फिल्म अच्छी खासी कमाई कर सकती है।

गौहर ने रैम्प पर छिपाया बेबी बंप

एक्ट्रेस गौहर खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने बीते दिन अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। अलग अंदाज में पति जैद दरबार के साथ वीडियो बनाया और अंत में खुलासा किया कि वह नन्हें मेहमान का स्वागत करने वाली हैं। इस बीच उन्हें रैम्प वॉक करते हुए देखा गया। जहां उन्होंने दुपट्टे से बेबी बंप छिपाया था। लोग अब उनकी तारीफ कर रहे हैं। गौहर खान ने पहले बेटे को 10 मई, 2023 को जन्म दिया था। अब उन्होंने अप्रैल, 2025 में दूसरी प्रग्नेंसी का ऐलान किया है। हालांकि इस दौरान जहां महिलाओं को हील्स पहनने को मना किया जाता है। वहीं, 41 साल की एक्ट्रेस हाई हील्स में रैम्प वॉक करती दिखाई दीं। उन्होंने इंडो-वेस्टर्न लुक कैरी किया था, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थीं। गौहर अपने बेबी बंप को दुपट्टे से ढंकती दिखाई दीं। साइड से तो नजर आ रहा था लेकिन जब वह पीछे की तरफ मुड़ने लगीं तो उन्होंने पेट पर हाथ रख लिया, जिससे दुपट्टा हवा से उस जगह से हट न जाए। अब इस पर लोगों ने रिएक्ट किया। कुछ ने तो जमकर तारीफ की और कुछ ने सवाल उठाए। एक यूजर ने लिखा, 'प्रेग्नेंसी में रैम्प वॉक?' एक ने लिखा, 'प्रेग्नेंसी के दौरान अच्छा कॉन्फिडेंस है।' एक ने मजाक उड़ाते हुए लिखा, 'क्या कॉम्बिनेशन है।'

पोस्टपोन हुई 'फुले'

अनंत महादेवन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'फुले' 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन विवादों की वजह से इस फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया। प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर इस फिल्म पर जातिवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगे। ब्राह्मण संगठनों ने फिल्म का विरोध किया। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने फिल्म को लेकर एक पोस्ट किया है। अनुभव सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर तीन फिल्मों के पोस्टर का एक कोलाज फोटो शेयर किया है। पहली फिल्म है 'संतोष, दूसरी 'धड़क 2' और तीसरी है 'फुले.' तीनों फिल्में जातिवाद पर हैं। अनुभव ने लिखा, "समाज में वर्ण व्यवस्था नहीं है क्या? नहीं रही क्या हमेशा से? हम झूठ क्यों बोलें अपने आप से? और फिर सिर्फ सिनेमा झूठ क्यों बोले?" अनुभव ने आगे लिखा, "आखिर चुनाव आयोग भाषणों में किन बातों की अनुमति दे और सीबीएफसी सिनेमा में किन बातों की अनुमति दे, ये दो बातें अलग नहीं हो सकतीं। दोनों समाज से बात करते हैं। कल का निर्माण करने को तैयार युवाओं को 'संतोष', 'धड़क 2' और 'फुले' जैसी फिल्में हॉल में सामूहिक रूप से देखनी चाहिए। सहमत हो असहमत हो वो अलग है। देश का समझदार युवा ऐसी फिल्मों में फूट के कारण नहीं तलाशेगा बल्कि समाज के एकजुट होने की आवश्यकता पहचानेगा।"



कार ट्रेलर से टकराई, पांच लोगों की मौत

▸▸ खाटूश्याम दर्शन को जा रहे थे

▸▸ सभी मृतक एक ही परिवार के

प्रियांशी | अभिषेक | सत्यप्रकाश एवं 6 महीने की पोती | रामा देवी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान के दौसा-मनोहरपुर हाइवे पर रविवार सवेरे बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां जमवारामगढ़ इलाके में एक ट्रेलर और कार में आमने-सामने से जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन पलट गए। हादसे में कार में सवार पांचों लोगों की मौत हो गई। ये सभी एक ही परिवार के थे और खाटूश्यामजी के दर्शनों के लिए जा रहे थे। ये सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कार से निकलवाकर उनको स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

दौसा-मनोहरपुर हाइवे पर हादसा

▪ जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब सवा आठ बजे दौसा-मनोहरपुर हाइवे पर स्थित नेकावाला टोल प्लाजा के पास हुआ। ट्रेलर और कार दोनों आमने सामने से इस कदर भिड़े कि वहां तेज धमाका हुआ। उसके बाद दोनों वाहन खाई में पलट गए। हादसा होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। अपने स्तर पर लोगों को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। कार में पांच लोग सवार थे। ये लोग यूपी से खाटूश्यामजी दर्शन करने जा रहे थे।

दो की मौके पर ही हो गई मौत

▪ कार पलटने से पांचों लोग उसमें बुरी तरह से फंस गए। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में पुलिस और लोगों ने मिलकर कार में फंसे घायलों को जैसे तैसे करके बाहर निकाला। लेकिन तब तक दो लोगों की मौत हो चुकी थी। बाद में पुलिस ने मृतकों और घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया। वहां तीनों घायलों को भी मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक मासूम बच्चा शामिल है।

हादसे के कारणों का खुलासा नहीं

पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त कर उनके परिजनों को सूचित किया। एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से उनके परिजन बहदवास हो गए और वे अस्पताल दौड़े। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

मृतक परिवार की पहचान

कार सवार ठाकुरगंज के मुसाहिबगंज निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिंह (32), पत्नी प्रियांशी (33), बेटी श्री (छह माह), अभिषेक के पिता सत्यप्रकाश (65) और मां रमादेवी(63) की मौके पर ही मौत हो गई। सत्यप्रकाश परिवार के साथ रहते थे। वह हजरतगंज स्थित वैक्यूम क्लीनर कंपनी में मैनेजर थे। छोटा बेटा अभिषेक नोएडा में एचसीएल कंपनी में और बहू बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा गोमतीनगर में मैनेजर थीं। सत्य प्रकाश की भतीजी निरुपमा के मुताबिक शनिवार सुबह दस बजे ताऊ-ताई कार से मैनपुरी अपनी बेटी रश्मि और दामाद मयंक के घर के निकले थे। उनके साथ में भाभी प्रियांशी और उनकी बेटी श्री थी। भाई अभिषेक नोएडा से ही मैनपुरी पहुंच गए थे। वहां से रविवार सुबह सभी खाटू श्याम मंदिर के निकल गए थे। कार भाई अभिषेक चला रहे थे। जबकि दूसरी कार में रश्मि उनके पति मयंक और दो बच्चे जा रहे थे।

'महाराष्ट्र के किसानों को बिजली मुफ्त मिलेगी'

▸▸ वर्धा में सीएम फडणवीस का एलान

▸▸ दिसंबर 2026 तक लागू होगी योजना

वर्धा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि दिसंबर 2026 तक राज्य के करीब 80 फीसदी किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी। वर्धा जिले के अरवी में एक सभा को संबोधित करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों को दिन में 12 घंटे बिजली देने का वादा किया है और मुख्यमंत्री सौर कृषि योजना शुरू की है, जिसके तहत 16000 मेगावाट बिजली पैदा करने का काम चल रहा है।

किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दिसंबर 2026 के अंत तक महाराष्ट्र के करीब 80 फीसदी किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी। हम 365 दिनों तक दिन में 12 घंटे बिजली देंगे। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।' वहीं वर्धा जिले के दौरे के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कई विकास परियोजनाओं की भी घोषणा की।

इलेक्ट्रिक लोको से चलेगी बाड़मेर-हावड़ा सुपरफास्ट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। रेलवे ने शनिवार शाम को बाड़मेर-हावड़ा सुपरफास्ट ट्रेन को बाड़मेर से हावड़ा तक के सभी स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक लोको से संचालित किए जाने की बात कही है। यह बदलाव बाड़मेर के लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि इससे यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को एक आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा। सरहदी जिले में इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचालन शुरू होने से पटरियों पर रफ्तार बढ़ गई है। इलेक्ट्रिक ट्रेनों का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल भी है, क्योंकि यह डीजल इंजन की तुलना में कम प्रदूषण करता है। जोधपुर उत्तर-पश्चिम रेल मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के मुताबिक समदड़ी-भीलड़ी रेलमार्ग पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनों का संचालन पहले ही शुरू हो चुका है। वही सीमांत बाड़मेर भी अब इलेक्ट्रिक से सीधा हावड़ा से जुड़ गया है। शनिवार शाम पहली बार बाड़मेर-हावड़ा सुपरफास्ट ट्रेन का इलेक्ट्रिक लोको के साथ संचालन हुआ।

मुख्यमंत्री शर्मा की अम्बेडकर जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि महान विचारक, समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डा. अम्बेडकर दलितों, शोषितों, वंचितों, महिलाओं और गरीबों के मुक्तिदाता थे। डा. अम्बेडकर ने सदैव सामाजिक न्याय और समानता के लिए अपनी आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकार दिलवाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने संपूर्ण जीवन में कड़ी मेहनत से जो सफलता प्राप्त की, वह आज भी हमारे लिए पथ-प्रदर्शक और प्रेरणादायी है।

एक ही रात में लुटेरों ने मचाया तांडव

बीकानेर। जिले के नोखा और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार रात डर और दहशत भरी रही। एक ही कार में सवार होकर आए शातिर बदमाशों ने जिले के पांच अलग-अलग पेट्रोल पंपों को निशाना बनाया। इनमें नोखा, जस्सरासर, मैनसर, लालगढ़, जोगलसर शामिल हैं, जहां बदमाशों ने लूटपाट और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश की। सूत्रों के अनुसार इन बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप से करीब आठ हजार रुपए नकद लूट लिए और दूसरे पंपों पर भी लूट का प्रयास किया। एक स्थान पर उन्होंने पत्थरबाजी करते हुए पंप के शीशे भी तोड़ डाले, जिससे वहां अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। वारदात के बाद घटनास्थलों के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिनमें बदमाशों की हरकतें साफ नजर आ रही हैं। लुटेरों ने पहले पंप संचालक को बंधक बनाया। फिर पेट्रोल पंप के ऑफिस में तोड़फोड़ की। पुलिस ने इन फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में कई इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद भय का माहौल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

पांच पेट्रोल पंपों पर तोड़फोड़ और लूटपाट

सरकारी स्कूल में मिला शराब का गोदाम

भीलवाड़ा। राजस्थान में आए दिन पुलिस अवैध शराब से भरे ट्रक के ट्रक पकड़ती है। शराब तस्कर भी पुलिस को चकमा देने नित नए-नए तरीके अपनाते हैं। इस बार तस्करों ने अवैध शराब को छिपाने के लिए जो ठिकाना चुना, उसे देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। भीलवाड़ा जिले में तस्करों ने अवैध शराब को एक बंद स्कूल में छिपा दिया। पुलिस ने जब स्कूल खुलवाकर देखा तो उसमें करीब 31 लाख रुपए की अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर ली है। करेड़ा थानाधिकारी पूरणमल ने बताया कि शनिवार को इलाके के शिवपुर गांव में देवीलाल मेवाड़ा के फार्म हाउस पर हरियाणा निर्मित शराब की ट्रक खाली होने की सूचना मिली थी।

पुलिस हैरान, तस्करों की 'तगड़ी' प्लानिंग

स्कूल में मिली 31 लाख की शराब

स्कूल के एक बंद कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई मिली। पुलिस ने वहां से हरियाणा निर्मित विभिन्न ब्रांड की शराब के 353 कार्टन बरामद किए। स्कूल में बनाए गए इस शराब के गोदाम को देखकर सभी हैरान रह गए। स्कूल से जब्त की गई शराब का बाजार मूल्य करीब 31 लाख 1760 रुपए है। जांच में सामने आया कि मर्ज होने के कारण यह स्कूल बंद कर दिया गया था।

तस्करों के प्लान पर फिरा पानी

▪ शराब तस्करों को लगा कि स्कूल भवन होने के कारण किसी को शक नहीं होगा। लेकिन मुखबिर ने उनके प्लान पर पानी फेर दिया। अब पुलिस शराब तस्करों का पता लगाने में जुटी है।

10 साल की बच्ची ट्रेन में रोते हुए मिली

▸▸ मां का नाम तारा, हैदराबाद में घर

▸▸ जोधपुर बालिका गृह भेजा

पाली। दस साल की एक मासूम ट्रेन में परिजनों से बिछड़ गई। पुलिस और आरपीएफ ने उसके परिजनों की काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। ऐसे में उसे जोधपुर बालिका गृह भेजा गया। पाली रेलवे पुलिस को 10 साल की बच्ची शनिवार को ट्रेन में रोते हुए लावारिस हालत में मिली। बच्ची से बात की तो उसने खुद को हैदराबाद (तेलंगाना) निवासी बताया। मां का नाम तारा बताया। बच्ची को पाली बाल कल्याण समिति को सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार ट्रेन में सवार यात्रियों ने आरपीएफ को बच्ची के बारे में सूचना दी थी। आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और फिर नजदीक के पाली रेलवे स्टेशन पर बालिका को आरपीएफ को सौंप दिया गया। तुतलाने के कारण आरपीएफ के जवान बच्ची की पूरी बात समझ नहीं पा रहे थे। लड़की ने खुद का नाम लकिया और मां का नाम तारा बताया। खुद को हैदराबाद का रहने वाली चार भाइयों की बहन बताया। बच्ची ने बताया कि वह अपनी नानी और मामा के साथ ट्रेन में थी। पुलिस दिन भर उसके परिजनों की तलाश करती रही।

कलेक्टर 'छुट्टियां' मनाने पहुंचे कश्मीर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

करौली। क्लास से बंक मारकर और झूठ बोलकर केवल स्कूल तथा कॉलेज के स्टूडेंट ही तफरी नहीं करते हैं बल्कि आला अधिकारी भी ऐसा करने में पीछे नहीं है। राजस्थान में तो ऐसा करते हुए एक कलेक्टर ही पकड़े गए। करौली कलेक्टर नीलाभ सक्सेना जरूरी काम से घर जाने की छुट्टी लेकर गर्मी में कश्मीर की वादियों में तफरी करने पहुंच गए। लेकिन सूबे के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उनका झूठ पकड़ लिया और जिला स्तरीय अधिकारियों के सामने कलेक्टर की क्लास लगा डाली। दरअसल सीएस सुधांश पंत हाल ही में सवाई माधोपुर जिले के दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने वहां सवाई माधोपुर और करौली के जिला स्तरीय सभी अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली थी। इस दौरान करौली के अधिकारियों को ऑनलाइन मीटिंग से जोड़ा गया। उस समय करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना अवकाश पर थे। करौली जिला कलेक्टर को भी ऑनलाइन मीटिंग से जुड़वाया गया। इस दौरान सीएस सुधांश पंत ने कलक्टर से पूछा आप कहां हो?

▪ मुख्य सचिव सुधांश पंत ने क्लास

वर्दी पर लगा दाग

पुलिसकर्मियों ने सटोरिए से की 25 लाख की वसूली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिसकर्मियों की गंदी हरकत सामने आई है। कमिश्नरेट के दक्षिण जिले में सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस की जिला स्पेशल टीम ने मामले को वहीं पर रफा-दफा करने के लिए लाखों रुपए की डील कर डाली। लेकिन ऐन मौके पर स्थानीय पुलिस वहां जा धमकी और पूरे मामले का खुलासा हो गया। उसके बाद जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोजेफ ने डील करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। टीम के पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तीन कांस्टेबलों को सस्पेंड और दो को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

▪ तीन निलंबित, दो लाइन हाजिर



तीनों कांस्टेबल फरार

जानकारी के अनुसार इस मामले में डीएसटी के एएसआई नैनुलाल, हेड कांस्टेबल हरिओम, कांस्टेबल बुद्धराम जाट, राजेश चौधरी और ओमप्रकाश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कांस्टेबल राजेश चौधरी, बुद्धराम जाट और ओमप्रकाश मीणा को सस्पेंड कर दिया गया है। एएसआई नैनुलाल और हेड कांस्टेबल हरिओम को लाइन हाजिर किया गया है। केस दर्ज होने के बाद तीनों कांस्टेबल फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

पहले मांगे 50 लाख रुपए

पुलिसकर्मियों ने सटोरियों से लाखों की यह डीली शुक्रवार रात को थी। डीएसटी की टीम को सूचना मिली थी कि एक फ्लैट में दो सटोरिए आईपीएल मैचों पर सट्टा लगा रहे हैं। इस पर डीएसटी की टीम ने उनको पकड़ लिया। मोटी मुर्गियों को शिकंजे में फंसते देखकर पुलिसकर्मियों ने मामले को रफा-दफा करने सौदेबाजी करनी शुरू कर दी।

एक ही गौत्र की लड़की और लड़का कर बैठे मोहब्बत

▸▸ दुश्मन बना जमाना, लड़की वाले अड़े

▸▸ पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की फरियाद

चूरू। बीकानेर के लूणकरणसर की 21 साल लड़की को अपने ही सजातीय गौत्र के युवक से प्यार हो गया। लड़का भी गोत्र भूलकर लड़की के प्यार में डूब गया। अब दोनों की जिद है कि वे शादी करेंगे। लेकिन लड़की के परिवार के विरोध के कारण यह शादी नहीं हो पा रही है। लड़के के परिजन इस शादी के लिए तैयार हैं। लेकिन लड़की वालों ने इसके लिए साफ मना कर दिया है। अपने प्यार को मुक्कमल अंजाम तक पहुंचाने के लिए आखिरकार दोनों ने अपना घर छोड़ दिया। लेकिन इससे उनके सामने दूसरी समस्या आ खड़ी हुई। लड़की के परिवार वाले उनकी जान के दुश्मन बन गए। लूणकरणसर की मिताली सैनी को चूरू जिले के गांव दांदू निवासी शिवशंकर सैनी (29) से प्यार हो गया। सुरक्षा की मांग को लेकर चूरू एसपी ऑफिस पहुंची मिताली ने बताया कि वह बीए फाइनल की छात्रा है। वह शिवशंकर से शादी करना चाहती है। शिवशंकर खेती-बाड़ी का काम करता है। दोनों की जान-पहचान तीन साल पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी।

लड़की वालों का रिश्ते से इंकार

करीब 10 महीने पहले मिताली ने अपने घरवालों को बताया कि वह शिवशंकर से शादी करना चाहती है। घरवालों ने लड़के की पड़ताल की तो पता चला कि वह भी उनके ही गौत्र है। लिहाजा घरवालों ने इस शादी से इंकार कर दिया। दूसरी तरफ शिवशंकर के घरवाले इसके लिए तैयार हो गए। वे शिवशंकर का रिश्ता लेकर मिताली के घर भी गए लेकिन उन्होंने उनको धमकी देकर इस रिश्ते से मना कर दिया।

पांच अप्रैल को दोनों ने घर छोड़ा

करीब एक महीने पहले मिताली के घरवालों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह तय करने का लगभग पक्का मानस बना लिया था। उस समय मिताली रतनगढ़ अपने बुआ के घर पर थी। वह वहां एक महीने से रह रही थी। उसे जब पता चला कि उसका रिश्ता दूसरी जगह तय किया जा रहा है तो वह 5 अप्रैल को चॉकलेट लाने का बहाना बनाकर घर से निकल गई। फिर रतनगढ़ बस स्टैंड पहुंची। वहां तय प्लान के मुताबिक शिवशंकर अपनी बाइक लेकर पहले से तैयार खड़ा था। दोनों बाइक पर रतनगढ़ से सीकर आ गए और वहां एक होटल में रुके।

लड़की के घरवालों ने दी धमकी

मिताली के घर से लापता होने पर उसके परिजनों ने रतनगढ़ थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवा दी। उसके बाद मिताली के घरवाले शिवशंकर के घर भी गए। वहां उन्होंने उनको धमकी दी कि वे दोनों को जान से मार देंगे। इस धमकी के बाद मिताली और शिवशंकर को अपनी जान की चिंता लग गई। आखिरकार वे हिम्मत करके अब चूरू पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे। उन्होंने एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।